

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 हार्दिक ने नहीं किया बाहर, मजबूरी में इम्पैक्ट हश्वलेयर बने ... | अश्विन को डर, यह प्रवृत्ति खेल को एकतरफा ... 11


वर्ष : 11 | अंक : 350 | नई दिल्ली, रविवार, 05 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## प्रधानमंत्री ने दरभंगा में चुनावी सभा को किया संबोधित विपक्ष पर साधन निशाना

# पीएम मोदी ने तेजस्वी व राहुल पर बोला हमला : एक ने देश तो दूसरे ने बिहार को अपनी जागीर बनाया

प्रात : किरण/ डॉ नवीन कुमार




दरभंगा। दरभंगा ऐतिहासिक राजमैदान मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजा जनक, सीता मईया,विद्यापति,कामेश्वर सिंह कों याद करते हुये मैथिली मैं भीड़ कों अभिनंदन करते हुये चुनावी जनसभा कों सम्बोधित करते कहा कि भारत अब एक हजार साल का भविष्य लिखेगा। आज से हजार साल पहले जब पश्चिम से भारत पर हमले शुरू हुए थे तब किसी ने नहीं सोचा था कि भारत गुलामी में घिर जाएगा। जो बिहार देश को दिशा दिखाता था वो ऐसे संकटों से घिरा कि सबकुछ तबाह हो गया ।लेकिन भारत के भाग्य ने एक फिर करवट ली है। 21 वीं सदी में ये कालखंड ऐसा आया है जब भारत फिर से अपनी सारी बेड़ियां तोड़कर उठ खड़ा हुआ है।

आज भारत की दुनिया में जो साख है वो नई ऊंचाई पर है. आज भारत चांद पर पहुंच गया है। जहां कोई नहीं पहुंचा वहां भारत पहुंच गया है। दस साल पहले हम दुनिया की 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थे. सिर्फ दस साल में दुनिया की 5वें नंबर की अर्थ व्यवस्था बन चुके हैं. आपको कोरोना का समय याद होगा। सौ साल का इतना बड़ा संकट आया था. पूरी दुनिया सोचती थी कि भारत तो बर्बाद हो जाएगा. दुनिया भी बर्बाद करेगा. सब यही सोच रहे थे कि अब क्या होगा? लेकिन उस समय भारत ने दिखाया कि भारत का साथर्य क्या होता है।

भारत न सिर्फ उस संकट से निकला बल्कि दुनिया को भी राह दिखाई. इतने बड़े संकट में भी बिहार के लोगों के साथ इंडी गठबंधन की सरकारों ने जो कुछ किया उसे भुलाया नहीं जा सकता. इन लोगों ने बिहार के लोगों को उस संकट काल में वहां से साजिश करके भगा दिया. वापस भेज दिया था. मेरे बिहार के नौजवानों को, मेरी बिहार की बेटियों को दिल्ली से इंडी गठबंधन वालों ने भगाया था. मैं बिहार के नौजवानों से पूछना चाहता हूं कि जिन्होंने बिहार के साथ गठबंधन किया उन्हें आप माफ करेंगे क्या? बिहार के लोगों को बसों में बैठाया गया और बीच रास्ते में छोड़ दिया गया. आज वही लोग आपसे वोट मांगने आ रहे हैं. क्या आप इंडी गठबंधन का इतना बड़ा गुनाह माफ करेंगे क्या? मैने इस चुनाव में अगले 5 साल के लिए विकास का रोडमैप दिया है. मैने 25 साल का रोडमैप देश का रोड मैप रखा है। मगर हमने अतीत का भी ध्यान रखा है। जैसे एक शहजादे दिल्ली में हैं वैसे ही एक पटना में भी हैं। एक शहजादे ने देश को और दूसरे शहजादे ने बिहार को अपनी जागीर रखा है। याद कीजिए कैसे बिहार में अपहरण उद्योग चलता था. कैसे बड़े बड़े घोटाले से बिहार के खजाने को लूटा जाता था। कैसे शाम होते ही हमारी बहन बेटियां घर से निकलने में डरतीं थीं. कैसे नौकरी देने के पहले जमीन लिखवा ली जाती थी। आज नीतीश जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार के विकास में दिन रात काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने दरभंगा भाजपा प्रत्याशी गोपाल जी ठाकुर, मधुबनी भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार यादव, झंझारपुर जदयू प्रत्याशी रामप्रीत मंडल, लोजपा प्रत्याशी शाम्भवी कों विजयी बनाने का अपील किया ।सभा कों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री मंगल पाण्डेय, सांसद अश्विनी चौवे, सांसद गोपाल जी ठाकुर, सांसद अशोक यादव, मंत्री मदन सहनी, कार्यक्रम प्रभारी राणा रणधीर सिंह, दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी, बेनीपुर विधायक विनय कुमार चौधरी, केवटी विधायक मुरारी मोहन झा, हायघाट विधायक रामचंद्र प्रसाद, अलीनगर विधयक मिश्रीलाल यादव व विधायक, विधानपार्षद सुनील कुमार चौधरी आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राज्यसभा सदस्य धर्मशीला गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी ने किया।

## भाजपा को मिलने वाले धन का कोई हिसाब-किताब नहीं : राहुल

प्रात : किरण



पुणे,एजेंसी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार और आरक्षण जैसे प्रमुख मुद्दों पर कथित तौर पर लापरवाही बरतने और आम लोगों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर नहीं बोलने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। आज शाम यहां पुणे लोकसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेस महा विकास अघाड़ी के उम्मीदवार रवींद्र धांगेकर के लिए आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी भ्रष्टाचार को साफ करने की बात करते हैं, लेकिन भाजपा को मिलने वाले धन का कोई हिसाब-किताब नहीं है ।उन्होंने दावा किया, 'जिन लोगों पर मुकदमा चलाया गया, उन्होंने भाजपा को चुनावी बांड दिए। जिस कंपनी ने कोविड वैक्सीन का निर्माण किया, वह भाजपा को दान दे रही थी।' उन्होंने कहा, भले ही चुनावी बांड में भ्रष्टाचार हुआ हो, लेकिन मीडिया कुछ भी रिपोर्ट नहीं करता है।

## बिहार के पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने साधा एनडीए पर निशाना, 400 पार के दावे पर कसा तंज

मधेपुरा/एजेंसी। बिहार के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर ने एनडीए पर निशाना साधा है। मधेपुरा में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि ये सरकार न तो नौकरी पर बोल रही है, न तो महंगाई पर और न ही सीमा-सरहद पर बोलने की जहमत उठा रही है। उन्होंने एनडीए के 400 पार के आंकड़े के दावे पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हे 200 सीट भी नहीं मिलने जा रही है और बात 400 की करते हैं ।पूर्व सांसद पप्पू यादव द्वारा मधेपुरा में एनडीए प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव को समर्थन देने के सवाल पर उन्होंने कहा, "एनडीए से तो पप्पू यादव का पुराना रिश्ता है। पूर्णिया चुनाव में भी उन्होंने कहा था कि मुझे आरएसएस, बीजेपी सबका समर्थन प्राप्त है। लेकिन पप्पू यादव और उनके समर्थकों को यह बताना चाहता हूं कि जो स्वयं अपनी जमानत मधेपुरा में नहीं बचा सके, उनको कोसी की जनता खारिज कर देगी।"

## फसल बीमा का पैसा किसान के खाते में सीधे भेजेंगे : खडगे

प्रात : किरण



नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने किसानों से कहा है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान हित में जरूरी निर्णय लिए जाएंगे और फसल बीमा की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। खडगे ने कहा "किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा। कांग्रेस गारंटी देती है कि फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा।"किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम लिया जाएगा और किसनों के सभी दावों का निपटान 30 दिनों के भीतर किया जाएगा।"

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने फसल बीमा योजना को प्राइवेट बीमा कंपनी मुनाफा योजना बना दिया और 2016 से अब तक 57,619.32 करोड़ रुपये का मुनाफा चंद मुट्ठीभर बीमा कंपनियों को कमवाया। किसानों के दावों का समय पर भुगतान नहीं करने की सरकार की आलोचना करते उन्होंने कहा "सरकारी आँकड़ों के अनुसार, उदाहरण के तौर पर, रबी 2022-23 के दौरान करीब 6 करोड़ पंजीकृत किसानों में से केवल 7.8 लाख किसानों के दावों का भुगतान किया गया।

## मोदी सरकार ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया : जयराम रमेश

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि केंद्र पर झारखंड का कोयला रॉयल्टी और केंद्रीय योजना लाभ का लाखों करोड़ रुपये बकाया है तथा मोदी सरकार ने राज्य के साथ "सौतेला व्यवहार" किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने झारखंड के पलामू में प्रधानमंत्री की रैली से पहले उनसे सवाल पूछे। उन्होंने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ क्यों नहीं जारी कर रहे हैं? प्रधानमंत्री झारखंड के आठ लाख लोगों को घर देने के अपने वादे को पूरा क्यों नहीं कर रहे हैं? मंडल बांध का क्या हुआ? जयराम रमेश ने कहा कि झारखंड में, कोयला खदानें कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों द्वारा संचालित की जाती हैं जिन पर राज्य सरकार का भारी पैसा बकाया है। उन्होंने कहा, भूमि मुआवजे के 1,01,142 करोड़ रुपये, संयुक्त हित के तहत 32,000 करोड़ रुपये और धुले हुए कोयले की रॉयल्टी के 2,500 करोड़ रुपये का बकाया है।

## जिनको 15 साल मौका मिला वे परिवार को आगे बढ़ाने में ही लगे रहे : नीतीश कुमार

प्रात : किरण



पटना/मुंगेर,एजेंसी। बिहार में मुंगेर लोकसभा सीट से जदयू उम्मीदवार ललन सिंह के पक्ष में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जिनको 15 साल (लालू यादव) मौका मिला, उन्होंने कुछ काम नहीं किया और सिर्फ परिवार को ही आगे बढ़ाते रहे। मुंगेर लोकसभा सीट के राजग उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे नीतीश ने हवेली खड़गपुर के खंड बिहारी में राजद सुप्रीमो लालू यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को 15 साल मौका मिला वह बिहार में क्या काम किए, सबको मालूम है। शाम होने के बाद लोग घर बाहर नहीं निकल पाते थे। इनके शासनकाल में लोग डरे रहते थे। वर्ष 2005 के पहले क्या हाल था। सिर्फ प्रचार करते रहते थे। हम ही बनवाए थे। गड़बड़ करने लगे तो हम ही छोड़ दिए। लालू ने पत्न ी को सीएम बनाया। बाल-बच्चा को बनाया, परिवारवाद को बढ़ावा दिया। कांग्रेस भी परिवारवाद पर चल रही है।

सीएम ने कहा कि पहले बिहार में सबसे ज्यादा हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव होता रहता था और हमें जब मौका मिला तो बिहार के हित में सिर्फ काम किया जो सबके सामने है। हमने 2005 में सबसे पहले कानून का राज्य कायम किया। सभी जगहों पर हिंदू-मुस्लिम मामले को समाप्त कर मुस्लिम समुदाय के लिए सभी जगहों पर कब्रिस्तान का घेराबंदी किया, मदरसे के लिए भी काम किया। उनके हित में कई काम किए लेकिन ये लोग तो सिर्फ नाम पर वोट का इस्तेमाल किया।

अशोक महतो की पत्नी को मुंगेर लोकसभा सीट से राजद उम्मीदवार बनाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के लिए कोई ब्याह कर लिया और कोई जेल में रहे। ये सब कोई चुनाव लड़ेगा, इसका कोई मतलब है। आज बिहार में चारों तरफ विकास की रोशनी जगमगा रही है। चाहे वह पुल-पुलिया और सड़क मार्ग का मामला हो। सभी जगहों पर लगातार कार्य चल रहा है।

## पीएम मोदी झूठ बोलने की फैक्ट्री, मैन्युफैक्चरर, होलसेलर और डिस्ट्रीब्यूटर भी हैं : तेजस्वी

प्रात : किरण



गोपालगंज। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला है। शनिवार को गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र में महागठबंधन के वीआईपी प्रत्याशी प्रेमनाथ चंचल के नामांकन समारोह को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी जी ने भाइयों और बहनों के लिए कुछ नहीं किया'

राजद नेता ने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं भाइयों और बहनों। उन्होंने न भाइयों के लिए कुछ किया और न बहनों के लिए। किसानों को 15 लाख देने को बोले, क्या मिला? मैंने 17 महीने में पांच लाख नौकरी दी। साढ़े चार लाख नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा दिया। दीदी की रसोई शुरू कराया। तेजस्वी ने कहा कि गोपालगंज के महागठबंधन का उम्मीदवार युवा है। वोट देकर इनको जिताइए की दिल्ली जाकर गोपालगंज का विकास करें। पीएम ने जिंदगी भर झूठ ही बोला। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में इतना झूठ बोला है कि हम गिना नहीं सकते।

मोदी झूठ बोलने की फैक्ट्री हैं, मैन्युफैक्चरर हैं, होलसेलर हैं और डिस्ट्रीब्यूटर भी हैं। उन्होंने जिंदगी भर झूठ ही बोला है। अब सरकार बदलेगी, बिहार से ही परिवर्तन की लहर देश में चलेगी। उन्होंने सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा की ओर इशारा कर कहा कि भाजपा के दो उप मुख्यमंत्री हैं, लेकिन किसी काम के नहीं हैं। सिर्फ पगड़ी बांधना और समाज में नफरत फैलाना है।

**मेरे विधायक तोड़कर मुझे कमजोर किया गया:** वहीं, वीआईपी संरक्षक मुकेश साहनी ने अपने संबोधन में कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में चार सीटें जीती थी, लेकिन बीजेपी वालों ने विधायक तोड़कर मुझे कमजोर कर दिया।

मैंने शुरू से ही बहुत संघर्ष किया है। मेरे पिताजी मछली मारते थे, अगर एक दिन भी वह मछली नहीं मारते तो मेरे घर चूल्हा नहीं जलता था। मैंने 18 वर्ष की उम्र से ही मुंबई में जाकर संघर्ष किया तो आज यहां आपके सामने खड़ा हूं। मैंने अपने समाज के लिए बहुत आवाज उठाई है। बहुत कुछ करने को ठाना है, लेकिन एनडीए के लोग मुझको कुछ करने नहीं दे रहे थे। अब वक्त आ गया है, अपनी ताकत को दिखा देना है। महागठबंधन की सरकार बनाकर दिल्ली में अपना झंडा बुलंद करना है।

## अंग्रेजों की छोड़ी हुई बीमारी है कांग्रेस पार्टी: कंगना रनौत

प्रात : किरण



सुंदरनगर,एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी कंगना रनौत ने कांग्रेस पार्टी को अंग्रेजों की छोड़ी हुई बीमारी बताया है। कंगना रनौत ने शुक्रवार शाम को सुंदरनगर बाजार में रोड़ शो किया और अपने लिए वोट मांगने के साथ ही कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं पर तीखे जुबानी हमले बोले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अंग्रेजों की छोड़ी हुई बीमारी है और इससे हमारा देश कई दशकों तक ग्रसित रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जनादेश सरदार पटेल को मिला, लेकिन प्रधानामंत्री जवाहर लाल नेहरू को बना दिया गया।

उसके बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी और तानाशाही करके पूरे देश को कैद कर दिया। उसके बाद संजय गांधी ने लोगों की पकड़-पकड़ कर नसबंदी करवाई। फिर इटेलियन सोनिया गांधी इस देश पर अपना हाथ आजमाने आ गई। कांग्रेस पार्टी के इस परिवार वाद ने देश को दीमक की तरह खाया है। लेकिन 2014 में एक परिवर्तन हुआ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक नई दिशा दी।

कंगना ने राहुल गांधी, तेजस्वी सूर्या और अखिलेश यादव पर भी तीखे जुबानी हमले बोले। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का न कोई चरित्र है और न ही संस्कार। राहुल गांधी चांद पर आलू उगाने की बातें, तेजस्वी सूर्या गुंडागर्दी करके मछली को उछाल-उछाल कर खाते हैं और अखिलेश यादव उटपटांग बातें करते हैं। ये सभी बिगड़े शहजादे हैं। एक शहजादे हिमाचल में भी हैं जिन्हें देश में कोई जानता नहीं था, लेकिन मेरे खिलाफ अभद्र टिप्पणीयां करके आज उन्हें सुर्खियां मिल रही हैं। उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि मुझे पद्मश्री जैसा प्रतिष्ठित सम्मान मिला है। कंगना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महान चरित्र और विपक्षी दलों को कार्टून की संज्ञा भी दी।

**चुनाव**

### केन्द्रीय गृह मंत्री ने चुनावी सभा में आरक्षण और संविधान को लेकर कांग्रेस की ओर से किए जा रहे दावों को दिया झूठा करार

## कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी : शाह

प्रात : किरण



छोटाउदेपुर। केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को छोटाउदेपुर जिले के बोडेली में आयोजित चुनावी सभा में आरक्षण और संविधान को लेकर कांग्रेस की ओर से किए जा रहे दावों को झूठा करार देते हुए कहा कि केन्द्र में जब तक भाजपा सरकार है, आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है।

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने आदिवासी विकास के लिए केन्द्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों के अंदर करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाया है। बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि आदिवासियों की जितनी आबादी है, उन्हें बजट में उसी के अनुपात में हिस्सेदारी देना चाहिए। भारत का संविधान लागू होने के बाद सबसे पहले नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के बजट का 14 फीसदी आदिवासी जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। इनके जमाने में आदिवासी मंत्रालय भी नहीं था। अटल बिहारी की सरकार ने पहली बार 1999 में अलग आदिवासी विभाग का मंत्रालय बनाया।

कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति पर प्रहार करते हुए अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी तो उन्होंने 5 फीसदी आरक्षण मुसलमानों को दे दिया। इसका अर्थ हुआ कि ओबीसी समाज का 5 फीसदी आरक्षण छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि यह उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात है कि आरक्षण तो कांग्रेस छीन रही है और नाम भाजपा का दे रही है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बात का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि वे कहते हैं कि गुजरात और राजस्थान की जनता को कश्मीर से क्या लेना-देना है। शाह ने कहा कि गुजरात का एक-एक व्यक्ति कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। शाह ने कहा कि राहुल गांधी संसद में अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध करते थे और कहते थे कि इसे हटाने पर देश में खून की नदिया बह जाएंगी। शाह ने कहा कि यह कानून हट भी गया, इसके बावजून खून की नदियों की बात तो दूर किसी ने एक पत्थर भी फेंकने की हिम्मत नहीं की, यह भाजपा की ताकत है।

शाह ने कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है, अमेठी छोड़ कर वे रायबरेली गए हैं। दरअसल प्रॉब्लम सीट में नहीं है, बल्कि उनमें है। रायबरेली से राहुल प्रचंड बहुमत से हारेंगे, चाहे वे जहां भाग लें, जनता उन्हें खोज रही है। इससे पूर्व गृह मंत्री ने जयश्री राम के साथ सभा की शुरूआत की। भगवान स्वामीनारायण और हाफेश्वरबाबा को प्रणाम किया। उन्होंने छोटाउदेपुर से भाजपा उम्मीदवार जशुभाई राठवा को जिताने की अपील की।

## बंगाल राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप, पुलिस ने मामले को लेकर शुरू की जांच

प्रात : किरण

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के खिलाफ एक महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इसपर विवाद गहराता जा रहा है। मामले में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। इस बीच, पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

**जांच टीम का गठन:** कोलकाता पुलिस के सेंट्रल डिवीजन की डिप्टी कमिश्नर (डीसी) इंदिरा मुखर्जी ने कहा, 'राज्यपाल के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस मामले में एक जांच टीम का गठन किया गया है।

हम अगले कुछ दिनों में कुछ संभावित गवाहों से बात करेंगे। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के लिए अनुरोध किया गया है।'

**यह है मामला:** कोलकाता के राजभवन में एक संविदा कर्मचारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। उन्होंने गुरुवार की शाम कोलकाता के हरे स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उनका दावा है कि राज्यपाल ने उनके साथ दो बार छेड़खानी की। पहली बार 24 अप्रैल को फिर गुरुवार शाम को। महिला का आरोप है कि राज्यपाल ने उन्हें बायोडाटा के साथ राजभवन स्थित अपने चेंबर में आने को कहा था, जहां उनके साथ छेड़खानी की गई। उन्होंने पहले राजभवन में स्थित आउटपोस्ट में तैनात पुलिसकर्मियों से इसकी शिकायत की।

## संक्षिप्त खबरें

### मुर्मू हिमाचल के पांच दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंची

शिमला।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश की अपनी पांच दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचीं। मुर्मु वायुसेना के विशेष हेलीकॉप्टर से सुबह 10.35 बजे कल्याणी हेलीपैड पर उतरीं, जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने उनका स्वागत किया।वह यहां मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास में ठहरेंगी। उनकी सुरक्षा के मद्देनजर शिमला से रिट्रीट तक के पूरे मार्ग को संवेदनशील घोषित किया गया है। राष्ट्रपति 06 मई को धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। इसके दूसरे दिन 07 मई को वह शिमला के गेयटी हेरिटेज सांस्कृतिक परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी।

### अनियंत्रित वाहन पलटने से पांच लोगों की मौत

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में मसूरी मार्ग पर शनिवार सुबह एक अनियंत्रित वाहन के निचली सड़क पर गिर जाने से उसमें सवार चार युवकों और एक युवती की मौत हो गई जबकि एक युवती को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि मसूरी में झड़ीपानी रोड पर पानी वाले बैंड के पास एक वाहन ऊपर की सड़क से अनियंत्रित होकर नीचे की सड़क पर जा गिरा। वाहन में कुल छह युवक, युवती सवार थे। उन्होंने बताया कि तीन युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि एक युवक, युवती ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक अन्य युवती गंभीर अवस्था में उपचाराधीन है। ये सभी स्थानीय एक इंस्टिट्यूट के छात्र, छात्रा बताए गए हैं। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### फिर आग की चपेट में पर्यटन नगरी, 16 घंटे तक धधकते रहे नैनीताल के जंगल

नैनीताल। नैनीताल जिले में वनाग्नि के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। धारी के मटियाल, पदमपुरी और नैनीताल के खुपार्ताल, देवीधुरा के जंगल में आग से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। मटियाल के गोविंद गुणवंत ने बताया कि पदमपुरी में आग से बांज, चीड़, देवदार के पेड़ जल गए। मुक्तेश्वर, रामगढ़ और धानाचूली के जंगल में लगी आग को वन विभाग और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा लिया। वहीं बेतालघाट के कोसी रेंज के जंगल में लगी आग शुक्रवार दोपहर बाद बारगल के जंगल में फैल गई। जंगल में लगी आग देर शाम तक नहीं बुझ पाई थी। उधर, नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग पर खुपार्ताल क्षेत्र के जंगल में बृहस्पतिवार रात आठ बजे अराजक तत्व ने आग लगा दी।

### ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है: भारत

नई दिल्ली। भारत ने अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं होने की बात को रेखांकित करते हुए कहा है कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है ।फ्रांस के ल्योन में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो के प्रमुखों के हाल ही में संपन्न 19वें इंटरपोल सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद ने संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच साठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। सूद ने कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की और कहा कि ह्यअच्छे आतंकवाद, बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता।

# जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से मिले विजयवर्गीय, किया 400 पार सीटों का दावा

**हरिद्वार, एजेंसी।**
भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय से शुक्रवार को चर्चा के दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य ने दो बड़े सुझाव दे दिए।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से कनखल आश्रम में मिलने पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने आशीर्वाद लिया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य रखा है। इसे हासिल करने में कहीं भी कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में 2019 में कुल 29 सीटों में 28 भाजपा जीती थी। इस बार वहां शत-प्रतिशत जीत हासिल होगी।

जगद्गुरु आश्रम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कैलाश विजयवर्गीय ने चुनाव में स्थानीय मुद्दों के हावी होने के प्रश्न पर कहा कि कभी-कभी चुनाव में नगर निगम के मुद्दे भी अहम होते हैं। राष्ट्रीय मुद्दों को भुनाने में भाजपा की विफलता के सवाल पर उन्होंने कहा कि जिस प्रकार का वातावरण बन रहा है उससे भाजपा की लोकप्रियता और बढ़ी है। भाजपा केंद्र में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

सूरत और इंदौर में निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ होने पर उन्होंने कहा कि सूरत में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इंदौर में कुछ निर्दलीय मैदान में हैं फिलहाल वह भाजपा की जीत से पूरी तरह आश्वस्त हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में पहले से ज्यादा सीट मिलने का दावा किया। कहा कि पश्चिम बंगाल में माहौल बदल रहा है। परिवर्तन के लिए वहां की जनता मन बना चुकी है।

कैलाश विजय वर्गीय ने कहा कि देश के संत महापुरुषों से आशीर्वाद लेकर ही भाजपा चुनाव मैदान में है। संतों से आह्वान किया जा रहा है कि देश में सामान्य और सुशासन का माहौल कायम रखने की अपनी परंपरागत प्रक्रिया को सतत जारी रखें। इस



दौरान कर्नल अजय कोठियाल, स्वामी रविदेव शास्त्री समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय से शुक्रवार को चर्चा के दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य ने दो बड़े सुझाव दे दिए। उन्होंने न केवल राजनेताओं को नसीहत दी, बल्कि धर्माचार्यों से भी धर्म को प्रोफेशन नहीं बनाने की अपील की। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि जिसने देश के लिए समाज के लिए समर्पण के लिए काम शुरू किया वही सनातन धर्म और राजनीतिक दायित्व में समाहित है। इससे पुनरुत्थान के साथ-साथ अभ्युदय होगा। उन्होंने कहा कि जो हिंदूवादी मानसिकता है उसमें मंदिरों को सजाने संवारने के कारण आर्थिक साधनों को प्राप्त करने की धर्माचार्यों की लालसा बढ़ गई है। सनातन धर्म हिंदू धर्म ऋषियों का धर्म है, विलासियों का नहीं है।

इस धर्म में ऋषि परंपरा के संवाहक मनीषी अन्वेषक कर्ण, पिप्लादि, दधीची, विश्वामित्र, वशिष्ठ की ऐसी परंपरा रही है जिसने समाज के लिए सर्व समर्पण की बात कही है। उन्होंने कहा कि मेरा देश के धर्माचार्यों से आग्रह है कि आध्यात्मिक क्रांति के लिए अपने अनुयायियों से आग्रह करें, कि धर्म को प्रोफेशन नहीं मिशन मानकर कार्य करें। कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि नेता राजनीति को प्रोफेशन मान रहे हैं। वहीं धर्माचार्य भी आध्यात्म को प्रोफेशन मानकर काम कर रहे हैं।

हरिद्वार आए मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने श्री दक्षिण काली पहुंचकर मां काली की पूजा अर्चना की और निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज से आशीर्वाद लिया। स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने माता की चुनरी व नारियल भेंटकर तथा रूद्राक्ष की माला और शॉल ओढ़ाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी, बाल मुकुंदानंद ब्रह्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे उत्तराखंड के खिलाड़ी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** आबूधाबी (यूएई) में चार से नौ मई तक आयोजित यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप में उत्तराखंड के चार खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। इसमें रुद्रपुर के जय लोहनी, हल्द्वानी के युवराज सिंह खाती, रिद्धिमा नेगी और देहरादून के अश्मित मुंगरा शामिल हैं। जूझजित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के महासचिव ऋषिपाल भारती ने बताया कि सभी खिलाड़ी शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए हैं। प्रतियोगिता में एशिया से 24 देशों के 683 खिलाड़ी नेझवाजा, जुझजित्सू फाइटिंग, कॉन्टैक्ट, डू ओ शो इवेंट्स में प्रतिभाग करेंगे। इसमें ऊधमसिंह नगर के जय लोहनी अंडर 18 (48 किग्रा) की नेवाजा व जुझजित्सू फाइटिंग, नैनीताल की रिद्धिमा नेगी अंडर 18 (44 किग्रा) की नेवाजा व जुझजित्सू फाइटिंग व युवराज सिंह खाती 18 (48 किग्रा) की नेवाजा व जुझजित्सू फाइटिंग एवं देहरादून के अश्मित मुंगरा 18 (85 किग्रा) की नेवाजा व जुझजित्सू फाइटिंग स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखाएंगे। जय लोहनी को क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की, कमल सिंह, कृष्ण साना, ऋषिपाल भारती ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रसिका सिद्दीकी, विनय जोशी, सतीश जोशी,भारतभूषण चुघ आदि ने कहा कि खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगे।

### नोटिस का जवाब नहीं देने वाले चार स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**रुद्रपुर, एजेंसी।** बिना मान्यता से चल रहे निजी स्कूलों पर अब विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शिक्षा अधिकारी रुद्रपुर ने ऐसे चार विद्यालयों पर कार्रवाई के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा है। बीईओ रुद्रपुर मो. सावेद आलम ने बिना मान्यता संचालित ट्रांजिट कैंप के दो, ठाकुर नगर के दो सहित कुल पांच स्कूलों को नोटिस जारी किया था। इसमें स्कूल प्रबंधन को एक सप्ताह के अंदर सभी मानकों को पूरा करते हुए मान्यता लेने या फिर संचालन बंद करने के निर्देश दिए गए थे। ऐसा नहीं करने पर एक लाख रुपये आर्थिक दंड लगाने की चेतावनी दी गई थी। नोटिस जारी करने के बाद केवल एक स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन किया, जबकि चार स्कूलों ने कोई जवाब भी नहीं दिया। बीईओ ने बताया कि ट्रांजिट कैंप व ठाकुर नगर के दो-दो निजी स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा जा रहा है। सीईओ की तरफ से ही कार्रवाई की जाएगी।

### पानी की कमी बढ़ा रही वन्यजीव और मानव संघर्ष

**जसपुर, एजेंसी।** बढ़ती गर्मी के साथ मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। तपिश भरी गर्मी से मानव-जीवन सहित वन्यजीव भी बुरी तरह प्रभावित हैं। भूख और प्यास बुझाने के लिए वन्यप्राणी इधर-उधर भटक रहें हैं। वन्यजीव के बढ़ते हमलों से किसान व वनक्षेत्र की सीमावर्ती ग्रामीण अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वन विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद भी इस प्रकार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। शिकारी वन्यजीवों का आबादी की ओर मूवमेंट खतरे की घंटी हैं। वन विभाग प्रचुर मात्रा में पानी होने का दावा कर रहा हैं, जबकि तालाब खत्म हो गए हैं। एक दशक पूर्व तक गांवों के नजदीक खूब तालाब देखने को मिलते थे। समय के साथ यह सिर्फ राजस्व अभिलेखों तक सिमट कर रह गए हैं। स्थल को प्रभावित किया है। वन्यजीव विशेषज्ञ ज्ञानेश सरन खुशारिया कहते हैं कि तेंदुआ बेहद ही शर्मिला शिकारी हैं, जिसे छिपकर शिकार करने में महारथ हासिल हैं।

# भीमताल झील पर मंडरा रहा संकट, लगातार गिर रहा जलस्तर; सूखने के कगार पर पहुंचा...कारोबार प्रभावित

**नैनीताल, एजेंसी।** भीमताल झील के लगातार गिरते जलस्तर ने पर्यटन कारोबारियों को चिंता में डाल दिया है। झील की सुंदरता निहारने के लिए आने वाले सैलानी भी मायूस हो रहे हैं। जलस्तर कम होने से पर्यटन सीजन के प्रभावित होने की आशंका है।

पानी से लबालब रहने वाली भीमताल झील इस बार बारिश नहीं होने से सूखने लगी है। झील के लगातार गिरते जलस्तर ने पर्यटन कारोबारियों को चिंता में डाल दिया है।

झील की सुंदरता निहारने के लिए आने वाले सैलानी भी मायूस हो रहे हैं। गिरते जलस्तर से झील में जमा सिल्ट दिखने लगी है। इसी तरह नौकुचियाताल, सातताल झील का जलस्तर भी बीते सालों की तुलना में कम हुआ है। डांठ के स्थानीय पर्यटन कारोबारी पंकज उप्रेती, कौशल पांडे, गौतम मटियाली, अनवर उल्ला ने बताया कि इस बार जलस्तर कम होने से पर्यटन सीजन के प्रभावित होने की आशंका है।

विशेषज्ञों की ली जानी चाहिए मदद

किसान भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने से परेशान हैं वहीं नाव संचालकों का रोजगार प्रभावित हुआ है। कुछ लोगों का कहना है कि गर्मी में भी यह लबालब रहे इसके लिए विशेषज्ञों की मदद लेनी चाहिए। गाद भी एक वजह, जिसकी वजह से बारिश का पानी पूरी तरह स्टोर नहीं हो पाता है।



# फिर आग की चपेट में पर्यटन नगरी, 16 घंटे तक धधकते रहे नैनीताल के जंगल



नैनीताल , एजेंसी। जंगल में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। आग से बांज, चीड़, देवदार के पेड़ जल गए। जंगल में आग से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है।

नैनीताल जिले में वनाग्नि के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। धारी के मटियाल, पदमपुरी और नैनीताल के खुर्पाताल, देवीधुरा के जंगल में आग से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। मटियाल के गोविंद गुणवंत ने बताया कि पदमपुरी में आग से बांज, चीड़, देवदार के पेड़ जल गए। मुक्तेश्वर, रामगढ़ और धानाचूली के जंगल में लगी आग को वन विभाग और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा लिया। वहीं बेतालघाट के कोसी रेंज के जंगल में लगी आग शुक्रवार दोपहर बाद बारगल के जंगल में फैल गई। जंगल में लगी आग देर शाम तक नहीं बुझ पाई थी। उधर, नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग पर खुर्पाताल क्षेत्र के जंगल में बृहस्पतिवार रात आठ बजे अराजक तत्व ने आग लगा दी। खड़ी चट्टान होने के चलते आग पर काबू पाने में वन विभाग के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसी बीच आग आवासीय क्षेत्र के करीब पहुंची तो वन विभाग को दूसरे रेंज से टीम बुलनी पड़ी। मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो, वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊं वृत टीआर बीजू लाल भी आग बुझाने में जुटे गए। दोपहर दो बजे तक आग पर काबू पाया जा सका। डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि खुर्पाताल में आग बुझाने के लिए दो रेंज की टीम को जुटी रहीं। फॉरेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के 28 प्रशिक्षुओं ने भी सहयोग किया। वहीं, भीमताल, बेतालघाट, रामगढ़, मुक्तेश्वर और धानाचूली के जंगल जलने से फैली धुंध के कारण स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, शुक्रवार शाम करीब पौने नौ बजे देवीधुरा के सैड़ीखान तोक के एक घर के पास जंगल में ग्रामीण ने आग लगा दी। देखते ही देखते आग जंगल में फैल गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद देर रात टीम ने आग पर काबू पा लिया।

# मलिक के बगीचे में हुई जमीन की नापजोख, नगर निगम ने कराई नपत; 13 हजार वर्ग फुट पर काबिज हैं लोग

**नैनीताल , एजेंसी।** प्रशासन और नगर निगम की टीम ने मलिक के बगीचे में भूमि की नापजोख कराई। करीब 13 हजार वर्ग फुट पर लोग काबिज हैं। इस जमीन पर कब्जेदारों की संख्या समेत अन्य ब्योरा जुटाया जा रहा है।

प्रशासन और नगर निगम की टीम ने मलिक के बगीचे में भूमि की नापजोख कराई। करीब 13 हजार वर्ग फुट पर लोग काबिज हैं। इस जमीन पर कब्जेदारों की संख्या समेत अन्य ब्योरा जुटाया जा रहा है।

आठ फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक के बगीचा में नजूल की भूमि पर अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हमला हुआ था। इसमें पुलिस और नगर निगम के कर्मचारी घायल हुए थे। इसके अलावा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। बाद में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अतिक्रमण ध्वस्त किया था और देखरेख चौकी बनाई थी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने भूमि के बारे में नगर निगम और राजस्व विभाग से जानकारी मांगी थी। इसके बाद नगर निगम और राजस्व विभाग की टीम बगीचा की वस्तुस्थिति जानने के लिए जुटी है।

जानकारी के अनुसार, मलिक के बगीचा में नजूल की भूमि भी शाजिया नामक महिला को मिली। शाजिया ने लीज भूमि के अलावा आसपास की कुछ भूमि पर कथित तौर पर कब्जा किया। इसके बाद यह भूमि अब्दुल मलिक को मिली। अब्दुल मलिक ने कब्जा लेने के साथ दूसरों को भूमि बेचने समेत अन्य कार्य किए। लीज निरस्त होने के बाद भी कब्जेदारों ने भूमि को खाली नहीं किया था। कब्जेदारों के पास करीब 13 हजार वर्ग फुट भूमि है। इस भूमि पर कितने लोग काबिज हैं, उनकी संख्या समेत अन्य विवरण जुटाया जा रहा है।

# प्रवेश लेने के बाद 42 विद्यार्थियों ने नहीं देखा कॉलेज का मुंह

रुद्रपुर, एजेंसी। राजकीय आदर्श डिग्री कॉलेज किच्छा में वर्ष भर एक दिन भी कक्षा में उपस्थित न रहने वाले 42 छात्र परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। कॉलेज प्रशासन ने इसकी रिपोर्ट कुमाऊं विश्वविद्यालय को भेज दी है। इस मामले को लेकर शुक्रवार की दोपहर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने डिग्री कॉलेज में हंगामा कर दिया। सूचना पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला सहित पुलिस व प्रशासन भी पहुंचा। इस दौरान अगले वर्ष का फार्म भरने पर सहमति बनी।

यूजीसी के नियम के अनुसार छात्र की कम से कम 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है। इधर, कॉलेज प्रशासन ने जब जांच की तो पाया कि बीए द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के कुल 42 छात्र ऐसे हैं जिनकी एक भी दिन उपस्थिति नहीं है। इस पर कॉलेज प्रशासन ने विवि को इसकी रिपोर्ट भेज दी। ऐसे में छात्रों के परीक्षा से वंचित हो जाने को देखते हुए एनएसयूआई के कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे और प्राचार्य से निर्णय वापस लेने की मांग करने लगे। इसको लेकर दो घंटे तक दोनों पक्षों में बहसबाजी होती रही। इसबीच नारेबाजी करते हुए एनएसयूआई के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। सूचना पाकर पुलिस व तहसील प्रशासन भी पहुंच गया। दोनों पक्षों से वार्ता के बाद निर्णय लिया गया कि अगले कक्षा के लिए फार्म भरने दिया जाए। आगे जो विवि का निर्णय होगा देखा जाएगा। धरने में एनएसयूआई के जिला महासचिव नाजिश मंसूरी, जिलाध्यक्ष अंग्रेज सिंह, सम्मे खान, सूर्यकांत, अमित आदि शामिल रहे। यूजीसी के मानक के अनुसार छात्र की 75 फीसदी उपस्थिति जरूरी है।

# सड़क हादसे में छात्र की मौत, दूसरा घायल

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** बिनसर महादेव मंदिर से दर्शन कर लौटे बाइक सवार युवकों को टोटाम के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई जबकि दोस्त घायल हो गया। घायल युवक का बरेली स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा है।

रामनगर के गांव जस्सागांजा निवासी अभिनव (19 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार गांव के दोस्त सचिन (18 वर्ष) पुत्र अशोक चंद्र के साथ बाइक से भतरौंजखान के पास बिनसर महादेव मंदिर दर्शन करने गया था। बृहस्पतिवार शाम दर्शन करके दोनों बाइक से लौट रहे थे। इस बीच टोटाम के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद दोनों घंटों तक सड़क किनारे पड़े रहे। इसी बीच एक कार चालक दोनों को रामनगर अस्पताल पहुंचाया और दोनों के परिजनों को सूचित किया। इलाज के दौरान अभिनव की मौत हो गई जबकि सचिन को रेफर कर दिया गया। सचिन का बरेली स्थित राममूर्ति में इलाज चल रहा है, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया

# युवक के पेट में मारा चाकू, आंतें बाहर निकलीं

**रुद्रपुर, एजेंसी।** अटरिया मेले में हुए विवाद में एक युवक को चाकू से वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया।

बृहस्पतिवार की रात अटरिया मेले में जगतपुरा निवासी नंदू कोली (35) घूमने आया था। मेले से लौटते समय उसकी पहचान के ही रंपुरा निवासी कुछ लड़कों ने उस पर टिप्पणी कर दी। जिसको लेकर उनके बीच तकरार हो गई। आरोपियों ने नंदू की पिटाई शुरू कर दी। आरोप है कि एक युवक ने चाकू से नंदू के पेट पर कई वार कर दिए। जिसमें नंदू की आंतें बाहर निकल आई और वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। लोगों ने नंदू को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर, घायल युवक की मां कमला देवी की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। कमला देवी के अनुसार मेले में सतपाल के लड़के, उसका दोस्त अन्ना और तीन अज्ञात लोगों ने उसके पुत्र पर चाकुओं व धारदार हथियार से हमला किया है। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया गया है।

# मानसून काल में 1200 एमएम से अधिक बरसेगा पानी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** गर्मी तेज है और मानसून आने में अभी वक्त है, लेकिन मौसम विभाग के जानकारों के अनुसार इस बार मानूसन काल में बारिश ज्यादा रहने की संभावना बन रही है। अमूमन मानसून में 1200 एमएम पानी बरसता है लेकिन इस बार अधिक पानी बरसने के संकेत हैं। इधर, अगले चार-पांच दिन तक मैदानी इलाकों में तापमान सामान्य तो कहीं अधिक रहने के आसार हैं।

मानसून काल 10 से 15 जून के बीच शुरु हो जाता है। सबसे पहले केरल में दस्तक देने के बाद उत्तर भारत में मानसून 15 से 20 दिन में पहुंचता है। उत्तराखंड में भी 25 जून के बाद मानसून पहुंचने की संभावना है। पंतनगर कृषि विवि के मौसम जानकार डॉ. आरके सिंह ने बताया कि 28 जून से मानसून शुरु हो जाएगा और इस बार बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना दिखाई दे रही है। सालभर में 1500 एमएम बारिश हो जाती है जिसमें अकेले 1200 एमएम बारिश मानसून में होती है।

वहीं, देहरादून मौसम विभाग के जानकार डॉ. रोहित थपलियाल ने बताया कि इस समय सामान्य या कहीं सामान्य से अधिक तापमान रहने की भी संभावना है। हर जिले का अलग-अलग सामान्य तापमान होता है। बताया कि हीट वेव जैसी संभावना अभी नहीं है। हालांकि पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

शुक्रवार दिन भर धुंध छायी रहने से अन्य दिनों की अपेक्षा गर्मी भी कम रही और तापमान में एक डिग्री की कमी देखने को मिली। अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम 13.1 डिग्री और मुक्तेश्वर का 26.3 और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम जानकार डॉ. आरके सिंह ने बताया कि बारिश नहीं हुई और जमीन सूखी है। इस समय हवाएं चल रही हैं जिससे धूल उड़कर धुंध का रूप ले रही है।

# झाड़ी कटान, कल्वर्ट सफाई की रिपोर्ट देंगे एसडीएम

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
डीएम वंदना ने शुक्रवार को पसोली-ओखलढूगा-हैड़ाखान-स्यूड़ा-साननी-खन्स्यू -पतलोट-अघौड़ा-मिडार मार्ग का निरीक्षण किया। डीएम ने मानसून से पहले लोनिवि को झाड़ी कटान, नालियों की सफाई के निर्देश दिए। सभी एसडीएम अपने क्षेत्रों में झाड़ी कटान, नाली, कल्वर्ट, कॉजवे सफ़ाई का निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे।

शुक्रवार को पनियाबोर में ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि दो गधेरों के जल प्रवाह से भू-कटाव हो रहा है, जिससे भूस्खलन का खतरा है। ऐसे में गांव का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। डीएम ने भूवैज्ञानिक और सिंचाई विभाग को संयुक्त रूप से गधेरे व क्षेत्र का सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्या के निदान के लिए दीर्घकालिक योजना बनाने को कहा। ओखलढूंगा में ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में एक फार्मासिस्ट की तैनाती है, जो दो बजे तक उपलब्ध रहते है। बरसात में मार्ग बंद हो जाने से आपात



समय में क्षेत्रवासियों को उपचार के लिए हल्द्वानी जाना पड़ता है। जिलाधिकारी ने सीएमओ को मानसून सीजन में ओखलढूंगा स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं बढ़ाने को कहा। हैड़ाखान मार्ग बंद होने पर लोग रौशिल और विजयपुर-पहाड़पानी मार्ग का उपयोग करते है। इन मार्गों के सुधारीकरण का आकलन तैयार करने के निर्देश लोनिवि के अधिशासी अभियंता को दिए।

काठगोदाम-हैड़ाखान मोटर मार्ग पर पसौली के पास निरीक्षण के दौरान डीएम ने क्षतिग्रस्त मार्ग के सुधारीकरण के लिए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को पूर्व में भेजे गये प्रस्ताव के संबंध में लोनिवि को डीएफओ के साथ संयुक्त रूप से सर्वे कर पुनः संशोधित प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। बीते दिनों डालकन्या में कार दुर्घटना में 10 लोगों की मौत पर जिलाधिकारी ने कहा कि उन परिवारों को हर सम्भव आर्थिक सहायता दी जायेगी। प्रभावित परिवार के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने की बात कही, जिस पर दो परिवारों ने बकरी पालन एवं मछली पालन पर सहमति दी।

# मैदान में बढ़ा तापमान तो पहाड़ चढ़े लोग, कौसानी में पर्यटकों की आमद बढ़ी, कर रहे पिंडारी ग्लेशियर का रुख

**बागेश्वर, एजेंसी।**
महानगरों में तापमान बढ़ने से सैलानियों का रुख अब पहाड़ की ओर है। हालांकि जंगलों के जलने की वजह से धुंध का असर है, मगर मौसम में मैदान जितनी तपिश नहीं है। इसीलिए कम तापमान वाले इलाके पर्यटकों की पसंद हैं।

कौसानी में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। साहसिक यात्रा के शौकीन इससे आगे पिंडारी ग्लेशियर का रुख कर रहे हैं। पिंडारी का ट्रैक इतना बेहतर है कि इस मौसम में सबसे ज्यादा सैलानी इसी ग्लेशियर को देखने के लिए उमड़ते हैं। कपकोट से हिम श्रृंखलाओं के दीदार शुरू हो जाते हैं।

कौसानी भी हिमालय दर्शन कराता है। इस समय धुंध की वजह से हिमालय के दीदार करने की तमन्ना भले अधूरी हो, मगर तापमान सुबह-शाम सुकून दे रहा है।

गुजरात, महाराष्ट्र बंगाल, दिल्ली के सैलानियों की आमद अधिक है। कौसानी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मिनी स्विटजरलैंड कहा था। बापू की प्रवास स्थली अनासक्ति आश्रम, लक्ष्मी आश्रम, पंत संग्राहलय, चाय बागान, बैजनाथ झील की यादें यहां से पर्यटक ले जाते हैं।

15 अप्रैल से ग्लेशियरों की साहसिक यात्रा शुरू हो गई है। अब तक 11 दल पिंडारी से लौट आए हैं। कौसानी, बागनाथ, बैजनाथ समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर पर्यटक पहुंचने लगे हैं। होटल, होम स्टे संचालक, पोर्टरों के चेहरे खिल उठे हैं।

# पूर्वी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने किया नामांकन, उमड़ा भारी जन सैलाब

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पूर्वी दिल्ली लोकसभा की समान्य सीट से आम आदमी पार्टी-इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने शनिवार को गाजे-बाजे के साथ नामांकन किया। कुलदीप कुमार की नामांकन यात्रा में भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री आतिशी और विधायक दिलीप पांडे समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कुलदीप कुमार ने अपने माता-पिता, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया का आशीर्वाद लिया। इसके बाद बाबा साहब डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नामांकन के लिए निकले। नामांकन के बाद सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा की समान्य सीट से दलित समाज से आने वाले कुलदीप कुमार को चुनाव लड़वा कर लोकतंत्र के अंदर बड़ा उदाहरण पेश किया है। वहीं, कुलदीप कुमार ने कहा कि इस तानाशाह सरकार को हराकर, हम सबको बाबा साहब के सपनों का भारत बनाना है। पूर्वी दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के नेताओं की गिरफ्तारी का जवाब अपने वोट से देगी। भाजपा दिल्ली की सातों सीटें हारेगी, देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी- संजय सिंह

सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोकतंत्र के अंदर एक बहुत बड़ा उदाहरण पेश किया है। अरविंद केजरीवाल ने बाबा साहब के संविधान के प्रति अपनी आस्था जताते हुए पूर्वी दिल्ली लोकसभा की समान्य सीट से एक वंचित दलित समाज से आने वाले कुलदीप कुमार को चुनाव लड़ाया है। आज जिस तरह से भाजपा बाबा साहब के संविधान, आरक्षण, लोकतंत्र और चुनाव को खत्म करने की कोशिश कर रही है, एक निर्वाचित मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया है। यह सही समय है कि जनता जेल का जवाब वोट से देगी और भाजपा की दिल्ली की सातों सीटों पर करारी हार होगी और इंडिया गठबंधन जीतेगा। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन को 300 से ज्यादा सीटें आएंगी।

संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश के लोगों से जो वादा किया है, वो पूरा करेंगे। दिल्ली में अभी 200 यूनिट बिजली सबको फ्री मिलती है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद पूरे देश के लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। 18 साल से अधिक उम्र की माताओं-बहनों को एक हजार रुपए दिया जाएगा। युवाओं को जब तक रोजगार नहीं मिलता है, तब तक उनको एक हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। किसानों को प्रतिमाह एक हजार रुपए दिए जाएंगे और उनको स्वामीनाथ आयोग की सिफारिशों के आधार पर एमएसपी का कानून लागू किया जाएगा। सांसद संजय सिंह ने राहुल गांधी को रायबरेली से नामांकन दाखिल करने पर बधाई देते हुए कहा कि राहुल गांधी बड़े अंतर से चुनाव जीतेंगे। उत्तर प्रदेश में भी इंडिया गठबंधन की सीटें आएंगी। अखिलेश यादव और राहुल गांधी की पार्टी उत्तर प्रदेश में चुनाव जीतेगी। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में चुनाव नहीं लड़ रही है, लेकिन हमारे कार्यकर्ता भी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं, उनका सहयोग कर रहे हैं।

जन सैलाब देखकर साफ है कुलदीप कुमार सांसद बनने वाले हैं- आतिशी वहीं, कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि जितनी बड़ी संख्या में पूर्वी दिल्ली के लोग निकलकर आए हैं, उससे साफ दिख रहा है कि कुलदीप कुमार इस बार पूर्वी दिल्ली के सांसद बनने वाले हैं। दिल्ली के लोगों ने मन बना लिया है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जवाब अपने वोट से देंगे। भाजपा ने चुनाव में विपक्ष की आवाज को खत्म करने की पूरी कोशिश की- दिलीप पांडे

विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि बीजेपी की पूरी कोशिश रही कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष की आवाज को खत्म किया जाए। इसलिए बीजेपी झारखंड में देश के इकलौते आदिवासी सीएम को बेबुनियाद आरोपल लगाकर गिरफ्तार कर लिया, कांग्रेस का अकाउंट फ्रीज किया, दिल्ली में इंडिया गठबंधन के सबसे ताकतवर सहयोगी और देश के सबसे लोकप्रीय सीएम अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया। अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके बीजेपी को लगा कि आम आदमी पार्टी और उसका प्रचार खत्म हो जाएगा। लेकिन आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया द्वारा दिए गए हिम्मत और हौंसले के साथ खुद अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया बनकर उनकी लड़ाई को आगे लेकर बढ़ रहा है। बीजेपी चाहती थी कि विपक्ष को खत्म करके चुनाव जीत जाएं। बीजेपी जिन चीजों के खिलाफ रही, अब देश एकजुट होकर उन चीजों के साथ है। बीजेपी 2 करोड़ प्रति वर्ष नौकरियों के खिलाफ रही, महंगाई को रोकने के खिलाफ रही। बीजेपी देश की एकता और बाबा साहब अंबेडकर के लिखे संविधान के खिलाफ रही। बीजेपी लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है, इसलिए देश और दिल्ली की जनता अब बीजेपी की तानाशाही, गुंडागर्दी और जेल का जवाब अपने वोट से देगी। दिल्ली के लोग जेल का जवाब वोट देकर भाजपा की तानाशाही का अंत करेंगे- कुलदीप कुमार नामांकन के उपरांत कुलदीप कुमार ने कहा कि उन तानाशाहों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने के लिउए यह लोग शहीद-ए-आजम भगत सिंह की पीली पगड़ी और बाबा साहब की नीली पट्टी बांध कर लोग निकले हैं। जो तानाशाह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने का काम करते हैं। हमने पूर्व शिक्षा मंत्री की विधानसभा क्षेत्र से रोड शो शुरू करके संदेश देने का काम किया है कि भाजपा कितनी भी ताकत लगा ले

# चांदनी चौक से कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल ने किया नामांकन, बीजेपी के प्रवीण खंडेलवाल से मुकाबला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल ने अपना नामांकन दाखिल किया। शनिवार को ही आम आदमी पार्टी के भी तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इनमें कुलदीप कुमार, सोमनाथ भारती और महाबल मिश्रा शामिल हैं। प्रदेश कांग्रेस में सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहे जयप्रकाश अग्रवाल 8वीं बार चांदनी चौक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह सीट वे तीन बार जीते हैं, जबकि चार बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा दो बार उत्तर-पूर्व दिल्ली से भी चुनाव लड़कर एक बार जीत हासिल की। उनके सामने भाजपा ने इस सीट से प्रवीण खंडेलवाल को अपना उम्मीदवार बनाया है। प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। उनके समर्थन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल एवं वर्तमान सांसद डा. हर्षवर्धन मौजूद रहे थे। खंडेलवाल ने अपने प्रस्तावकों के साथ अलीपुर चुनाव कार्यालय जा कर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

आम आदमी पार्टी के भी तीन उम्मीदवारों ने शनिवार को अपना नामांकन दाखिल किया। पश्चिमी दिल्ली से आप उम्मीदवार महाबल मिश्रा ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा है कि कोई चुनौती नहीं है। गरीबों के लिए काम करने वाले अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने को लेकर लोगों में बहुत गुस्सा है। वे जानते हैं कि उन्हें जेल में डाल दिया गया है क्योंकि उन्होंने बिजली, पानी मुफ्त कर दिया है। मोहल्ला क्लिनिक दिया है। अस्पतालों में मुफ्त इलाज हो रहा है, महिलाओं को मुफ्त परिवहन दिया गया। इंडिया गठबंधन सत्ता में आएगा। यह 2009 के चुनाव जैसा लग रहा है। एनडीए ने 6 सांसदों को टिकट नहीं दिया, पार्टी स्वीकार कर रही है कि उन्होंने वहां काम नहीं किया। अरविंद केजरीवाल के प्रति सहानुभूति है, अगर वह जेल से बाहर आ जाएं तो अच्छा होगा।

संजय सिंह ने कहा, आज पश्चिमी दिल्ली से आप उम्मीदवार महाबल मिश्रा ने पार्टी कार्यकताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। लोग कह रहे हैं जेल का जवाब वोट से। 400 पार एक नकली नारा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में ह्य200 पार का नारा दिया था, उन्हें 73 मिले। दिल्ली में ह्य45 पार कहा था, 8 सीटें मिलीं और मिजोरम में उन्होंने 21 पार कहा था, उन्हें 1 सीट मिली। उन्हें कुल मिलाकर 150 से अधिक सीटें नहीं मिलेंगी।

नई दिल्ली से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कहा, मैं इस विश्वास के साथ निर्वाचन क्षेत्र में काम कर रहा हूं कि सार्वजनिक सेवा भगवान की सेवा करने के समान है। इसी मानसिकता के साथ, पिछले नौ वर्षों में मुझे यहां से बहुत प्यार और स्नेह मिला है। यही कारण है कि पार्टी ने मुझे टिकट दिया और अब, जब लोग मुझे सांसद चुनकर अपना आशीर्वाद देंगे, तो मैं उनके लिए और भी अधिक कुशलता से काम करूंगा।

# पूर्वी दिल्ली से इंडिया समूह के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने किया नामांकन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी-इंडिया समूह के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने शनिवार को नामांकन किया। आप नेता कुलदीप कुमार ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नामांकन यात्रा निकाली जिसमें भारी जन सैलाब उमड़ा। आप के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा की सामान्य सीट से दलित समाज से आने वाले कुलदीप कुमार को चुनाव लड़वा कर लोकतंत्र के अंदर बड़ा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा बाबा साहब के संविधान, आरक्षण, लोकतंत्र और चुनाव को खत्म करने की कोशिश कर रही है। यह सही समय है कि जनता जेल का जवाब वोट से देगी और भाजपा की दिल्ली की सातों सीटों पर करारी हार होगी और इंडिया समूह जीतेगा। इंडिया समूह को 300 से ज्यादा सीटें आएंगी।

श्री सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश के लोगों से जो वादा किया है, वो पूरा करेंगे। दिल्ली में अभी 200 यूनिट बिजली सबको मुफ़्त मिलती है। इंडिया समूह की सरकार बनने के बाद पूरे देश के लोगों को 200 यूनिट बिजली मुफ़्त मिलेगी। 18 साल से अधिक उम्र की माताओं-बहनों को एक हजार रुपए दिया जाएगा। युवाओं को जब तक रोजगार नहीं मिलता है, तब तक उनको एक हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। किसानों को प्रतिमाह एक हजार रुपए दिए जाएंगे और उनको स्वामीनाथ आयोग की सिफारिशों के आधार पर एमएसपी का कानून लगू किया जाएगा।

उन्होंने राहुल गांधी को रायबरेली से नामांकन दाखिल करने पर बधाई देते हुए कहा कि वह बड़े अंतर से चुनाव जीतेंगे। उत्तर प्रदेश में भी इंडिया समूह की सीटें आएंगी। कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि जितनी बड़ी संख्या में पूर्वी दिल्ली के लोग निकलकर आए हैं, उससे साफ दिख रहा है कि कुलदीप कुमार इस बार पूर्वी दिल्ली के सांसद बनने वाले हैं। दिल्ली के लोगों ने मन बना लिया है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जवाब अपने वोट से देंगे।

विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा की पूरी कोशिश रही कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष की आवाज को खत्म किया जाए। भाजपा ने देश के इकलौते आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत शोरेन को बेबुनियाद आरोप लगाकर गिरफ्तार कर लिया, कांग्रेस का अकाउंट फ्रीज किया, देश के सबसे लोकप्रीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया। अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके भाजपा को लगा कि आम आदमी पार्टी और उसका प्रचार खत्म हो जाएगा। भाजपा चाहती थी कि विपक्ष को खत्म करके चुनाव जीत जाएं। देश और दिल्ली की जनता अब बीजेपी की तानाशाही, गुंडागर्दी और जेल का जवाब अपने वोट से देगी।

# अमित शाह फर्जी वीडियो मामला : दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप जोड़े

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के फर्जी वीडियो के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप भी जोड़े गए हैं। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले अरुण बीरेड्डी सोशल मीडिया मंच एक्स पर स्पिरिट ऑफ कांग्रेस नाम के खाते को संभालते हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस की यह पहली गिरफ्तारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हमने प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) जोड़ी है क्योंकि जांच से एक बड़ी साजिश का संकेत मिला है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक बीरेड्डी कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं। बीरेड्डी पर उन लोगों में शामिल होने का आरोप है जिन्होंने सोशल मीडिया पर अमित शाह का कथित फर्जी वीडियो अपलोड किया और इसे पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ साझा भी किया।

बीरेड्डी को गिरफ्तार करने के बाद उसे शुक्रवार रात यहां एक अदालत में पेश किया गया और अदालत ने उसे पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा आगे की पूछताछ के लिए तीन दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि बीरेड्डी से पूछताछ शुरू हो गई है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने शाह के फर्जी वीडियो को लेकर इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) की शिकायत पर रविवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। दिल्ली पुलिस ने इस सिलसिले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर उकसाना), 153ए (धर्म, नस्ल, जन्म स्थान, निवास, आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना), 465 (जालसाजी), 469 (किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए जालसाजी) और 171जी (चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के इरादे से गलत बयान प्रकाशित करना) के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66सी के तहत मामला दर्ज किया है।

# अरविंदर सिंह लवली समेत कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल



नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली समेत कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेता शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में अरविंदर सिंह लवली ने पूर्व मंत्री राज कुमार चौहान, पूर्व विधायक नसीब सिंह और नीरज बसोया, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक के साथ भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि पार्टी के बैनर तले और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के लिए लड़ने का मौका दिया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि देश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बन रही है। आने वाले दिनों में दिल्ली में भी भाजपा का परचम लहराएगा।

# मधुबन चौक पर पहला हेलमेट बैंक खुला



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी में सड़क हादसों को रोकने के लिए पहला हेलमेट बैंक पीतमपुरा के मधुबन चौक पर खोला गया। यह दिल्ली पुलिस के हवलदार संदीप शाही ने बनाया है। कोई भी शख्स अपना पहचान पत्र दिखाकर 24 घंटे के लिए आईएसआई मार्क वाला हेलमेट ले सकता है। यह बैंक सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुलेगा। जानकारी के अनुसार, राजधानी में सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौत दुपहिया सवार एवं राहगीरों की होती है। इसका एक बड़ा कारण हेलमेट नहीं होना या निम्न स्तर का हेलमेट पहनना होता है, बीते वर्ष 1457 लोगों की मौत हुई थी। नागरिकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए हवलदार संदीप शाही की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। देशभर में अब तक वह 2400 से ज्यादा हेलमेट लोगों को मुफ्त वितरित कर चुके हैं।

इसके साथ ही एक अनोखी पहल करते हुए उन्होंने मधुबन चौक पर पहला हेलमेट बैंक खोला है। इस दौरान उन्होंने बताया कि बस-मेट्रो से सफर करने वाले यात्री उतरने के बाद कई बार दुपहिया पर अपने किसी साथी के साथ बिना हेलमेट सफर करते हैं। एक तरफ इससे उन्हें चालान का डर रहता है तो दूसरी ओर सड़क हादसे में जान जाने का भी खतरा रहता है। ऐसे लोग उनके हेलमेट बैंक से पहचान पत्र दिखाकर 24 घंटे के लिए हेलमेट ले सकते हैं।

# पश्चिमी दिल्ली से इंडिया समूह के प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने भरा नामांकन



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. 29 अप्रैल से शुरू हुई ये प्रक्रिया 6 मई तक चलेगी. इस दौरान पार्टी के उम्मीदवार रोड शो निकाल कर अपना नामांकन कर रहे हैं. इन रोड शो के जरिए प्रत्याशी जनता से मिल रहा समर्थन भी दिखाना चाहते हैं. इसी कड़ी में शनिवार को आम आदमी पार्टी के 3 उम्मीदवारों ने नामांकन करने से पहले रोड शो निकाला. इनमें पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार, पश्चिमी दिल्ली से महाबल मिश्रा और नई दिल्ली से सोमनाथ भारती ने अपना रोड शो निकाला. पश्चिमी दिल्ली से आप और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महाबल मिश्रा भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेकर नामांकन के लिए निकले. उन्होंने कहा कि भगवान के आशीर्वाद से आने वाले चुनावों में इंडिया गठबंधन देश को तानाशाही से मुक्ति दिलाएगा. नामांकन दफ्तर जाने से पहले रघुबीर नगर के घोड़े वाले मंदिर से नामांकन रैली की शुरूआत हुई जिसमें कार्यकताओं की भारी भीड़ दिख रही थी. इस रैली में जहां गाड़ी के ऊपर प्रत्याशी महाबल मिश्रा के साथ-साथ राज्यसभा सांसद संजय सिंह और दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत उनके साथ थे उनके अलावा वेस्ट दिल्ली के कई सारे विधायक और कांग्रेसी नेता भी उस गाड़ी पर सवार थे.

उनकी गाड़ी के आगे और पीछे गाड़ियों का काफिला था साथ ही हाथ में झंडा लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता नारे लगाते हुए रैली में शामिल हो रहे थे और नामांकन दफ्तर के लिए निकल रहे थे इस रैली की एक खास बात यह थी कि काफी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता भी हाथ में कांग्रेस का झंडा लिए और नारे लगाते हुए शामिल हुए. जिस तरह से चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन हुआ है वेस्ट दिल्ली में यह पहला मौका है जब किसी रैली में आम आदमी पार्टी के कई नेता और काफी संख्या में कार्यकर्ता कांग्रेस का झंडा लिए शामिल हुए और यह जताने की कोशिश की जा रही है कि आप पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन ठीक-ठाक चल रहा है क्योंकि पिछले दिनों दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफा के बाद यह चर्चा जोर पकड़ने लगी थी की दिल्ली में लोकसभा चुनाव में अब कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता आप की रैली, जनसभा में कम ही देखेंगे या नहीं दिखेंगे. लेकिन इस रैली में एकजुटता दिखाने की कोशिश की गई है. वेस्ट दिल्ली में मुख्य तौर पर मुकाबला इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार महाबल मिश्रा और बीजेपी उम्मीदवार कमलजीत सेहरावत के बीच है नामांकन के बाद चुनाव प्रचार के लिए मैदान में मंत्री बड़े-बड़े नेता और सेलिब्रिटी का उतरना शुरू हो जाएगा.

# नई दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती के नामांकन में जनता ने लिया जेल का जवाब वोट से देने का संकल्प

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने शनिवार को भारी जन समर्थन के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। उनकी नामांकन यात्रा में बड़ी संख्या में लोकतंत्र और संविधान से प्यार करने वाले लोगों ने हिस्सा लिया। हाथ में आप का झंडा और सिर पर टोपी लगाए लोगों ने जेल का जवाब वोट से देने का संकल्प लिया। घर के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर नामांकन के लिए निकले सोमनाथ भारती के साथ आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत कई विधायक व पार्षद भी मौजूद रहे। इस दौरान गोपाल राय ने कहा कि नई दिल्ली से 10 साल तक सांसद और केंद्रीय मंत्री रहीं भाजपा की सांसद ने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया है। इन्होंने दिल्ली की जनता के लिए काम कर रहे सीएम अरविंद केजरीवाल को भी जेल में डाल दिया है, इससे जनता में भाजपा के खिाफ भारी आक्रोश है। लोग अपने वोट से जवाब देने के लिए 25 मई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

पूरे देश में भाजपा की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठा रही है- गोपाल राय आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठा रही है। नई दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने नामांकन किया। पूरे दिल्ली के अंदर लोग दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। पहला, नई दिल्ली लोकसभा के लोगों ने भाजपा को वोट देकर 10 साल तक सांसद बनाया। यहां से जीत कर भाजपा की सांसद केंद्रीय मंत्री भी बनी, लेकिन 10 साल में नई दिल्ली के लोगों के लिए कुछ काम नहीं किया। लोगों में भारी नाराजगी है। दूसरा, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जनता के काम कर रहे थे, इन लोगों ने उनको भी उठाकर जेल में डाल दिया। इसलिए नई दिल्ली के अंदर लोगों में डबल आक्रोश है। लोगों का एक ही नारा तानाशाही हटाओ-काम करने वाला सांसद बनाओ का है।

गोपाल राय ने कहा कि सोमनाथ भारती ने मालवीय नगर में लगातार तीन बार विधायक चुने गए और लोगों के लिए काम किया। आज पूरी नई दिल्ली की जनता ऐसे ही जन प्रतिनिधि को पसंद कर रही है। दिल्ली की जनता भाजपा की तानाशाही का जवाब अपने वोट से देने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही है। हमारी शुभकामनाएं सोमनाथ भारती के साथ है कि वो सफलता पूर्वक इस चुनाव को लड़ें और जीते। जैसे केजरीवाल सरकार काम करती है, वैसे ही सोमनाथ भारती केजरीवाल का सांसद बनकर दिल्ली के लोगों के लिए काम करें और इस तानाशाही के खिलाफ आवाज बनें।

आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज नई दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी एवं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती ने नामांकन दाखिल किया। सोमनाथ भारती के साथ लोकसभा क्षेत्र में आने वाली सभी विधानसभाओं के आप के प्रत्याशी और दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत सभी पार्षद उनको शुभकामनाएं देने आए थे। इंडिया गठबंधन दिल्ली की सातों सीटों को बहुत ही बड़े अंतराल से जीतेगा और भाजपा सारी सीटें हारेगी। दिल्लीवाले अपने वोट से भाजपा को बताएंगे कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से कितने आक्रोशित है- सोमनाथ भारती सोमनाथ भारती ने कहा कि इस बार का चुनाव अलग चुनाव है। इस बार का चुनाव सीधे-सीधे लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। इस बार के चुनाव में और कोई दूसरी राय नहीं है। 10 साल पुरानी भाजपा की सरकार ने देश को हर स्तर पर कमजोर करने का काम किया है। चाहे हम लोकतंत्र के मसले को देख लें, संविधान को देख लें। इन्होंने लोकतंत्र को तार-तार किया है। तीन बार के चुने हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बिना सबूत के रात के अंधेरे में गिरफ्तार करके ले गए। यह देश की जनता देख रही है कि किस प्रकार से देश में तानाशाही चरम सीमा पर है। आज हर तरफ एक ही बात है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जनता अपने वोट से जवाब देगी। हम अहिंसावादी और गांधीवादी लोग हैं। गांधीवादी अपनी बारी का इंतजार करता है। हम गोड्सेवादी नहीं हैं, भाजपा गोड्सेवादी है। इसलिए भाजपा वाले हिंसा का सहारा लेते हैं। हम अहिंसक लोग हैं, हम जनता के वोट का साथ लेंगे। दिल्ली की जनता वोट के माध्यम से बताएगी कि वो अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से कितनी आक्रोशित और गुस्से में है।

# महाबल मिश्रा, जयप्रकाश अग्रवाल, कुलदीप कुमार और सोमनाथ भारती ने नामांकन किया

नई दिल्ली। दिल्ली में लोकसभा की चार सीटों के लिए शनिवार को आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार, नई दिल्ली से सोमनाथ भारती, पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस के महाबल मिश्रा और चांदनी चौक संसदीय सीट से जय प्रकाश अग्रवाल ने पर्चा भरा।

नामांकन से पहले सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में समर्थकों के साथ रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत और कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पश्चिमी दिल्ली से आम आदमी पार्टी और आई.एन.डी.आई.ए. के उम्मीदवार महाबल मिश्रा ने पत्रकारों से कहा कि दिल्ली का एक-एक नागरिक अरविंद केजरीवाल है। इस बार लोगों ने आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के उम्मीदवारों को विजयी बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता में अरविंद केजरीवाल की साजिशन गिरफ्तारी के खिलाफ रोष है, क्योंकि केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को तमाम सुविधाएं दीं। केंद्र सरकार ने उन्हें जेल में बंद कर दिया। कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली की जनता शहीद-ए-आजम की पगड़ी बांधकर तानाशाही के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने निकली है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे कितनी भी ताकत लगा ले लेकिन पूर्वी दिल्ली की जनता मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ है और उनकी साजिशन गिरफ्तारी का जवाब अपने वोट से देगी।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए आई.एन.डी.आई.ए. समझौते के तहत आम आदमी पार्टी ने चार सीटों पर जबकि कांग्रेस ने तीन सीटों पर अपने संयुक्त उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 6 मई तक चलेगी। दिल्ली की सभी सात सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

# जोमैटो डिलीवरी ब्वाय की गला रेतकर हत्या

नई दिल्ली। नांगलोई इलाके में जोमैटो डिलीवरी ब्वाय की गला रेतकर हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को युवक का शव घर से बरामद किया। पुलिस ने हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक हत्या के कारण व आरोपी के बारे में पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय अमरजीत महतो नांगलोई के राव विहार स्थित अपने चाचा लक्ष्मण के मकान में दस साल से रहता था। बीते कुछ समय से वह जोमैटो में फूड डिलीवरी का काम करता था। अमरजीत की आठ माह पहले ही शादी हुई थी और पत्नी गांव में रहती है। वह दिन में कई बार पत्नी से फोन पर बात करता था, लेकिन शुक्रवार को उसने पत्नी से भी बात नहीं की तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने अपने जानकार शंकर को फोन कर पूरी जानकारी दी। जब शंकर शनिवार सुबह पहुंचा तो दरवाजा खुला था और घर में अमरजीत का गला रेता हुआ था। इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और क्राइम एवं फॉरेंसिक टीम ने मौके से सुबूत एकत्र किये। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अमरजीत के माता-पिता एवं पत्नी समस्तीपुर के बीर गांव में रहते हैं। उनके दिल्ली पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## आम आदमी पार्टी नई दिल्ली सीट से अपना प्रत्याशी बदल सकती है: भाजपा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह ने आज कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों की कैंपेन को आम जनता का समर्थन ना मिलने से इंडी गठबंधन पूरी तरह से परेशान है, इसलिए आम आदमी पार्टी नई दिल्ली से अपना प्रत्याशी बदलने वाली है। सुनीता केजरीवाल का नामांकन सोमवार को संभवतः कराया जा सकता है।

शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में आरपी सिंह ने कहा कि पिछले एक महीने की फीडबैक मिलने के बाद आम आदमी पार्टी को भी एहसास हो गया कि उनका कैंपेन एक ठंडे बस्ते वाला कैंपेन है और उनके ही समर्थक उनका साथ नहीं दे रहे हैं, इसलिए अब सोमनाथ की जगह आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को नई दिल्ली लोकसभा सीट से उतारने के लिए माहौल बना रही है। भाजपा नेता हरीश खुराना ने कहा कि दिल्ली के अंदर भाजपा की सातों सीटों पर जीत निश्चित है। कैंपेन की बात करें तो नई दिल्ली के अंदर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी ग्राउंड पर ना तो दिखाई दे रहे हैं और ना ही उनके समर्थन में आम जनता आ रही है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली से प्रत्याशी सोमनाथ भारती से दिल्ली की जनता आज पूछ रही है कि अगर आप की खुद की पत्नी आपके खिलाफ है तो फिर महिलाएं आपके शासन में कैसे सुरक्षित रहेंगी।

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 05 मई, 2024

## मोदी सरकार ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया : जयराम रमेश

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता





कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि केंद्र पर झारखंड का कोयला रॉयल्टी और केंद्रीय योजना लाभ का लाखों करोड़ रुपये बकाया है तथा मोदी सरकार ने राज्य के साथ सौतेला व्यवहार किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने झारखंड के पलामू में प्रधानमंत्री की रैली से पहले उनसे सवाल पूछे। उन्होंने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ क्यों नहीं जारी कर रहे हैं? प्रधानमंत्री झारखंड के आठ लाख लोगों को घर देने के अपने वादे को पूरा क्यों नहीं कर रहे हैं? मंडल बांध का क्या हुआ? जयराम रमेश ने कहा कि झारखंड में, कोयला खदानें कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों द्वारा संचालित की जाती हैं जिन पर राज्य सरकार का भारी पैसा बकाया है। उन्होंने कहा, भूमि मुआवजे के 1,01,142 करोड़ रुपये, संयुक्त हित के तहत 32,000 करोड़ रुपये और धुले हुए कोयले की रॉयल्टी के 2,500 करोड़ रुपये का बकाया है। हालांकि विपक्ष शासित राज्यों में भाजपा के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

जयराम रमेश ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र को झारखंड में आठ लाख पात्र लाभार्थियों को आवास देना बाकी है। उन्होंने कहा, 2021-2022 में, योजना के पोर्टल पर 10 लाख से अधिक लाभार्थियों की सूची होने के बावजूद, केवल 4 लाख घरों को ही मंजूरी दी गई। हाल ही में, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा लगभग दो लाख लाभार्थियों को मनमाने ढंग से सूची से हटा दिया गया था। वे आठ लाख घर कहां हैं जिनके झारखंड के लोग हकदार हैं? कांग्रेस महासचिव ने कहा, पलामू में मंडल बांध परियोजना एक और चुनावी वादा है जिसे चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी भूल गए। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री ने बड़ी धूमधाम से इस परियोजना का शिलान्यास किया था। जयराम रमेश ने लिखा, पांच साल बाद भी यह परियोजना रुकी हुई है। झारखंड और बिहार में कृषि संकट को दूर करने के लिए संकल्पित यह परियोजना वर्षों से लटकी हुई है। सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है, जबकि राज्य को हाल के वर्षों में लगातार सूखे का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि बांध का काम इसलिए बाधित हो गया है, क्योंकि भाजपा ने विस्थापित परिवारों की मांगों को पूरा करने से इनकार कर दिया है और मुआवजे की समस्या को हल करने में विफल रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, अतिरिक्त मुआवजे के वादे के बावजूद, परियोजना निष्क्रिय पड़ी हुई है। ऐसी स्थिति में महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने पूछा, क्या प्रधानमंत्री यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ कर रहे हैं कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगे बढ़ाया जाए? झारखंड को सूखे से निजात दिलाने के लिए उनके पास क्या विजन है? जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से इन मुद्दों पर चुप्पी तोड़ने के लिए कहा।

## भाजपा जीती तो कर देगी आरक्षण खत्म:आप

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने कहा कि यह अंतिम चुनाव है और अगर गलती से भाजपा जीत गई तो बाबा साहब का संविधान बदलकर आरक्षण छीन लेगी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के कालकाजी और बदरपुर विधानसभा में जेल का जवाब वोट से अभियान के तहत संकल्प सभा में आज कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आपके घर का बिजली-पानी, स्कूल-अस्पताल का बिल शून्य करने का काम किया इसलिए इस बार आप भाजपा को दिल्ली में जीरो शून्य देने काम करें। अगर गलती से भी भाजपा वाले जीत गए, तो यह आपकी वोट की ताकत, बाबा साहब का संविधान और आरक्षण छीन लेगी। भाजपा वाले आपके लिए केवल श्मशान बना सकते हैं, जबकि केजरीवाल स्कूल-अस्पताल बनाकर आपको तरक्की दे सकते हैं। श्री सिंह ने कहा कि इस बार जब वोट देने निकलें तो घर का सिलेंडर देखकर निकलें। घरेलू गैस सिलेंडर 2014 में 400 का था, अब 1200 का है। आप ऐसे प्रत्याशी को जिताएं जो आपके साथ किसी भी वक्त खड़ा रह सके। दक्षिण दिल्ली के प्रत्याशी सहीराम पहलवान आपके लिए हमेशा खड़े मिलेंगे, आपके लिए संसद में लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह अंतिम चुनाव है। अगर गलती से भाजपा वाले जीत गए तो यह आपकी वोट की ताकत छीन लेंगे, बाबा साहब का संविधान और आरक्षण छीन लेंगे। गरीबों का हक छीन लिया जाएगा। भाजपा के कई प्रत्याशी और नेता खुलेआम कह रहे हैं कि 400 सीट दे दो, हमें संविधान खत्म करना है। जो लोग संविधान को मिटाना चाहते हैं, देश की जनता उनको मिटा देगी, लेकिन अपने संविधान पर आंच नहीं आने देगी। प्रधानमंत्री ने हर साल 2 करोड़ रोजगार देने की गारंटी देकर देश के युवाओं को मूर्ख बनाने का काम किया। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि 2014 के चुनाव में देश भर के लोगों ने बहुत उम्मीद से भाजपा को अपना वोट दिया। लोगों को लगा कि शायद उनकी जिंदगी में सुधार आएगा, उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी, महंगाई कम होगी लेकिन भाजपा ने कुछ नहीं किया। 2019 में दोबारा जनता ने भाजपा को इस उम्मीद से वोट दिया कि शायद अब अपने वादे पूरे करें लेकिन भाजपा की सरकार को 10 साल बीत गए और उनकी सारी बातें जुमला साबित हुई। आम लोगों की जिंदगी में कोई बदलाव नहीं आया।

## वैदिक ज्योतिष संस्थान में लेखक ब्रह्मेन्द्र झा का मना जन्म दिवस

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



हिन्दी एवं मैथिली के लेखक एवं दशकों तक पत्रकारिता से जुड़े रहे ब्रह्मेन्द्र झा के जन्मदिन पर कई लोगों ने बधाई दी। नोएडा सेक्टर 27 स्थित वैदिक ज्योतिष संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में श्री झा को आध्यात्मिक गुरु एवं प्रसिद्ध ज्योतिषी आचार्य रामावतार मिश्र ने स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान समय में समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने तथा नैतिक शिक्षा पर जोर दिया। श्री मिश्र ने बताया कि अध्यात्म मानव जीवन को शांति प्रदान करता है। आध्यात्मिक गुरु अविनाश कुमार गंगेले ने कहा कि वर्तमान समय पूरा विश्व सनातन को स्वीकार कर रहा है। हर भारत वासी का दायित्व है कि सनातन को समृद्ध करने में अपना योगदान दें। समाजसेवी प्रेम शंकर चौधरी ने श्री झा जी को बधाई दी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं बिहार विधान परिषद के सदस्य संजय मयूख ने श्री झा को बधाई देते हुए स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। नोएडा सेक्टर 15 स्थित श्री शनिधाम में अध्यक्ष मानसिंह चौहान ने भी श्री झा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए साहित्यिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में सक्रियता की कामना की।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने किया काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन

- 1300 युवाओं और प्रशिक्षकों ने लिया हिस्सा
- दिल्ली समेत पांच राज्यों के लोगों ने किया योग

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्लीः मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निमंत्रण पत्र के आलोक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के 51 दिनों के काउंटडाउन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने 1 मई 2024 को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय युवा परिसर सह राष्ट्रीय युवा साहसिक संस्थान, गदपुरी, हरियाणा में योग का एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान जैसे पड़ोसी राज्यों से 1300 से अधिक युवाओं और उनके प्रशिक्षकों की भागीदारी रही। 1 मई 2024 को सुबह 6.15 बजे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स प्रार्थना और ध्वज समारोह के साथ कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। कार्यक्रम की संचालक श्रीमती सुरेखा श्रीवास्तव, उप.निदेशक गाइड्स (बालिका कार्यक्रम)-कार्यक्रम प्रभारी ने सभा का स्वागत किया. श्री अमर बी. छेत्री, संयुक्त निदेशक (कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण) ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स में योग की पहल के बारे में बताया और युवाओं को बेहतर स्वस्थ जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

योग कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना एवं सामान्य योग प्रोटोकॉल के पालन से हुई। कार्यक्रम में 10 से 60 वर्ष की आयु के 1300 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। योग विशेषज्ञ और बीएसजी के वरिष्ठ प्रशिक्षक डॉ. बी. इस्लाम, योग विशेषज्ञ सुश्री कौसर और योग प्रशिक्षक सुश्री प्रियंका ने योग प्रोटोकॉल के साथ कार्यक्रम का नेतृत्व किया। आयुष मंत्रालय के सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न आसन, प्राणायाम और अभ्यास आयोजित किए गए। सदस्यों ने अपनी ऊर्जा बढ़ाने के लिए सूक्ष्म योगाभ्यास का भी आनंद लिया। स्काउट्स (बॉय प्रोग्राम) के उपनिदेशक अरूप सरकार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि योग कार्यक्रम के बाद, प्रतिभागियों ने ड्राइंग, पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बीएसजी सोशल मीडिया चैनल के माध्यम से किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी, बल्लभगढ़ श्री. अशोक कुमार ने प्रतिभागियों से मुलाकात की और आशीर्वाद दिया। डॉ. के.के. खंडेलवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, और डॉ. राज कुमार कौशिक, निदेशक, बीएसजी ने इस कार्यक्रम में भाग लेने और सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को बधाई दी।

## घोषित बदमाश ठंडा पानी की हत्या में पांच गिरफ्तार

- मयूर विहार थाने का घोषित अपराधी व 20-21 आपराधिक मामलों में संलिप्त था बदमाश

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



पूर्वी जिला एसआईटी ने शनिवार को घोषित बदमाश अशोक उर्फ ठंडा पानी की हत्या में शामिल पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान त्रिलोकपुरी निवासी अनुज उर्फ अन्नू, पवन उर्फ विकास, अभिनव राज, संदीप घवारी और मुकेश कुमार के रूप में हुई। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल खून से सना डंडा व पाइप, कार, मृतक के कपड़े व घड़ी, मोबाइल फोन इत्यादि बरामद हुए हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। बदमाश ठंडा पानी मयूर विहार थाने का घोषित अपराधी था और उसके खिलाफ दिल्ली के विभिन्न थानों में 20 से 21 मामले दर्ज थे।

पुलिस के अनुसार, ठंडा पानी इलाके में दबदबा बनाए रखने के लिए स्थानीय लड़कों के साथ मारपीट व बदसुलूकी करता था। इसके साथ ही वह लड़कों से जूते चटवाने, नाक रगड़वाने, मुर्गा बनाकर पीटने जैसी बदसुलूकी का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी करता था। इससे आरोपियों समेत इलाके के कई लड़के उससे नाराज रहते थे। उसने 17 अप्रैल को भी त्रिलोकपुरी ब्लॉक 29 और 31 के कुछ निवासियों के साथ गाली-गलौज का एक वीडियो बनाकर पोस्ट की थी। इसमें आरोपी मुकेश का भाई भी शामिल था। इसके बाद उसी दिन शाम को ठंडा पानी की हत्या कर दी गई। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि 17 अप्रैल को अशोक उर्फ ठंडा पानी के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में घायल हालत में भर्ती होने की सूचना मिली थी। उसके शरीर पर चाकू से कई वार किए गए थे। उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मामला दर्ज कर पुलिस की एक एसआईटी ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर खंगाली। इससे पुलिस ने कई संदिग्धों की पहचान करने के साथ ही पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि अनुज व पवन ने नीरज टैंक, विक्की, आशू के साथ मिलकर अशोक उर्फ ठंडा पानी को संजय झील के पास से अगवा किया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई करने के साथ ही चाकू से हमला किया और कल्याणपुरी स्थित चांद सिनेमा के पास उसे फेंक दिया। इसके बाद वहां मौजूद रिक्शा चालक को 500 रुपये देकर उसे अस्पताल ले जाने को कहा।

# भाजपा की सरकार ने हर स्तर पर देश को कमजोर किया : सोमनाथ भारती

नई दिल्ली। इंडिया समूह से नई दिल्ली लोकसभा के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कहा कि इस बार का चुनाव सीधे-सीधे लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है क्योंकि 10 साल पुरानी भाजपा की सरकार ने देश को हर स्तर पर कमजोर करने का काम किया है।

नई दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने शनिवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान श्री भारती ने कहा कि इस बार का चुनाव अलग चुनाव है। इस बार का चुनाव सीधे-सीधे लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। 10 साल पुरानी भाजपा की सरकार ने देश को हर स्तर पर कमजोर करने का काम किया है। चाहे हम लोकतंत्र के मसले को देख लें, संविधान को देख लें। इन्होंने लोकतंत्र को तार-तार किया है। तीन बार के चुने हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बिना सबूत के रात के अंधेरे में गिरफ्तार करके ले गए। यह देश की जनता देख रही है कि किस प्रकार से देश में तानाशाही चरम सीमा पर है। आज हर तरफ एक ही बात है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जनता अपने वोट से जवाब देगी।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पूरे देश में जनता भाजपा की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठा रही है। पूरे दिल्ली के अंदर लोग दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। पहला, नई दिल्ली लोकसभा के लोगों ने भाजपा को वोट देकर 10 साल तक सांसद बनाया। यहां से जीत कर भाजपा की सांसद केंद्रीय मंत्री भी बनी, लेकिन 10 साल में नई दिल्ली के लोगों के लिए कुछ काम नहीं किया। लोगों में भारी नाराजगी है। दूसरा, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जनता के काम कर रहे थे, इन लोगों ने उनको भी उठाकर जेल में डाल दिया। लोगों का एक ही नारा तानाशाही हटाओ-काम करने वाला सांसद बनाओ का है। श्री राय ने कहा कि सोमनाथ भारती ने मालवीय नगर में लगातार तीन बार विधायक चुने गए और लोगों के लिए काम किया। आज पूरी नई दिल्ली की जनता ऐसे ही जन प्रतिनिधि को पसंद कर रही है। दिल्ली की जनता भाजपा की तानाशाही का जवाब अपने वोट से देने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही है। आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सोमनाथ भारती के साथ लोकसभा क्षेत्र में आने वाली सभी विधानसभाओं के आप के प्रत्याशी और दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत सभी पार्षद उनको शुभकामनाएं देने आए थे। इंडिया समूह दिल्ली की सातों सीटों को बहुत ही बड़े अंतराल से जीतेगा और भाजपा सारी सीटें हारेगी।

## हेरोइन तस्करी के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पदार्फाश, 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हेरोइन तस्करी के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का शनिवार को पदार्फाश किया। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार करते हुए इनके पास से 7.688 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 38.44 करोड़ रुपये कीमत बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक हेरोइन विदेश से लाई गई थी। एक्स रे मशीन से बचने के लिए आरोपियों ने सेलो टेप और कार्बन पेपर में रखकर इसे बैग में छिपाया था। गिरफ्तार आरोपियों में नाइजीरिया निवासी ब्लेसिंग ओपरा, डेविड किगोजी उर्फ टोबेना लाजरस और उबा नवाची ओजीजी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह के बारे में मार्च, 2024 के पहले सप्ताह में पता चला था कि ये दिल्ली-एनसीआर में नशीले पदार्थों (हेरोइन) की आपूर्ति में लिप्त हैं। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने जांच शुरू की। टीम ने गिरोह पर करीब 2 महीने तक नजर रखी। इसके बाद द्वारका मोड़ पर छापेमारी कर पुलिस ने पहले ब्लेसिंग ओपरा को एक ट्रॉली बैग के साथ पकड़ा। ट्रॉली बैग में 3.298 किग्रा हेरोइन बरामद हुई। फिर इसकी निशानदेही पर जनकपुरी पश्चिम मेट्रो स्टेशन के पास छापेमारी कर डेविड किगोजी को भी तीन पैकेट के साथ पकड़ा। इसके बाद जनकपुरी में छापेमारी कर उबा नवाची ओजिजी को 904 ग्राम अच्छी गुणवत्ता वाली हेरोइन के साथ दबोचा।

## कनॉट प्लेस में लावारिस बैग मिलने से हड़कंप, जांच में कुछ कपड़े मिले

नई दिल्ली। दिल्ली के दिल कनॉट प्लेस में शनिवार दोपहर एक लावारिस बैग में बम होने की आशंका के बाद हड़कंप मच गया। कॉल मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस, बम और डॉग स्क्वॉड, फायर विभाग व आपदा प्रबंधन सहित अन्य एजेंसियां पहुंची। आसपास के इलाके को खाली कराकर बैग की जांच की गई तो उसमें कुछ पुराने कपड़े मिले। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों व आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के मुताबिक कंट्रोल रूम में दोपहर करीब 2. 41 बजे एक कॉल मिली कि एम व एन ब्लॉक के बीच में रेड लाइट के समीप एक लावारिस बैग पड़ा है। कॉलर ने उसमें बम होने की आशंका जताई। बैग फुटपाथ पर रखा था। जांच के दौरान उसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। आशंका है कि कनॉट प्लेस इलाके में आया कोई शख्स फुटपाथ पर ही अपना बैग भूल गया होगा। हालांकि, बैग में मिले कुछ दस्तावेज के आधार पर पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बैग किसका है। दिल्ली के स्कूलों में धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद लोग बेहद सतर्क हो गए हैं। कुछ भी संदिग्ध मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित कर रहे हैं। इस बारे में पूर्व पुलिस अधिकारी अशोक चांद ने बताया कि जब एक-दो बड़ी घटना या कॉल हो जाती है तो लोग सतर्क हो जाते हैं और ऐसी कॉल करने लगते हैं। यह ठीक भी है। लोगों की सतर्कता से बड़ी घटना टाली जा सकती है।

## दुष्कर्म के बाद पीड़िता की पिटाई से हुआ गर्भपात

नई दिल्ली। बुराड़ी थाना क्षेत्र में 23 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की पिटाई के बाद गर्भपात का मामला सामने आया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ गुरुवार को एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पीड़िता निजी कंपनी में कार्यरत है। पीड़िता के मुताबिक बीते साल सोशल मीडिया पर उसकी मुलाकात हितेश सिंह से हुई और दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। इस बीच वह गर्भवती हो गई। आरोप है कि इसकी जानकारी मिलने पर युवक ने पीड़िता को बुरी तरह पीटा और इसकी वजह से गर्भपात हो गया। पीड़िता ने बताया कि उसने आरोपी के परिजनों को रिश्ते के बारे में बताया तो उन्होंने भी जान से मारने की धमकी दी।

## जेबकतरों से परेशान व्यापारियों ने बाजार बंद करने की चेतावनी दी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

सदर बाजार में लगातार बढ़ रही जेब काटने की घटनाओं से दुकानदार परेशान हैं। पान मंडी में आयोजित एक बैठक में व्यापारियों ने पुलिस अधिकारियों और फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के इस मुद्दे को उठाया। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर इन बेलगाम जेबकतरों पर अंकुश नहीं लगा तो वह बाजार बंद कर विरोध करेंगे। एसोसिएशन चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर वह पुलिस के उच्चाधिकारियों से वार्ता करेंगे। जेबकतरे कभी भी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं, वह व्यापारियों को डराते और धमकाते रहते हैं। इससे सदर बाजार के व्यापार पर भी बुरा असर पड़ रहा है और ग्राहक यहां आने से डरने लगे हैं। इस दौरान फेडरेशन के पदाधिकारियों ने दुकानदारों को दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे व साउंड सिस्टम लगवाने की सलाह दी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र में गश्त बढ़ाए जाने की भी मांग की। बैठक में फेडरेशन के उपाध्यक्ष दीपक मित्तल, महासचिव कमल कुमार, व्यापारी भारत बराड़ा, बृजमोहन बंसल, हरिकिशन, अजय जैन, नरेंद्र सिंह, जगमोहन बंसल, इंद्रपाल सिंह समेत अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

# पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने भरा नामांकन, काम के दम पर जीत का भरोसा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के आप प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने गाजे-बाजे के साथ शनिवार को नामांकन दाखिल किया। उन्होंने पूर्व में सांसद रहते किए अपने काम की बदौलत जीत का भरोसा जताया। इससे पहले उन्होंने भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया और नामांकन जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समर्थकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह और कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत समेत विधायक व नेता मौजूद रहे। संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को मोदी जी की तानाशाह सरकार ने जेल में डाल दिया है। इससे दिल्ली के लोगों में काफी गुस्सा है। आज पूरी दिल्ली में एक ही बात हो रही है कि जिसने शिक्षा-स्वास्थ्य, बिजली-पानी, बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराई, उसे जेल में डालने वाले को वोट से जवाब देंगे। वहीं, महाबल मिश्रा ने कहा कि मैंने 2009 से दिल्ली में जो काम किया है, लोग उसे याद आज भी याद करते हैं। भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से आने वाले चुनाव में इंडिया गठबंधन देश को तानाशाही से मुक्ति दिलाएगा।

पूरी दिल्ली में केवल ह्यजेल का जवाब वोट से का नारा गूंज रहा है- संजय सिंह सांसद संजय सिंह ने कहा कि पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से महाबल मिश्रा ने आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के रूप में अपना नामांकन किया है। पश्चिमी दिल्ली के लोग मिलकर महाबल मिश्रा को जिताएंगे। इस समय दिल्ली में केवल ह्यजेल का जवाब वोट से का नारा गूंज रहा है। दिल्ली के लाल अरविंद केजरीवाल को मोदी की तानाशाह सरकार ने जेल में डाला है, उससे लोगों में काफी गुस्सा और प्रतिक्रिया है। दिल्ली के लोग एक ही बात कह रहे हैं कि जिसने हमारे बच्चे को अच्छी शिक्षा, अच्छा इलाज दिया, बिजली, पानी की फ्री सुविधा दी, बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराई, जिसने हमारी सेवा की उसको जेल में डाला गया है। दिल्ली के लोग जेल का जवाब वोट से देंगे।

उन्होंने कहा कि बीजेपी का 400 पार एक फर्जी नारा है। इन्होंने बंगाल में 200 पार कहा था, लेकिन 73 सीटें आईं, दिल्ली में 45 पार कहा था, लेकिन 8 सीटें आईं और मिजोरम में 21 पार कहा था लेकिन केवल 1 सीट आई। बीजेपी की 150 से ज्यादा सीटें नहीं आ रही हैं। इंडिया गठबंधन की 300 से ज्यादा सीटें आएंगी। आम आदमी पार्टी का एक-एक विधायक, पार्षद और हर बूथ का कार्यकर्ता इस बार मिलकर महाबल मिश्रा को जिताकर संसद के अंदर पहुंचाएगा। दिल्ली के लोग बीजेपी की गुंडागर्दी, मोदी जी की तानाशाही और हमारे नेता अरविंद केजरीवाल के जेल के खिलाफ अपना वोट देगा। महाबल मिश्रा सबसे अनुभवी प्रत्याशी हैं, बतौर सांसद बहुत अच्छा काम किए हैं- कैलाश गहलोत कैलाश गहलोत ने कहा कि पूरी दिल्ली में इंडिया गठबंधन को लेकर जनता में बहुत बढ़िया माहौल है। आम आदमी पार्टी ने पश्चिमी दिल्ली की जनता को महाबल मिश्रा के रूप में बहुत अच्छा प्रत्याशी दिया है। महाबल मिश्रा पूरी दिल्ली में सबसे ज्यादा अनुभवी प्रत्याशी हैं। सांसद के तौर पर इन्होंने पहले भी बहुत काम किया। मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार बदलाव होगा और दिल्ली में आम आदमी पार्टी सारी सीटें जीतेगी।

अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी से दिल्ली के लोगों में भारी रोष है- महाबल मिश्रा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने कहा कि इस बार मुझे कोई चुनौती नहीं दिखाई दे रहा है। अरविंद केजरीवाल की नाजायज गिरफ्तारी से लोगों के मन में रोष है। क्योंकि वो गरीब की मदद करते हैं। अरविंद केजरीवाल की गारंटी हर घर में दिखाई देती है। उन्होंने लोगों को फ्री बिजली पानी की सुविधा दी। दिल्ली में स्वाथ्य और शिक्षा को बेहतर किया। मौहल्ला क्लीनिक बनवाए। आज दिल्ली के अस्पतालों में एमआरआई और सीटी स्कैन जैसे महंगे टेस्ट मुफ्त में होते हैं। उन्होंने बुजुर्गों के तीर्थयात्रा योजना चलाई। महिलाओं और फ्री बस यात्रा की सुविधा दी। अब महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए भी मिलेगा। वहीं, मोदीजी कि गारंटी जुमले के अलावा कुछ नहीं है। मैं आम आदमी पार्टी और केजरीवाल के काम के आधार पर वोट मांग रहा हूं। इंडिया गठबंधन ने मुझे अपना उम्मीदवार चुना है। इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। मैं जीतकर जनता के हितों की रक्षा करूंगा। महाबल मिश्रा ने कहा कि यह चुनाव 2009 के चुनाव की तरह दिखाई दे रहा है। लोगों में इस बार इंडिया गठबंधन तो जिताने का जज्बा है।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती के नामांकन में जनता ने लिया जेल का जवाब वोट से देने का संकल्प

- घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर नामांकन करने निकले सोमनाथ भारती के साथ उनकी धर्मपत्नी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



नई दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने शनिवार को भारी जन समर्थन के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। उनकी नामांकन यात्रा में बड़ी संख्या में लोकतंत्र और संविधान से प्यार करने वाले लोगों ने हिस्सा लिया। हाथ में आप का झंडा और सिर पर टोपी लगाए लोगों ने जेल का जवाब वोट से देने का संकल्प लिया। घर के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर नामांकन के लिए निकले सोमनाथ भारती के साथ उनकी पत्नी, दोनों बच्चे, आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत कई विधायक व पार्षद भी मौजूद रहे। इस दौरान गोपाल राय ने कहा कि नई दिल्ली से 10 साल तक सांसद और केंद्रीय मंत्री रहीं भाजपा की सांसद ने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया है। इन्होंने दिल्ली की जनता के लिए काम कर रहे सीएम अरविंद केजरीवाल को भी जेल में डाल दिया है, इससे जनता में भाजपा के खिाफ भारी आक्रोश है। लोग अपने वोट से जवाब देने के लिए 25 मई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पूरे देश में भाजपा की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठा रही है- गोपाल राय

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठा रही है। नई दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने नामांकन किया। पूरे दिल्ली के अंदर लोग दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। पहला, नई दिल्ली लोकसभा के लोगों ने भाजपा को वोट देकर 10 साल तक सांसद बनाया। यहां से जीत कर भाजपा की सांसद केंद्रीय मंत्री भी बनी, लेकिन 10 साल में नई दिल्ली के लोगों के लिए कुछ काम नहीं किया। लोगों में भारी नाराजगी है। दूसरा, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जनता के काम कर रहे थे, इन लोगों ने उनको भी उठाकर जेल में डाल दिया। इसलिए नई दिल्ली के अंदर लोगों में डबल आक्रोश है। लोगों का एक ही नारा तानाशाही हटाओ-काम करने वाला सांसद बनाओ का है। गोपाल राय ने कहा कि सोमनाथ भारती ने मालवीय नगर में लगातार तीन बार विधायक चुने गए और लोगों के लिए काम किया। आज पूरी नई दिल्ली की जनता ऐसे ही जन प्रतिनिधि को पसंद कर रही है। दिल्ली की जनता भाजपा की तानाशाही का जवाब अपने वोट से देने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही है। हमारी शुभकामनाएं सोमनाथ भारती के साथ है कि वो सफलता पूर्वक इस चुनाव को लड़ें और जीते। जैसे केजरीवाल सरकार काम करती है, वैसे ही सोमनाथ भारती केजरीवाल का सांसद बनकर दिल्ली के लोगों के लिए काम करें और इस तानाशाही के खिलाफ आवाज बनें।

## संक्षिप्त खबरें

### लोक सभा चुनावः सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक पहुंचे हाजीपुर

हाजीपुर। लोक सभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर 21-हाजीपुर (अ०जा०) संसदीय क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक हाजीपुर आ चुके हैं। श्री आशुतोष ए.टी. पेडनेकर हाजीपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक हैं। श्री वासन विद्यासागर नायडू पुलिस पर्यवेक्षक हैं। व्यय प्रेक्षक श्री रमेश एम हैं। इन तीनों आब्जर्वर का आगमन जिला मुख्यालय हाजीपुर में हो चुका है। सामान्य प्रेक्षक श्री आशुतोष ए० टी० पेडनेकर का आवासन जिला अतिथि गृह प्रथम तल, कमरा सख्या-01 में है। उनके मिलने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक है। उनसे 9414515477, 9430014253 पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं पुलिस प्रेक्षक श्री वासन विद्यासागर नायडू का आवासन जिला अतिथि गृह प्रथम तल, कमरा संख्या-06 में है। उनसे 8125497603, 9430013471 पर संपर्क किया जा सकता है। वे मिलने हेतु जिला अतिथि गृह, हाजीपुर में सुबह 10 से 11 बजे के बीच उपलब्ध रहेंगे। जबकि व्यय प्रेक्षक श्री रमेश एम का आवासन जिला अतिथि गृह के प्रथम तल, कमरा संख्या -4 में है।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ लोगों को दी जाएगी नौकरी : तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) एचएस कालेज उदाकिशुनगंज में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में अगर महागठबंधन की सरकार बनी तो देश में अगस्त माह से एक करोड़ युवाओं को नौकरी दी जाएगी। रसोई गैस पांच सौ रुपए एवं दो यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी देश में धर्म के नाम पर हिंदू - मुस्लिमों को बांटने में लगी है। अगर देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तो संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में चला जायेगा। इसे बचाने के लिए धर्म निरपेक्ष लोकतांत्रिक सरकार इंडिया गठबंधन की सरकार बनाना होगा। तभी हम देशवासी सुरक्षित रह पायेंगे। दुनिया का अगर कोई सबसे झूठा प्रधानमंत्री कोई है तो उसका नाम है नरेंद्र मोदी। उन्होंने वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जनता से किये वायदे को पूरा किया? कालाधन वापस हुआ? बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिला? रसोई गैस सिलेंडर के दाम कम हुए? डीजल - पेट्रोल के कीमतों में कमी आई? नही ना। उन्होंने कहा हम देश में नौकरी, शिक्षा, बेरोजगारी के मुद्दों की बात करते हैं। हमने सरकार में महज 17 माह डिप्टी सीएम रहते हुए 5 लाख लोगों को नौकरी दी। आंगनबाड़ी सेविका, टोला सेवकों, आशा कार्यकताओं को दुगुनी मानदेय दिया। हमने वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान इसी धरती पर कहा था बिहार में राजद गठबंधन की सरकार बनेगी तो पहली बैठक में दस लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी। हमारी बिहार में सरकार नहीं बनी फिर भी एनडीए गठबंधन में टूट के बाद नितीश चाचा के साथ 17 महीने के सरकार में रहकर उपमुख्यमंत्री बनने के बाद सबसे पहले पांच लाख नौकरियां दी। अगर इस बार केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ नौकरी देकर देश से बेरोजगारी को भगा दिया जायेगा।यह हमारा दृढ़ संकल्प है। इसीलिए मधेपुरा से इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी डॉ. कुमार चंद्रदीप के लालटेन छाप पर 7 तारीख को बटन दबाकर अपार मतों से विजयी बनाकर लोकसभा भेजने का काम महान जनता करेगी। मौके पर वीआईपी पार्टी के संरक्षक सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छे दिन आयेंगे, सभी के खाते में 15-15 लाख रुपए जायेंगे, गया क्या? भाजपा जूमलेबाजों की पार्टी है। भाजपा हमारे विधायकों को तोड़ा, मुझे मंत्री मंडल से बेदखल किया। आज हम समाजिक न्याय की धर्म निरपेक्ष लालू जी के साथ चट्टानी एकता के साथ खड़े हैं। इस बार इंडिया गठबंधन के सभी उम्मीदवार भारी मतों से विजयी होंगे। विपक्षी के अभी से पसीने उतरने लगे हैं। मधेपुरा में राजद प्रत्याशी कुमार चंद्रदीप को अतिपिछड़ा जाति का भरपूर समर्थन मिल रहा है। मौके पर पूर्व मंत्री सह एमएलसी रामचंद्र पूर्वे ने कहा कि मधेपुरा बीपी मंडल की धरती है। यहां राजद का परचम लहरेगा। देश के महान हस्ती भी मधेपुरा की धरती को नमन करता है। इसीलिए इस धरती के लाल कुमार चंद्रदीप को भारी मतों से लालटेन छाप पर बटन दबाकर अपार मतों से विजयी बनायें। मौके पर औरंगाबाद के राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा, प्रेम गुप्ता, सीपीआई नेता प्रमोद प्रभाकर, इंजिनियर प्रभाष यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष सुनीला देवी समेत दर्जनों नेताओं संबोधन कर राजद प्रत्याशी के लिए वोट मांगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष जयकांत यादव, मंच संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष गजेन्द्र राम व युवा प्रखंड अध्यक्ष रमण यादव ने संयुक्त रूप से किया।

## तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने किया राजद प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा

### पीएम मोदी पर जमकर साधा निशाना



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान जोरों पर है। सभी दलों के नेता अपनी-अपनी पार्टियों के उम्मीदवारों के पक्ष में रैलियां कर रहे हैं। वहीं इस क्रम में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सह राजद नेता तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने मधेपुरा के घेलाढ आदर्श डिग्री कॉलेज परिसर में राजद प्रत्याशी डॉक्टर कुमार चंद्रदीप के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर तेजश्वी यादव ने जमकर पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा मोदी विश्व में पहला प्रधानमंत्री है जो झूठ बोलने का डिग्री हासिल किया है। वो गोबर को हलवा बना देते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षो से देश में प्रधानमंत्री है लेकिन नरेंद्र मोदी जैसा विश्व में झूठा प्रधानमंत्री कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि कमाई, दवाई, पढ़ाई, सिंचाई, सुनवाई और कारवाई जैसे मुद्दों पर जनता चुनाव लड़ रही है। जनता के जिंदा मुद्दों पर तो प्रधानमंत्री बात ही नहीं करना चाहते।सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी और भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। तेजस्वी यादव ने कहा हमारी सरकारी यानी इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ युवाओं को रोजगार और हर रक्षा बंधन पर बहनों को एक लाख सहयोग राशि देंगे और 500 में गैस सिलेंडर मिलेगा। 1.25 करोड़ का विशेष पैकेज देंगे। दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी देश में धर्म के नाम पर हिंदू - मुस्लिमों को बांटने में लगी है। अगर देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तो संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में चला जायेगा। इसे बचाने के लिए धर्म निरपेक्ष लोकतांत्रिक सरकार इंडिया गठबंधन की सरकार बनाना होगा। तभी हम देशवासी सुरक्षित रह पायेंगे। दुनिया का अगर कोई सबसे झूठा प्रधानमंत्री कोई है तो उसका नाम है नरेंद्र मोदी। उन्होंने वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जनता से किये वायदे को पूरा किया? कालाधन वापस हुआ? बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिला? रसोई गैस सिलेंडर के दाम कम हुए? डीजल - पेट्रोल के कीमतों में कमी आई? नही ना। उन्होंने कहा हम देश में नौकरी, शिक्षा, बेरोजगारी के मुद्दों की बात करते हैं। अगर इस बार केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ नौकरी देकर देश से बेरोजगारी को भगा दिया जायेगा। यह हमारा दृढ़ संकल्प है। आज हम समाजिक न्याय की धर्म निरपेक्ष लालू जी के साथ चट्टानी एकता के साथ खड़े हैं। इस बार इंडिया गठबंधन के सभी उम्मीदवार भारी मतों से विजयी होंगे। विपक्षी के अभी से पसीने उतरने लगे हैं। राजद का परचम लहरेगा।

## लोकसभा चुनाव को लेकर रक्सौल बॉर्डर पर शुरू चौकसी

### रक्सौल जंक्शन पर डॉग स्क्वाड से हो रही प्रतिबंधित समानों की जांच

प्रात : किरण संवाददाता, सुबोध कुमार पांडे



रक्सौल। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रक्सौल बॉर्डर के क्षेत्रों में सुरक्षा ब्यवस्था को सख्त कर दिया गया है।चुनाव आयोग के निर्देश पर इसके लिए सीमावर्ती क्षेत्र में जांच तेज कर दी गई है। चुनाव में प्रतिबंधित सामानों की संभावित आवागमन को ध्यान में रखते हुए भारत-नेपाल की प्रमुख सीमा रक्सौल रेलवे स्टेशन पर प्रशासन मुस्तैदी से निगरानी कर रहा है। जिससे चुनाव में किसी प्रकार की बाधा न पड़े।रक्सौल जंक्शन पर आरपीएफ, जीआरपी व एसएसबी की संयुक्त अभियान में डॉग स्क्वायड टीम के द्वारा जांच की गई। इसकी जानकारी देते हुए जीआरपी इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों का सामना जांच किया गया। वही सकुर्लेटिंग एरिया में भी डॉग स्क्वायड टीम के द्वारा जांच की गई। उन्होंने बताया कि जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा। कोई भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाएगी रेल परिक्षेत्र के अलावे अन्य जगहों पर भी सतर्कता और चौकसी बढ़ा दी गई है। जिससे चुनावी माहौल में किसी प्रकार की गड़बड़ी नही हो सके ।

## पूर्व शिक्षा मंत्री ने किया एनडीए पर जुबानी हमला और पप्पू यादव पर कसा तंज

- एनडीए गठबंधन 400 सीट की जुमलेबाजी ही रह जायेगी, 200 सीट में सिमट जाएगी

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा पूर्णियां चुनाव के बाद मधेपुरा में पप्पू फेक्टर हॉबी हो रहा है। राजद उम्मीदवार पर संकट के बादल मंडराने लगी है। वहीं बिहार सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री सह राजद विधायक प्रो. चंद्रशेखर ने एनडीए गठबंधन पर जमकर जुवानी हमला बोला तो वही पप्पू यादव पर तंज कसा। उन्होंने कहा जो स्वयं अपनी जमानत मधेपुरा में नहीं बचा सके वो एनडीए को क्या समर्थन करेंगे।दरअसल अपने विवादित बयानों से मशहूर बिहार के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर ने एक बार फिर एनडीए गठबंधन पर जुवानी हमला किया है उन्होंने मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के राजद उम्मीदवार प्रो. कुमार चंद्रदीप के जीत का दावा करते हुए एनडीए के साथ साथ मधेपुरा के पूर्व सांसद सह पूर्णियां के निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव पर भी बड़ा हमला बोला है, साथ हीं प्रो. चंद्रशेखर ने कहा कि पुरा बिहार यह मान चुका है कि तेजस्वी यादव एक ऐसे नेता हैं जो कहते हैं वो करते हैं। वहीं विपक्षी झूठ का पुलिंदा बांधते हैं, ये सरकार न तो नौकरी पर बोल रही है, न तो महँगाई पर और न हीं सीमा-सरहद पर बोलने की जहमत उठा रही है। उन्होंने एनडीए के चार सौ पार के आंकड़े पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें दो सौ सीट भी नहीं मिलने जा रही है। वहीं पूर्व सांसद पप्पू यादव के द्वारा मधेपुरा में एनडीए प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव को समर्थन देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि एनडीए से तो पप्पू यादव का पुराना रिश्ता है। पूर्णियां चुनाव में भी उन्होंने कहा कि मुझे आरएसएस, बीजेपी सबका समर्थन प्राप्त है। लेकिन पप्पू यादव और उनके समर्थकों को यह बताना चाहता हूँ कि जो स्वयं अपनी जमानत मधेपुरा में नहीं बचा सके। इसलिए उनके समर्थन को कोशी की जनता खारिज कर देगी।

## चलों सब मिलकर करें मतदान नुक्कड़ नाटक के जरिए कलाकारों ने किया जागरूक




- समावेशी कार्यक्रम के तहत सृजन दर्पण के कलाकारों ने 7 मई को मतदान करने की अपील

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला मुख्यालय के कृष्णापुरी मुहल्ला में समावेशी कार्यक्रम के तहत सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में चर्चित संस्था सृजन दर्पण के कलाकारों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु छात्र -छात्राओं के बीच संगोष्ठी सहित रंगकर्मी विकास कुमार द्वारा लिखित एवं निर्देशित ह्यचलों सब मिलकर मतदान करेंह्ण नामक नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश ओम ने कहा मतदान लोकतंत्र का आधार है। संविधान द्वारा आम आदमी को प्रदत्त यही वह शक्ति है जिसके जरिए हम अपने शासक को चुन सकते हैं एवं उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। गीत नृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने यही बताने का प्रयास किया कि हमें अपने मताधिकार का न केवल प्रयोग करना चाहिए बल्कि अपने इर्द-गिर्द के लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था सचिव बिकास कुमार ने कहा कि सभी मतदाता 7 मई को अपने बूथ पर सबसे पहले मतदान करें फिर जलपान करें। उन्होंने कहा कि देश के हर व्यक्ति जब अपने इस महापर्व में कर्तव्य का पालन करेंगे तो स्वतः लोकतंत्र मजबूत होगा। संस्था के सक्रिय सदस्य विधा सागर ने कहा मतदान भी एक प्रकार की राष्ट्र सेवा है इस लिए राष्ट्र मतदान करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मोहल्ला वासी सहित छात्र छात्राओं मौजूद थे।

## मौरा पहूंचे डीएम दो दिनों के अंदर शुद्ध पेयजल बहाल करने का दिया निर्देश

### महादलित टोलों में ऑन द स्पॉट आधा दर्जन से अधिक चापाकल की हुई मरम्मती



- ग्रामीणों ने कहा घर तक नही पहूंचता है टंकी का पानी
- डीएम ने पीएचईडी विभाग के पदाधिकारियों की लगाई फटकार

प्रात : किरण संवाददाता

शनिवार की दोपहर जिलाधिकारी राकेश कुमार जिले के आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों के साथ जल संकट से जूझ रहे मौरा पंचायत अंतर्गत मौरा गांव पहूंचे। डीएम के साथ एसडीओ अभय कुमार तिवारी,सीएस कुमार महेंद्र प्रताप सिंह,कार्यपालक अभियंता पीएचईडी शिवशंकर दयाल व सीओ आरती भूषण साथ चल रहे थे।मौके पर डीएम राकेश कुमार द्वारा मौरा गांव के वार्ड नंबर 7 में नल जल योजना का जायजा लिया।इस दौरान पंचायत के मुखिया धनराज यादव, उप मुखिया आरती कुमारी,महादेव मंडल व निशिकांत मंडल ने डीएम को उक्त वार्डो में नल जल योजना के फेल होने की बात बताई।ग्रामीणों की बात सुनते ही डीएम ने कार्यपालक अभियंता शिवशंकर दयाल को नल जल योजना के क्षतिग्रस्त पाईप लाईन को दो के दिनों के अंदर दुरुस्त कर उक्त वार्डो में पेयजल की सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया।ग्रामीणों की पेयजल समस्या को देखते हुए डीएम राकेश कुमार कहा की आप लोग निश्चिंत रहे,दो दिनों के अंदर आप लोगो के घरों तक शुद्ध पेयजल पहूंचा दिया जाएगा। उनोन्हे कहा की जिन वार्डो में नल जल योजना का पानी हर घर तक नही पहूंच पा रहा है। उनोन्हे पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की उक्त वार्डो के पानी टंकी में लगे मोटर की क्षमता को बढ़ाएं,खासकर महादलित टोलों में पेयजल को ले उत्पन्न हुए संकट को युद्ध स्तर पर कार्य कर इसे निपटाए।किसी भी हाल में ग्रामीण इलाको में बना पानी टंकी बंद नही रहना चाहिए।महादलित टोलो के ग्रामीणों ने का चापाकल खराब रहने की शिकायत डीएम से की। डीएम ने मौके पर ही आधा दर्जन से अधिक बंद पड़े चापाकलो को ठीक कर रिपोर्ट करने की बात जेई से कही।इस दौरान डीएम नदी में गढ्ढा खोद पानी ले जाने पर संज्ञान लेते हुए। बरनार नदी में बने दर्जनों गढ्ढों को भी देखा। व मौके पर मौजूद पीएचईडी विभाग के जेई ओमप्रकाश कुमार पर बिफर पड़े। कहा की किसी भी हाल में ग्रामीण नदी का दूषित जल सेवन न करें,इसकी जवावदेही आप की बनती है। हर हाल में गांव वासियों को पानी टंकी दुरुस्त करा शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाए।नही तो आप पर कार्रवाई तय है।मौके पर ग्रामीण अशोक सिंह,साकिंद्र मांझी,वार्ड सदस्य पुतुल मांझी,जीवलाल यादव,प्रमोद यादव,देवेंद्र यादव सहित दर्जनों महिला व पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

## पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से चमकी बुखार से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### ग्रामीणों को दी जा रही है चमकी को धमकी देने की सिख



प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी।जिले में चमकी बुखार को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सक्रिय होकर कार्यक्रम चला रही है।वहीं जिले में अब जनप्रतिनिधि भी लोगों को जागरूक करने में शामिल हो सक्रिय भूमिका निभा रहें है।मोतिहारी सदर प्रखंड में सेंटर फॉर कैटालिजिंग चेंज और स्वास्थ्य विभाग के साथ ही उप मुखिया प्रभावती देवी पंचायत कटहां ने अपने वार्ड के साथ ह्लचमकी को धमकीह्व पर समुदायक चौपाल का आयोजन किया।चौपाल में शाहिद सिद्धिकी, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, कटहां के द्वारा चमकी बुखार होने के कारण, लक्षण और बचाव पर समुदाय के लोगो को जागरूक किया गया।वहीं उप मुखिया प्रभावती देवी ने उपस्थित लोगो को चमकी से होने खतरा से पहले ही बच्चों को सुरक्षित रखने की अपील की, बच्चों को कड़ी धुप में घरों से न निकलने और किसी भी प्रकार बच्चो में को चमकी जैसी हरकत दिखने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में ले जाने या आशा को सूचित कर बच्चे को अस्पताल तक पहुंचाने के अपील की।चौपाल में सी थ्री जिला समन्वयक आदित्य राज और प्रखंड समन्वयक सारिका ने उपस्थित लोगों को लीफलेट के माध्यम से चमकी से बचाव के तरीके बताए।जिले के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया की चमकी को धमकी देने को लेकर जिले के चमकी प्रभावित क्षेत्र समेत अन्य प्रखंड क्षेत्र में लोगों को जागरूक करते हुए बच्चों को धूप में न जाने देने,रात को खाली पेट सोने न देने, एवं रात्रि में , खाना जरूर खिलाने की बातें बताई जा रहीं है। उन्होंने बताया की चमकी बुखार की जानकारी के लिए सभी प्रखंड में कंट्रोल रूम संचालन हो रहा है।उन्होंने बताया की चमकी के लक्षण होने पर देरी बिलकुल भी न करें, तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर आए।चमकी प्रभावित मरीजों के लिए एंबुलेंस के साथ मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के वाहनों को टैग किया गया है। एंबुलेंस नहीं मिलने पर किसी वाहन से हॉस्पिटल ले जाएं। हॉस्पिटल द्वारा किराया का भुगतान किया जाएगा।जिले के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिँह ने बताया कि अप्रैल से जुलाई तक बढ़ते तापमान में एईएस / जेई का खतरा होता है। इससे बचाव के लिये अभिभावक अपने बच्चे की धूप से बचाएं। रात को किसी भी हालत में भूखे नहीं सोने दें। दिन में एक बार ओआरएस घोल कर जरूर पिलाएं। बच्चे को कच्चा लीची नहीं खाने दें। बच्चा अगर घर में भी है तो घर की खिड़की व दरवाजा बंद नहीं करें।कमरा हवादार रहने दें। रात में हल्का मीठा जरूर दें, बच्चों पर ध्यान दें. किसी प्रकार की दिक्कत हो तो तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर आए।

# नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनना अनिवार्य : चिराग



प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) प्रखंड मुख्यालय स्थित जनता हाई स्कूल मैदान पर शुक्रवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि देश के विकास को बढ़ाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना चाहि। उन्होंने कहा कि भारत के आदरणीय लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अतक प्रयास से करीब पांच सौ वर्षों तक टेंट में विराजमान रहने वाले भगवान श्री राम का देश स्तर पर भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया और जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर भारत में एक नया इतिहास रचे है। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्व. रामविलास पासवान के अथक प्रयास से ही देश के लागभग 81 करोड लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराए जा ही रही और और प्रधानमंत्री के सौजन्य से गरीब महिलाओं को उज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन देकर देश में विकास की रफ्तार को बढ़ाया है। देश स्तर पर प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड योजना लागू किए जाने के बाद प्रत्येक बीपीएल परिवार के तहत गुजर बसर करने वाले लोगों को पांच लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर भारत में एक नया इतिहास रचे है। प्रधानमंत्री जन धन योजना और किसान सम्मन निधि योजना लागू किए जाने से देश के किसान समृद्ध हो रहे हैं। मंत्री जमा खान ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार के कार्यकाल में विभिन्न समुदाय के गरीबी रेखा के तहत गुजर बसर करने वाले लोगों के लिए दर्जनों योजनाएं संचालित की जा रही है। बिहार में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री पोशाक और साइकिल तथा एमडीएम सहित कई योजनाएं से छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रही है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि पिछले 15 सालों की बात करें तो बिहार में लोगों को किसी भी रास्ते में बदहाल सड़कों से आवाजाही करने के लिए एक बार सोचना पड़ता था। लेकिन आज के परिवेश में बिहार का ऐसा कोई भी जिला और गांव नहीं है जहां बेहतर सड़क का निर्माण नहीं कराया जा सका है। बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि कोसी नदी पर विजय घाट में पक्का पुल का निर्माण कराया गया। कलासन में आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कराया गया है जिससे विकास को रफ्तार मिला है। चुनावी सभा की अध्यक्षता जदयू के चौसा प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद ने की। सभा में लोजपा के प्रदेश महासचिव चंदन सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष दिनेश पासवान, भाजपा अध्यक्ष अरुण मंडल, मुर्शीद आलम, मनौवर हुसैन, सूर्य कुमार पटवे, अबू साले सिद्दीकी, कुंदन कुमार बंटी, शिवकुमार यादव, नवल किशोर जयसवाल, कैलाश पासवान, जय प्रकाश यादव, कौशल यादव, पुलकित पासवान, संतोष यादव, गोपाल यादव, सुभाष चौधरी, रामलखन, फरीद आलम, नित्तम गांधी ने भी संबोधित किया।

## नहीं रहे राजनीति विज्ञान साहित्य संस्कृति के पितामह डॉ बी के पांडेय

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। प्रतिष्ठित पूर्व प्राध्यापक और एक सौ प्रकाशित पुस्तकों के बहुचर्चित लेखक डा व्रजकुमार पांडेय का निधन हो गया। हाजीपुर के समता कालोनी में अपने आवास पर शुक्रवार की देर रात को उन्होंने अंतिम सांस ली।उनकी उम्र करीब सत्तासी वर्ष थी। व्रजकुमार पांडेय मूलतः बक्सर जिले के निवासी थे।वह करीब साढ़े तीन दशक तक स्थानीय आरएन कालेज में राजनीति शास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक रहे।उनका संबंध देशभर के सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों से था।वह हाजीपुर की सबसे पुरानी साहित्यिक संस्था किरण मंडल और प्रगतिशील लेखक संघ की बिहार प्रदेश इकाई के अध्यक्ष थे। उनके निधन से समूचे हाजीपुर में ही स्मारिकाओं का संपादन किया था। उन्होंने बिहार विधान परिषद के इतिहास से संबंधित पुस्तक की दो खंडों में रचना की थी।इनके अतिरिक्त राजनीति शास्त्र और समाजशास्त्र पर उनके द्वारा लिखी गयीं एक सौ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी थीं।उनकी अंतिम पुस्तक ह्य वैचारिक विमर्श के पहलू ह्य और उनके लेखकीय अवदान पर प्रकाशित पुवफस्तक ह्य जनपक्ष का पुरुषत्व ह्य (संपादक डा शैलेन्द्र राकेश) का विमोचन बीते तेईस अप्रैल को पटना विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा तरुण कुमार, कथाकार डॉ संतोष दीक्षित, प्रिंसिपल डा तारकेश्वर पंडित ने किरण मंडल के साहित्यिक आयोजन मधु पर्व में किया था।डा व्रजकुमार पांडेय ने उस कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की थी और अपना सुविचारित भाषण भी दिया था।वह स्वस्थ थे ,उनकी स्मरण शक्ति और लेखकीय सक्रियता आश्चर्यचकित करती थी। उनके निर्देशन में दर्जनों लोगों ने शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी। उन्हें जीवित विश्वविद्यालय माना जाता था। डा व्रजकुमार पांडेय ने अपने अनेक छात्रों को प्राध्यापक और राजनेता बनाया। हाजीपुर के बौद्धिक की शाम कोनहारा घाट पर ले जाया गया। उनके पुत्र रवि नारायण ने उन्हें मुखाग्नि दी।

## अक्षय तृतीया से पूर्व राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश को बिहार में लागू करने की मांग

रक्सौल जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर ने राज्य सरकार से बाल विवाह के खिलाफ राजस्थान हाई कोर्ट के निर्णय को बिहार में लागू करने की मांग की है।यह भी सुनिश्चित करने की मांग की गई है कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। प्रदेश में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश के बाद पूरे देश में इस तरह की आवाजें उठने लगी है कि उनके राज्य में भी इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं। हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश ह्यजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।हाई कोर्ट ने बाल विवाह को रोकने में पंचों व सरपंचों को जवाबदेही निर्धारित किया है।प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर के मोतिहारी जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी ने बताया कि राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है जिसके दूरगामी नतीजे होंगे। देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है।

## बाल हृदय योजना बनी जीवनदायिनी, 84 बच्चों को मिली जिन्दगी, 04 फिर अहमदाबाद को रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना राज्य के आर्थिक रूप से गरीब हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए जीवनदायिनी है। इसके तहत वैशाली जिले के विभिन्न प्रखंड की आरबीएसके टीम द्वारा 0 से 18 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य जांच आंगनवाड़ी केंद्र और सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों मे जाकर किया जाता है। इसी का परिणाम है कि पूर्ण इलाज और जीने की उम्मीद छोड़ चुके पीड़ित बच्चे पूरी तरह स्वस्थ्य हो रहे है और बच्चों को नया जीवन मिल रहा है, और उनके चेहरे पर नई मुस्कान आ रही हैं। अब तक 84 बच्चों का सफल ऑपरेशन हुआ है और उन्हें जीवनदान मिला है। वहीं वैशाली जिला से बाल हृदय योजना अंतर्गत 4 बच्चों प्रिन्स कुमार - बिदुपुर, प्रकाश कुमार - हाजीपुर देवांश, राज - महुआ और सूरज कुमार - लालगंज प्रखंड से शुक्रवार को श्री सत्य साईं हृदय अस्पताल अहमदाबाद सर्जरी हेतु, डॉ श्यामनंदन प्रसाद सिविल सर्जन वैशाली, डॉ कुमार मनोज जिला कार्यक्रम प्रबंधक वैशाली, श्रीमती निभा रानी सिन्हा डीसीएम वैशाली एवं डॉ शाइस्ता, डीइआईसी मैनेजर कम कोऑर्डिनेटर आरबीएसके की उपस्थिति मे जिला स्वास्थ्य समिति, वैशाली से 102 एम्बुलेंस के माध्यम से राज्य स्वास्थ्य समिति पटना और फिर पटना एयरपोर्ट के लिए शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## वोट जेहाद के मायने

दुनिया के सबसे प्राचीन लोकतंत्र अमरीका और सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आजकल जेहाद की गूंज है। संदर्भ और कारण अलग-अलग हैं। अमरीका के संदर्भ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमरीका में जेहाद नहीं चाहिए। अमरीका में यूनिवर्सिटीज का इस्लामीकरण नहीं होना चाहिए। कुछ यूनिवर्सिटी ऐसी हैं, जिनके परिसरों में युवा शक्ति गाजा के फलस्तीनियों के पक्ष में आंदोलित हैं। वे हमास जैसे आतंकी संगठन के समर्थक या प्रतिनिधि हो सकते हैं। आश्चर्य है कि गाजा के मुसलमानों के हालात और इजरायल के हमलों पर अधिकतर इस्लामी देश अब खामोश हैं, लेकिन अमरीका की यूनिवर्सिटीज में आंदोलन जारी हैं। माइक पर नमाज पढ़ी जा रही है। परिसरों में नौजवानों ने तंबू तक गाड़ कर अवरोधक खड़े कर लिए हैं। यह अमरीका के लोकतंत्र की संस्कृति नहीं है। इन आंदोलनों को खत्म किया जाना चाहिए। हमने देखा है कि जब यूरोप ने जेहाद के लिए अपने दरवाजे खोले, तो क्या हुआ? पेरिस को देख लो। लंदन में देख लो। वे अब पहचानने लायक नहीं हैं। हम अमरीका के साथ ऐसा नहीं होने देंगे। हमारे पास अविश्वसनीय संस्कृति और परंपरा है। बहरहाल भारत में आम चुनाव का मौसम है। लोकसभा के लिए मतदान के चरण जारी हैं, लेकिन मारिया आलम खां ने वोट जेहाद के जरिए मुसलमानों का आह्वान किया है। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी हैं। सम्पन्न और शिक्षित परिवार से हैं। फिर भी इतनी सांप्रदायिक और देश-विरोधी सोच की हैं, उनका आह्वान सुनकर हैरानी हुई। जेहाद सिर्फ नारेबाजी तक सीमित नहीं था, बल्कि मारिया ने मौजूदा सत्ता के प्रति जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, वे बेहद नफरती और आपत्तिजनक भी हैं। सवाल है कि क्या भारत में हिंदू, मुसलमान, ईसाई, पारसी आदि के अलगाववादी आह्वानों पर ही चुनाव कराए जा सकते हैं? चुनाव आपसी समभाव, सौहार्द और भाईचारे के भाव के साथ नहीं हो सकते? भारत तो संवैधानिक तौर पर पंथनिरपेक्ष देश है। दरअसल इस तरह जेहाद की बात करना आपराधिक मानसिकता है। मारिया जैसे लोग चाहते हैं कि एक-एक मुसलमान घर से निकले और अपने तय मुस्लिम उम्मीदवार के पक्ष में ही वोट सुनिश्चित करे। मुसलमानों को देश के संसाधनों पर भी पहला हक चाहिए। सरकारी नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी ठेकों, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आरक्षण चाहिए। कांग्रेस 2009 से अपने चुनाव घोषणा पत्रों में ऐसे आरक्षण या समान अवसर मुहैया कराने का आश्वासन देती आ रही है। उससे पहले भी ऐसी ही सोच रही होगी, लेकिन हमने खंगाल कर नहीं देखा। यह दीगर है कि मई, 2014 से कांग्रेस केंद्रीय सत्ता के बाहर है, लेकिन वह मुस्लिम अल्पसंख्यकों के पर्सनल लॉ, पोशाक, खान-पान और वक्फ के वर्चस्व को भी पूरी स्वतंत्रता दिए जाने की सुनिश्चित घोषणा कर चुकी है।

## वोट जिहाद से डर गए महाबली

राकेश अचल

मजबूरी है 4 जून तक बेतुकी सियासत के साथ आपके साथ बने रहना। बीते रोज कांग्रेस ने गांधी परिवार की पारम्परिक कहें या पुश्तैनी सीट से राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार बनाकर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दीं। भाजपा वैसे ही तमाम मुद्दों के हाथ से फिसलने के बाद हलकान है और विपक्ष के पाले में आकर खेलने या खेला करने के लिए विवश है। ऊपर से बकौल भाजपा कांग्रेस के शाहजादे ने एक और तुरुप चल दी। भाजपा राहुल गाँधी को शाहजादा क्यों कहती है, इसके बारे में शोध की जरूरत है। मुझे तो राहुल किसी भी कोण से शाहजादे नजर नहीं आते। बहरहाल अब भाजपा राहुल को अमेठी से चुनाव न लड़ने के लिए रणछोड़ बनाने पर उतारू है।

भाजपा जिसे जो चाहे सो बना देती है। उसके पास शायद बंगाल का काला जादू है। भाजपा ने पहले राहुल को पप्पू बनाया, बेचारे राहुल पप्पू बन भी गये। जब पूरा देश पप्पू बन सकता है तो राहुल किस खेत की मूली हैं? लेकिन ये राहुल ही थे जो अपने ऊपर चस्पा किये गए पप्पू के लेबिल को खींचने में कामयाब रहे और उन्होंने फेंकू के सामने खुद को मुकाबले में ला खड़ा किया। भाजपा की मुसीबत सचमुच राहुल और उनकी कांग्रेस ही है। बाकी दलों से तो भाजपा निबट भी ले किन्तु कांग्रेस से निबटना उसके लिए अभी तक मुमकिन नहीं हुआ। कांग्रेस को निबटने में भाजपा ने अपने बहुमूल्य दस साल बर्बाद कर लिये। इस समय का इस्तेमाल भाजपा अगर देश को बनाने में करती तो मुमकिन है कि आज उसे हांफना न पड़ता। कांग्रेस ने राहुल को रायबरेली से प्रत्याशी बनाकर भाजपा की तमाम रणनीति को नाकाम कर दिया।

आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश को जीते बिना भाजपा का तीसरी बार सत्ता में वापस आने का सपना पूरा नहीं हो सकता। 2019 में भाजपा ने जैसे -तैसे अमेठी से राहुल गांधी को पराजित कर यूपी से बाहर करने में कामयाबी हासिल कर ली थी, लेकिन भाजपा तमाम कसबल के बावजूद रायबरेली से श्रीमती सोनिया गाँधी को नहीं हरा पाई थी । राहुल ने इसीलिए वायनाड से चुनाव लड़ा। भाजपा ने राहुल की सांसदी छीनने के लिए दूसरे हथकंडे भी अपनाये थे, सांसदी छीन भी ली थी किन्तु माननीय बड़ी अदालत आड़े आ गयी। अब राहुल ने उत्तर प्रदेश में दोबारा वापसी दर्ज कराकर भाजपा की नींद हराम कर दी है। राहुल की उत्तर प्रदेश वापसी का मतलब भाजपा की आधी ताकत राहुल को संसद जाने से रोकने में खर्च करना है। भाजपा ने अमेठी से तो राहुल को बेदखल कर दिया था लेकिन रायबरेली से शायद ये मुमकिन न हो। मैंने शायद शब्द का इस्तेमाल किया है, क्योंकि मै किसी भी चीज को असम्भव नहीं मानता, क्योंकि अभी देश में मोदी जी हैं जो कुछ भी मुमकिन कर सकते हैं। भाजपा कांग्रेस और राहुल से किस कदर परेशान है इसका उदाहरण खुद प्रधानमंत्री मोदी जी के भाषण हैं। मोदी जी ने उत्तरप्रदेश से दूर अपने गृहराज्य गुजरात के टाटा मैदान में कांग्रेस के उस वोट जिहाद को लेकर अपनी चिंता जताई जो पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने चलाने की बात कही थी। खुर्शीद न कांग्रेस हैं और न कोई मौलवी। वे एक जननेता हैं और उन्होंने जिस वोट क्रांति की बात कही है उसे लेकर भाजपा की यानि माननीय प्रधानमंत्री तक की नींद उड़ गयी है। चुनाव प्रचार में हिन्दू-मुसलमान का जुमला उछलने के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग के नोटिस की परवाह किये बिना मोदी जी और उनकी पूरी पार्टी देश के बाहुसंख्यक हिन्दुओं को अल्पसंख्यक मुसलमानों से डराने की कोशिश कर रही है। वोट जिहाद ने तो भाजपा को और भयभीत कर दिया है और अब भाजपा ने इसे भी चुनावी मुद्दा बना लिया है।

भारतीय जनता पार्टी की ह्यमहा विजय संकल्प सभाह्व को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ह्यह्यकांग्रेस आपकी संपत्ति वोट जिहाद में शामिल लोगों को बांटना चाहती है लेकिन मोदी सुनिश्चित करेगा कि गरीबों, दलितों और आदिवासियों का देश की संपत्ति पर पहला अधिकार हो. पृथ्वी पर किसी भी ताकत को हमारे संविधान को बदलने या उससे छेड़छाड़ की अनुमति नहीं दी जाएग। सवाल ये है की मोदी ये सब सुनिचित किस हैसियत से करेंगे? क्या वे भारत के भाग्यविधाता हैं।? क्या उन्हें देश ने तीसरी बार जनादेश दे दिया है? या उन्होंने खुद जनादेश हड़पने की पूरी तैयारी कर ली है? ह्व। मोदी जी तीसरी क्या चौथी बार प्रधानमंत्री बनें हमें क्या फर्क पड़ने वाला है, लेकिन उनके दम्भ और उसके पीछे छिपे भय को देखकर मुझे और मेरे जैसे तमाम संवेदनशील लोगों को मोदी जी पर अब दया आने लगी है।

मोदी जी आदिकाल से गांधी परिवार विहीन देश और कांग्रेस विहीन संसद देखना चाहते है। वे देश की अठारहवीं सांसद को अपने सपनों की संसद बनाना चाहते हैं लेकिन बना नहीं पा रहे। संसद के सर्वोच्च सदन में कांग्रेस की प्रमुख श्रीमती सोनिया गाँधी पहले ही पहुँच चुकी है। यानि कम से कम छह साल तक तो कांग्रेस की उपस्थिति संसद में रहना ही है और अब राहुल गांधी भी वायनाड के साथ ही रायबरेली से चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतर चुके हैं। अर्थात राहुल कहीं न कहीं से संसद में प्रवेश पा जायेंगे। ऐसे में न कांग्रेस विहीन भारत बन पायेगा और न कांग्रेस विहीन संसद। मोदी जी को अपना सपना पूरा करने के लिए मुमकिन है कि एक जन्म और लेना पड़े !

राहुल गांधी रणछोड़ हैं या नहीं ये मै नहीं कह सकता। क्योंकि यदि इस तरह की कोई सूची बनाई जाएगी तो भाजपा के आदि पुरुष माननीय श्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी सबसे बड़े रणछोड़ माने जायेंगे। अटल जी तो पूरे जीवन इधर से उधर भागते रहे। यूपी के बलरामपुर से विदिशा, ग्वालियर और लखनऊ तक। उन्होंने 1985 में अपने गृहनगर ग्वालियर से हारने के बाद कभी ग्वालियर की और मुंह नहीं किया। वैसे हम सनातनी हैं। हम अपने इष्ट को भी रणछोड़ के नाम से बुलाते हैं। हमारे रणछोड़ के इलाके से आजकल श्रीमती हेमामालिनी चुनाव लड़ती हैं। इसलिए मेरी दृष्टि में रणछोड़ होना भी बुरी बात नहीं है। रणछोड़ भी रणनीति का ही एक अंग है, जैसे खुद मोदी जी का गुजरात से उत्तर प्रदेश आकर चुनाव लड़ना। मै राहुल को रणछोड़ तब मानता जब वे संसद का चुनाव लड़ने के बजाय पिछले दरवाजे से यानि राज्य सभा के जरिये संसद में प्रवेश करते। लेकिन राहुल ने ऐसा नहीं किया।

# भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग

**इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं। हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निमार्ता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है**





**प्रहलाद सबनानी**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं।

हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निमार्ता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है।

उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892, 313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है।

भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं। दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चों में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई विकास की विभिन्न योजनाओं पर व्यय में लगातार वर्ष दर वर्ष वृद्धि की जा रही है एवं इसके लिए केंद्रीय बजट में भी बढ़े हुए व्यय का प्रावधान प्रति वर्ष किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं इन इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।

नीलसन द्वारा किए गए एक सर्वे के यह बताया गया है कि जनवरी एवं फरवरी 2024 माह में भारत में विभिन्न उत्पादों की शहरी क्षेत्रों में मांग 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। विशेष रूप से फरवरी 2024 के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में वृद्धि लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। रबी की फसल के भी अच्छे रहने की सम्भावना बलवती हुई है जिसके कारण किसानों की मनोदशा भी सकारात्मक बन रही है और यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश की आर्थिक वृद्धि दर को बलवती करने के मुख्य भूमिका निभाने जा रही है। आज देश की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है यदि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों की मनोवृत्ति सकारात्मक हो रही है तो निश्चित ही वित्तीय वर्ष 2024-25, आर्थिक विकास की दृष्टि से अतुलनीय परिणाम देने वाला वर्ष साबित होने जा रहा है।

# पशु जीवन के साथ भी हो गरिमापूर्ण व्यवहार

**पशु क्रूरता में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार के जानबूझकर, दुर्भावनापूर्ण कार्य और कम स्पष्ट स्थितियाँ शामिल हैं जहाँ किसी जानवर की जरूरतों की उपेक्षा की जाती है। जानवरों के खिलाफ हिंसा को आपराधिक हिंसा और घरेलू दुर्व्यवहार की उच्च संभावना से जोड़ा गया है। अनुच्छेद 21 में अधिकार केवल मनुष्यों को प्रदान किया गया है : लेकिन जीवन शब्द के विस्तारित अर्थ में अब बुनियादी पर्यावरण में गड़बड़ी के खिलाफ अधिकार शामिल है, इसका अर्थ यह होना चाहिए कि पशु जीवन के साथ भी आंतरिक मूल्य, सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि संविधान केवल मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा करता है, लेकिन जीवन शब्द का अर्थ आज केवल अस्तित्व से कहीं अधिक समझा जाता है ; इसका मतलब एक ऐसा अस्तित्व है जो हमें, अन्य बातों के अलावा, एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रहने की अनुमति देता है ....**





**डॉ. सत्यवान सौरभ**
(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं

दंड संहिता में संशोधन करके, जानवरों को अनावश्यक दर्द या कष्ट देने और जानवरों को मारने या गंभीर रूप से दुर्व्यवहार करने के लिए सजा बढ़ा दी गई। इसमें क्रूरता के विभिन्न रूपों, अपवादों और किसी पीड़ित जानवर के खिलाफ कोई क्रूरता होने पर उसे मार डालने की चर्चा की गई है, ताकि उसे आगे की पीड़ा से राहत मिल सके। अधिनियम का विधायी इरादा ह्यजानवरों को अनावश्यक दर्द या पीड़ा पहुंचाने से रोकनाह्व है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना 1962 में अधिनियम की धारा 4 के तहत की गई थी। यह अधिनियम जानवरों पर अनावश्यक क्रूरता और पीड़ा पहुंचाने के लिए सजा का प्रावधान करता है। यह अधिनियम जानवरों और जानवरों के विभिन्न रूपों को परिभाषित करता है। पहले अपराध के मामले में, जुमार्ना जो दस रुपये से कम नहीं होगा, लेकिन जो पचास रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। पिछले अपराध के तीन साल के भीतर किए गए दूसरे या बाद के अपराध के मामले में जुमार्ना पच्चीस रुपये से कम नहीं होगा। जिसे एक सौ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है या तीन महीने तक की कैद या दोनों से दंडित किया जा सकता है। यह वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए जानवरों पर प्रयोग से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करता है। यह अधिनियम प्रदर्शन करने वाले जानवरों की प्रदर्शनी और प्रदर्शन करने वाले जानवरों के खिलाफ किए गए अपराधों से संबंधित प्रावधानों को स्थापित करता है।

प्रतिशोध (किए गए अपराध का बदला लेने के लिए दी गई सजा), निवारण (अपराधी और आम जनता को भविष्य में ऐसे अपराध करने से रोकने के लिए दी गई सजा), सुधार या पुनर्वास (अपराधी के भविष्य के व्यवहार को सुधारने और आकार देने के लिए दी गई सजा), कानून का खराब कार्यान्वयन और इसके द्वारा निर्धारित कम दंड से पीसीए अधिनियम अत्यंत अप्रभावी प्रतीत होता है। अधिनियम के तहत अधिकांश अपराध जमानती हैं (आरोपी अधिकार के तौर पर पुलिस से जमानत मांग सकता है) गैर-संज्ञेय (जिसका अर्थ है कि पुलिस स्पष्ट अनुमति के बिना न तो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर सकती है और न ही जांच कर सकती है या गिरफ्तारी कर सकती है। पीसीए अधिनियम के तहत जुमार्ने के रूप में निर्धारित राशि वही है जो इसके पूर्ववर्ती, पीसीए अधिनियम 1890 में निर्धारित है। जुमार्ना महत्वहीन है (कई मामलों में 10 से कम) क्योंकि 130 से अधिक वर्षों में उनमें संशोधन नहीं हुआ है। कानून को इस तरह से लिखा गया है कि मामले से निपटने वाली अदालत को आरोपी पर कारावास या जुमार्ना लगाने के बीच चयन करने का विवेक है।

यह पशु क्रूरता के अपराधियों को अधिकांश मामलों में केवल जुमार्ना अदा करके पशु क्रूरता के सबसे क्रूर रूपों से बच निकलने की अनुमति देता है। कानून में स्वयं सामुदायिक सेवा के लिए कोई प्रावधान नहीं है जैसे कि सजा के रूप में पशु आश्रय में स्वयंसेवा करना, जो संभावित रूप से अपराधियों को सुधार सकता है। जानवरों के लिए पाँच मौलिक स्वतंत्रताओं का समावेश, दंडों में वृद्धि और विभिन्न अपराधों के लिए जुमार्ने के रूप में भुगतान की जाने वाली धनराशि, नए संज्ञेय अपराधों को जोड़ना, मसौदा विधेयक में पशु क्रूरता के मामले से निपटने वाली अदालत के लिए दो विकल्पों के रूप में कारावास और जुमार्ने का प्रावधान जारी रखा गया है। पशुओं को मौलिक अधिकार स्पष्ट रूप से प्रदान किये गये हैं। अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) व्यक्तियों को दिए गए हैं। व्यक्ति का अर्थ है मनुष्य या मनुष्यों के संघ, जैसे निगम, साझेदारी, ट्रस्ट आदि अनुच्छेद 48 गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू और माल ढोने वाले मवेशियों के वध पर रोक लगाना और उनकी नस्ल में सुधार करना, अनुच्छेद 48ए पर्यावरण की रक्षा और सुधार तथा वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा करना, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम (पीसीए अधिनियम), 1960 जानवरों के प्रति क्रूरता का कारण बनने वाले कई प्रकार के कार्यों को अपराध मानता है। यह चिकित्सा उन्नति सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रयोगों के लिए जानवरों के उपयोग की छूट देता है। भले ही विधेयक का मसौदा कानून बन जाए, फिर भी अपराधियों के लिए मामूली जुमार्ना भरना और अत्यधिक क्रूरता के कुछ कृत्यों के लिए कारावास से बचना संभव होगा। अपनी सीमाओं के साथ, मसौदा विधेयक का अधिनियमन भारत में पशु कानून के लिए एक बड़ा कदम हो सकता है। भारत को दुनिया के सभी देशों के लिए एक महान उदाहरण स्थापित करना चाहिए। हमें एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए, इसलिए नहीं कि मुझे लगता है कि हम श्रेष्ठ हैं लेकिन क्योंकि हमने किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक अहिंसा के बारे में बात की है, इसलिए जितना अधिक हम इसके बारे में बात करेंगे, इसे व्यवहार में लाने की जिम्मेदारी उतनी ही अधिक होगी। नई सरकार को यह जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए ताकि पीसीए अधिनियम (1960) में संशोधन अंततः दिन के उजाले को देख सके। अनुच्छेद 21 में अधिकार केवल मनुष्यों को प्रदान किया गया हैः लेकिन जीवन शब्द के विस्तारित अर्थ में अब बुनियादी पर्यावरण में गड़बड़ी के खिलाफ अधिकार शामिल है, इसका अर्थ यह होना चाहिए कि पशु जीवन के साथ भी आंतरिक मूल्य, सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि संविधान केवल मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा करता है, लेकिन जीवन शब्द का अर्थ आज केवल अस्तित्व से कहीं अधिक समझा जाता है; इसका मतलब एक ऐसा अस्तित्व है जो हमें, अन्य बातों के अलावा, एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रहने की अनुमति देता है।

# चुनावी समय में सोशल मीडिया बना चाणक्य

डा. निधि शर्मा

आज के समय में वही उम्मीदवार जनता का पसंदीदा बन जाता है जो सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंच बनाता है क्योंकि जो दिखाता है वही बिकता है, इसी बाजार की रणनीति को आज सभी राजनीतिक पार्टियां अपना रही हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि विज्ञापन को जांचने व परखने के लिए कई जांच एजेंसियां व प्रतियोगी कंपनियां अन्य कंपनियों के खिलाफ भ्रामकता के आधार पर कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती हैं। इसका हालिया उदाहरण देखने को मिला कि सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को भ्रामक विज्ञापन देने के लिए फटकार लगाई और इसके साथ-साथ इस कंपनी के खिलाफ याचिकाकर्ता इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को भी आड़े हाथों लिया। कोर्ट ने एलोपैथी डॉक्टरों द्वारा मरीजों को कथित तौर पर महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखने पर नाराजगी जताई है। इस मुद्दे से कोर्ट का जनता के शरीर पर पडवाले नकारात्मक असर का चिंतन तो उजागर होता है, लेकिन हर दिन सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाले कटेंट का लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर पडे वाले नकारात्मक प्रभाव की जिम्मेवारी कौन लेगा? इन दिनों चुनावी समय में तो हर राजनीतिक पार्टी स्वयं भी और इंफलुएंसर के माध्यम से देश के हर तबके तक पहुंचने के लिए प्रभावी सामग्री का प्रयोग अनिवार्य रूप से कर रही है।

यह सामग्री कितनी सही है और कितनी गलत, इसके लिए न तो कोई सरकारी मशीनरी है और न ही कोई एजेंसी। हालांकि चुनाव आयोग सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव प्रसार संबंधित सामग्री को जांचने के लिए हर जिले व राज्य स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम के माध्यम से मॉनिटरिंग कर रहा है, लेकिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में सामग्री साधारण न होकर अब आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस से भी बनाई जा रही है जिससे निपटना बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसके अलावा चुनाव आयोग तो आचार संहिता लागू होने के बाद से ही एक्टिव हुआ है, लेकिन राजनीतिक पार्टियां पिछले एक साल से अपने प्रचार-प्रसार में जुट गई हैं। यह बात इससे सिद्ध होती है कि यह वर्ष शुरू होते ही चुनावों को देखते हुए देश की राजनीतिक पार्टियों ने पहले 2 से 3 महीनों में मेटा एवं गूगल विज्ञापन में 102.7 करोड़ खर्च कर दिए। वहीं भाजपा पिछले एक साल से सरल नाम की ऐप के जरिए जनता से संपर्क बनाने में लगी हुई है, जिसे लगभग 2.9 मिलियन लोग गूगल प्ले स्टोर के जरिए डाउनलोड कर चुके हैं। वहीं विपक्षी गठबंधन भी सामाजिक न्याय, किसान, युवा व बेरोजगारी जैसे मुद्दों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म से उठाकर बड़ा अभियान चला रहा है। लेकिन फिर सवाल सिर्फ इतना है कि इन पार्टियों द्वारा दी जा रही सूचना कितनी विश्वसनीय है? सोशल मीडिया के प्रति दीवानगी इतनी है कि डिजिटल सलाहकार फर्म केपियोस के मुताबिक दुनिया भर में 520 करोड़ लोग सोशल मीडिया की अलग-अलग साइट्स का प्रयोग करते हैं जिनकी संख्या सालाना 3 से 4 प्रतिशत बढ़ रही है। वहीं हमारे देश में आईआईएस रोहतक के एक अध्ययन के मुताबिक लगभग 62 प्रतिशत युवा जानकारी के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म उपयोग करते हैं जिनमें से एक पुरुष औसतन स्क्रीन पर 6 घंटे 45 मिनट और महिला 7 घंटे 5 मिनट व्यतीत करती है। यानी कि सोशल मीडिया ही सूचना का मुख्य स्त्रोत बन चुका है। इस संदर्भ में सूचना का प्रवाह और उसकी संरचना मानवीय व्यवहार पर प्रभाव डाल रही है। चुनावी समय में पार्टियां अन्य समय से दुगनी रफ्तार के साथ अपने ऑनलाइन सामग्री के माध्यम से जनता को जोडे की कोशिश करती हैं। जिस पार्टी की गति जितनी नवनीतम और तेज होती है वो उसी गति से नए वोटर व समर्थन हासिल करने में कामयाब हो जाती है। खास बात यह है कि इन सोशल मीडिया साइट्स के मालिक इस समय में नियंत्रण करने के बजाय मूकदर्शक बन जाते हैं क्योंकि यह समय पैसा बनाने का है। इस बिंदु पर न तो कोई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कानून उन्हें नियंत्रण कर सकने में सक्षम है। इस मौके का फायदा उठाकर पार्टियां अनियंत्रित तरीके से नियोजित वर्ग में किसी भी तरीके से अपनी पहुंच बढ़ाती हैं और उनके आईटी सैल जनता की भावनाओं को अपने पक्ष में करने की पूरी कोशिश करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाली शराब पुलिस ने किया जब्त

ढाका,(पुर्वी चम्पारण)-कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के जटवलिया गांव के समीप पुलिस ने दो बाइक पर लादे शराब सहित दो बाइक को जब्त किया है। हालांकि दोनों बाइक सवार पुलिस वाहन को देख भागने में सफल रहे। उक्त मामले में नेपाल निर्मित सौफी, बीयर और अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। खबर की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष राकेश कुमार राय ने बताया की जब्त बाइक के मालिक पर केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही फरार तस्कर की भी गिरफ्तारी जल्द होगी।

### मुखिया संजय रजक की मोटरसाइकिल छीनी

इसुआपुर। प्रखंड की रामचौरा पंचायत के मुखिया तथा स्थानीय थाना क्षेत्र के बंगरा गांव निवासी संजय कुमार रजक की मोटरसाइकिल अज्ञात अपराधियों ने छीन ली है। वहीं मोटरसाइकिल पर सवार एक अन्य समर्थक की मोबाइल भी छीन ली गई है। घटना के संबंध में मुखिया और उनके समर्थक सुम्हां गांव के शिवकुमार सिंह के पुत्र बिट्टू कुमार ने अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि वे दोनों देर रात न्योता करके लौट रहे थे। इस दौरान बिट्टू कुमार मुखिया को उनके घर पर छोड़कर अपने घर सुम्हां गांव लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में सुम्हां तथा रामचौरा गांवों के बीच एक पुलिया पर बैठे चार-पांच अपराधियों ने उन्हें रोककर मुखिया की मोटरसाइकिल छीन ली। वहीं बिट्टू कुमार का मोबाइल भी छीन लिया।

### 23 कोलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

बनकटवा पु च बेलदारवा एसएसबी के जवानों ने शनिवार की दोपहर सीमावर्ती क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पिलर संख्या 383/4 के लगभग 700 मीटर दूरी पर जामुनभार गांव से एक कारोबारी को तेईस किलो गांजा (नशीली पदार्थ ) के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते एसएसबी 71वीं बटालियन के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की नेपाल से भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे एक तस्कर नशीली पदार्थ गांजा लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश कर गए जिसपर एसएसबी द्वारा नाका लगा कर करवाई कर एक तस्कर को दबोच लिया गया।बताया कि उक्त तस्कर की पहचान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के नौतन गांव निवासी बाबूलाल पिता हारगेन महतो के रुप में किया गया कागजी प्रक्रिया पूरा कर तस्करों को नशीले पदार्थ के साथ आदापुर थाना पुलिस को सौप दिया गया।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जागरूक

इसुआपुर । आगामी 25 मई को महाराजगंज लोकसभा में होने वाले चुनाव के मधेनजर प्रखंड के 13 पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत डोर टु डोर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सेविका, सहायिकाओं के द्वारा प्रतिदिन 10 से 15 घरों का भ्रमण किया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को मतदान की अनिवार्यता बताई जा रही है। बेहतर सरकार चुनने की भी बात कही जा रही है। सीडीपीओ चंद्रकांति कुमारी ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए पूर्व से ही प्रत्येक बूथ पर मतदाता पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बीएलओ, राजस्व कर्मचारी तथा पंचायत सचिव द्वारा भी अहम भूमिका निभाई जा रही है।

### मशरक थाना में लगा जनता दरबार,दो नये मामले दर्ज

मशरक थाना परिसर में शनिवार को भूमी संबधी विवादों के निपटारे को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में सीओ सुमंत कुमार , बड़ा बाबू रवि कुमार और थाना पुलिस मौजूद रहीं। मौके पर सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि जनता दरबार में दो नया मामला दर्ज कराया गया जिसे जांच के लिए रजिस्टर्ड कर लिया गया वहीं एक मामला पहले से लंबित था जिस पर सुनवाई की गयी जिसका निपटारा अगले जनता दरबार में किया जाएगा।

### परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत नई किट का किया वितरण

मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर नई पहल किट का वितरण आशा कार्यकताओं को किया गया। आशा कार्यकताओं के द्वारा पोषक क्षेत्र में नव विवाहित दंपतियों को नई पहल किट का वितरण कर परिवार नियोजन के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण तथा 2 बच्चों तक परिवार सीमित रखने के लिए किट का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि नई पहल किट में एक जूट बैग, विवाह पंजीकरण फार्म, जागरूकता पेंपलेट, एक छोटा बैग, तौलिया, कंघी, बिंदी, नेलकटर, दो सेट रूमाल व एक छोटा शीशा शामिल होगा। इसके अतिरिक्त बैग में गर्भ निरोधक गोलियां एवं प्रेग्नेंसी जांच किट भी शामिल है। मौके पर बीसीएम लव कुश कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार समेत आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# पुरानी पेंशन के लिए एकजुट रहें रेलकर्मी : रमेश मिश्रा

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। डॉ ए एच अंसारी मंडल अध्यक्ष पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने बताया कि रमेश मिश्रा , जोनल सचिव एनएफआईआर , नई दिल्ली सह केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ वाराणसी से छपरा रेल कर्मचारियों की समस्याओं से रूबरू होने के लिए आए। उन्होंने रेलवे के प्रत्येक विभाग के कर्मचारियों से मिलकर रेलवे बोर्ड एवं केन्द्र सरकार की कर्मचारी विरोधी रवैए से अवगत कराया। जोनल सचिव ने सभी कार्य स्थलों का सघन दौरा किया। साथ में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केन्द्रीय सहायक मंत्री एस आर सहाय , शाखा मंत्री अमिताभ गौतम एवं कोषाध्यक्ष प्रेम नाथ सिंह भी थे। जोनल सचिव रमेश मिश्रा एक-एक रेल कर्मचारियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। जोनल सचिव एनएफआईआर रमेश मिश्रा सुबह से छपरा के इंजीनियरिंग हट , कैरेज डिपो , डीजल लाबी एवं स्टेशन पर कार्यरत परिचालन तथा कमर्शियल कर्मचारियों के बीच में एक - एक कर्मचारी की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने रेल कर्मचारियों की समस्याओं को डीआरएम , जीएम और रेलवे बोर्ड स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया और उसके निदान कराने की बात कही। केन्द्र सरकार की मजदूर और कर्मचारी विरोधी नीतियों के बारे में सभी कर्मचारियों को विस्तार से बताया। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों से पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के साथ चट्टानी एकता के साथ जुड़ने और संघ को मजबूत करने का आह्वान किया। रेल कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में रेल कर्मचारियों को एनपीएस समाप्त कर ओपीएस लागू करना , 18 माह का बकाया मँहगाई भत्ता भुगतान करना , रेलवे में खाली पड़े पदों को शीध्र भरना , रेलवे आवासों का मरम्मत करना , रेलवे कर्मचारियों का शोषण बंद करना , लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर से अधिकतम 8 घंटे ड्यूटी कराना एवं ट्रैक मेंटेनरों की मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराना आदि ज्वलंत समस्याओं की उन्होंने चर्चा की। कर्मचारियों को संबोधित करने वालों में एस आर सहाय , प्रेम नाथ सिंह , अमिताभ गौतम , प्रसुन कुमार सिंह प्रतिमा कुमारी , मनोहर सिंह राना , संतोष कुमार , सुंदर कुमार यादव , रंजीत कुमार , दीपक दूबे , अमरजीत शर्मा , मनोज शर्मा , लक्ष्मी , ट्विंकल , दिलीप , संजय बैठा , ललन प्रसाद , नवनीत कुमार , सुनील कुमार द्वितीय , जी सी दूबे , अजय यादव , राकेश कुमार आदि हैं।

# शिव शक्ति इंडस्ट्रीज द्वारा हुआ फॉर्मर मीट का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। बड़े ही दुःख की बात है कि हमारे पास संसाधन होते हुए भी अन्यत्र राज्यों से चिकेन की आयात चंपारण में करते हैं, जबकि जरूरी है कि हमारे यहां इसकी फार्मिंग हो और हम इसका निर्यात करें और खुद के लिए उपज करें। उक्त बातें रक्सौल के महुरिया स्थित मुर्गी दाना उत्पादक शिव शक्ति इंडस्ट्रीज के एम.डी संजय गुप्ता ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने बताया कि पूरे चंपारण में शिव शक्ति इंडस्ट्रीज अकेला है, जहां से 45 प्रतिशत उत्तरप्रदेश, 25 प्रतिशत झारखंड एवं इसके अलावा बंगाल के कुछ क्षेत्रों के साथ अन्यत्र जाता है। अगर गुणवत्ता की बात करें तो कई सारी कंपनियां लगभग 6 ब्रांड बनाते हैं और हमारी कंपनी सिंगल ब्रांड की उत्पादन करती है, जो हर मौसम के लिए अनुकूल है। आश्चर्य की बात तो ये है कि चिकेन का चारा हमलोग यहां से भेजते हैं और चिकेन उधर से आता है, जबकि जरूरी है कि यहां के फार्मरों को जागरूक करने की, जो खुद यहां चिकेन का उत्पादन करें। उन्होंने बताया कि आज फॉर्मर मीट का अयोजन किया गया है और उन्हें सम्मानित किया गया है। शिवशक्ति इंडस्ट्रीज के पास खुद के डॉक्टर हैं, जो फार्मरों के यहां नियमित विजिट करते हैं। डॉ. सिकरी के द्वारा नियमित रूप से इसकी जांच की जाती रहती है। उन्होंने बताया कि शुरू में महीने के महज 10 टन निर्यात था और अब 125 टन का निर्यात हो रहा है, जो आगे और बढ़ेगा। मौके पर कंपनी के निदेशक राजू गुप्ता, मो. अली एवं पवन कुशवाहा के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

# बीडीओ ने लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारी के साथ की बैठक



परसा:-प्रखंड कार्यालय स्थित अम्बेडकर भवन सभागार में बीडीओ दीपक कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारी के साथ बैठक किया। जहां उन्होंने निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी सेक्टर पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।बीडीओ ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी आवंटित मतदान केंद्र का भ्रमण कर मूलभूत सुविधा की जांच कर दो दिनों के अंदर एएमएफ संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध करायें प्रखंड के सभी पंचायत में जहां-जहां भी मतदान केंद्र है वहां रैंप, बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय की उपलब्धता आवश्यक रूप से होना है।साथ ही इन आवश्यकताओं में कहीं कोई कमी या त्रुटि हो तो इसकी सूचना निश्चित रूप से प्रखंड कार्यालय को दें।उन्होंने कहा कि सभी की जिम्मेदारी है की चुनाव को लेकर मतदान केंद्र पर सभी तैयारी पूर्ण रहे।सेक्टर पदाधिकारी भेदय और क्रिटिकल मतदान केंद्र को चिह्नित करने के लिए क्षेत्र भ्रमण करेंगे। साथ ही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के दौरान जो नए मतदाता जुड़े हैं।उन सभी को ईपिक वितरण करने का कार्य सुनिश्चित करेंगे।इसी कड़ी में बीडीओ ने सेक्टर पदाधिकारियों से 80 से अधिक उम्र के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं की सूची दो दिन में तैयार करने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि सभी सेक्टर पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र में वैसे मतदान केंद्रों को चिह्नित कर खास नजर रखने को कहा गया है, जहां के मतदाताओं को प्रत्याशी विशेष के पक्ष में डराने- धमकाने की आशंका रहती है।मौके पर एमओ राणा रंजीत सिंह,नगर प्रबंधक नरोत्तम कुमार,पीओ कर्ण कुमार,श्रम पदाधिकारी अशोक कुमार, बीसीओ दयानन्द प्रसाद,जेई राहुल कुमार,मधुरेश कुमार,रामेंद्र प्रसाद सिंह सहित सभी सेक्टर पदाधिकारी मौजूद थे।

# एसएसबी, नप अध्यक्ष और प्रखंड प्रमुख अग्नि पीड़ितों के मदद में आगे आये



प्रात: किरण संवाददाता

ढांका ,(पुर्वी चम्पारण)-गोरगावा अग्नि पीड़ित परिवारों को मदत में एस एस बी सहित जनप्रतिनिधियों ने आगे बढ़ पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता कर रही है। शनिवार को एस एस बी कुंडवा चैनपुर के द्वारा 22 पीड़ित परिवारों को दो दो हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की ।वहीं नगर परिषद ढाका के सभापति इम्तेयाज अख़्तर द्वारा पच्चास पीड़ित परिवारों के बिच गोरगावा पहुंच कर पेंटी का वितरण किया ।जिसमें परिवार के लोग कुछ समान आदी रख सके ।ढाका प्रमुख किरण चौधरी के परिजनों द्वारा पच्चास पीड़ित परिवारों के बिच गैस चुल्हा वितरण किया जिससे पीड़ित परिवार को काफी सहायता मिली। विदित हो की 25अप्रैल को गोरगावा में एक साथ लगभग चार दर्जन लोगों का आशियाना जल कर एक साथ राख हो गया था ।जिसके बाद स्वयं सेवी, समाजसेवी और अन्य लोगों द्वारा सहायता की जा रही है। सरकार के स्तर से भी सहायता मिल रही है ।जिससे पीड़ित परिवारों की जिंदगी पटरी पर लौट सके।

# विश्वविद्यालय के खातों पर लगे रोक को हाईकोर्ट ने हटाया

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर : जयप्रकाश विश्वविद्यालय सहित बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के एकाउंट्स पर शिक्षा विभाग के अपर सचिव के आदेश अनुसार लगाए गए रोक को हाई कोर्ट के द्वारा हटा दिया गया है। अब विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों के वेतन भुगतान एवं आर्थिक मामलों का निष्पादन यथाशीघ्र हो जाएगा। मिली सूचना अनुसार उक्त आशय का पत्र बिहार शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव के द्वारा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति के नाम पत्र जारी करते हुए सूचित किए हैं कि विश्वविद्यालय के पदाधिकारी के अवरुद्ध वेतन को चालू करने तथा विश्वविद्यालय के खाते के संचालक पर रोक को हाई कोर्ट के आदेश अनुसार हटा दिया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र में विभागीय कार्यालय पत्रांक-324 दिनांक-28.02.2024 एवं पत्रांक-451 दिनांक-15.03.2024 के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर विभिन्न वाद यथा सी०डब्ल्यू० जे०सी० संख्या-7084/2024 (मगध विश्वविद्यालय बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) तथा अन्य सादृश्य मामले में सुनवाई के क्रम में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिये गये निदेश दिनांक 03.05.2024 के आलोक में विभागीय पत्रांक-1810 दिनांक-03.05.2024 द्वारा विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों की बैठक दिनांक-06.05.2024 को होटल मौर्या, गाँधी मैदान, पटना में आयोजित की गई है जिसमें आप समेत सभी संबंधित पदाधिकारी भाग लेंगे। उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक-324 दिनांक-28.02.2024 तथा पत्रांक-451 दिनांक 15.03.2024 को निरस्त किया जाता है। इस आदेश की प्रतिलिपि संबंधित बैंकों को भी भेजी जा रही है।

# बिहार प्रगति लेखक संघ के अध्यक्ष का निधन,शोक की लहर

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा सीपीआई के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र सौरभ तथा जिला सचिव रामबाबू सिंह ने एक संयुक्त बयान जारी कर डा ब्रजकुमार पांडेय के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। ज्ञातव्य है की आज ही तड़के तीन बजे उनका निधन हो गया। डा ब्रजकुमार पांडेय बिहार प्रगति शील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय शांति एकजुटता संगठन के प्रदेश महासचिव तथा कई सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े थे। उनका घर तो भोजपुर शाहाबाद इलाकेमे था किंतु हाजीपुर मे रहते थे। हाजीपुर मे ही वे कालेज प्राध्यापक रहे। उनके निधन से एक समाज विश्लेषक, मार्क्सवादी चिंतक तथा कलम का एक सिपाही हमलोगो के बीच से उठ गया। हमलोगों के अलावे छपरा के दर्जनों लोगो के साथ उनका आत्मीय लगाव था। सीपीआई की सारण जिला इकाई की ओर से डा पांडेय के निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित है और उनके शोक संतप्त परिवार को गहरी संवेदना प्रेषित है।

# उत्तर बिहार के गंगा समग्र केसह संयोजक व मुखिया संघ अध्यक्ष ने की नर्मदेश्वर महादेव के कथा मंच का उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

डोरीगंज। कोठियां-नरांव नरांव के नरांव टोला स्थित नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर परिसर मे चल रहे 1008 रुद्र महायज्ञ मे दिनों-दिन रौनक बढती जा रही है ।कोठियां, धनौडा, नरांव, मुसेपुर, मौजमपुर, मदनपुर, सप्तापुर, गोपालपुर, डुमरी, रुसुलपुर, छोटझौंवा, मुरौदपुर, झौंवा, बलुआ, संठा, कंसदिअर, जुअरा, मानुपुर, कसीना, हिम्तपुर, गोपालपुर, पंचपटिआ, देवरिया, महुआनी, पकवलिया-फुलवरिया, टिकुलियाटोला आदि गांवो के हजारो श्रद्धालुओ द्वारा नित्य यज्ञ मे अपनी श्रद्धा अर्पित की जा रही है ।बच्चा से लेकर वृद्ध तक नर्मदेश्वर महादेव के सामने अपनी मन्त रख रहे हैं और यज्ञ मंडप का परिक्रमा कर घर लौटते हैं ।संध्याकाल मे वाराणसी का प्रख्यात भगवद् कथावाचक आचार्य धर्मेन्द्र शास्त्री के मुखारविन्द से कथा श्रवण करने के लिए एकत्र होते है और देर रात तक कथा श्रवण कर अपने दिनचर्या और सोंच मे परिवर्तन ला रहे हैं।

आचार्य धर्मेन्द्र शास्त्री ने बताया कि नर्मदेश्वर महादेव की उत्पत्ति नर्मदा नदी से हुई है इनके उपर चढाया प्रसाद सभीं लोग ग्रहण करते हैं ।अन्य शिव लिंग का प्रसाद सीर्फ शिवजी के पूजेरी को हीं ग्रहण करने का अधिकार है लेकिन नर्मदेश्वर महादेव का लिंग इसका अपवाद है ।यज्ञ मे दूसरे प्रखंडो के भीं गणमान्य सदस्य उपस्थित हो रहे हैं ।शुक्रवार को कथा मंच का उद्घाटन मुसेपुर पंचायत के मुखिया व सदर प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बबलु कुमार, चिरान्द विकास परिसद के सचिव एवं गंगा समग्र के उत्तर बिहार के सह संयोजक तथा दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार श्रीराम तिवारी , रासबिहारी बाबा मठ के मठाधीश महाबीर दास जी महाराज ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर की ।इसके पूर्व इन महोदयों ने कथा वाचक मंडली का माल्यार्पण व अभिवादन भीं किया।

# विहिप की बैठक सम्पन्न



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा । शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद के जिला इकाई की बैठक स्थानीय रामबाग बैंक्विट,उत्तरी दहियावां टोला , छपरा में हुई इसमें मुख्य रूप से क्षेत्र संगठन मंत्री श्री आनंद जी, प्रांत संगठन मंत्री नागेंद्र जी, प्रांत अध्यक्ष उत्तर बिहार संजीव , कोषाध्यक्ष उत्तर बिहार प्रांत सह जिला अध्यक्ष छपरा सुमित कुमार सिंह उपस्थित रहे । इस अवसर पर बोलते हुए क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद ने बोला कि विश्व हिंदू परिषद एक गैर राजनीतिक संगठन है इसलिए किसी पार्टी विशेष को वोट करने के लिए नहीं कहता है लेकिन अपने इकाइयों के साथ लोकसभा में सभी को मतदान करने के लिए जागरूक करने का काम करेगा और जो मतदाता किसी कारणवश बूथ तक जाने में सक्षम नहीं हैं उन्हें वहां तक पहुंचने का भी कार्य संगठन के कार्यकर्ता करेंगे ।उन्होंने मतदान के गिरते प्रतिशत पर भी चिंता व्यक्त की और कहा की सभी को अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए ।आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि पाँच वर्षों में एक बार यह पर्व आता है और इसके माध्यम से आम जनता अपनी भागीदारी देश के विकास में सुनिश्चित करती है । लोगों को नोटा का बटन नहीं दबाना चाहिए और जितने भी प्रत्याशी मैदान में खड़े हैं उनमें से एक सही प्रत्याशी को ही अपना मत देना चाहिए ,लोगों को जात-पात से ऊपर उठ कर मतदान का प्रयोग सोच समझ कर करना चाहिए ।

# मशरक कोरेराव में विष्णु महायज्ञ के आठवें दिन आरती पूजन एवम प्रवचन में जुटी भीड़

प्रात: किरण संवाददाता



मशरक के कोरेराव गांव अवस्थित भव्य राम जानकी मठ परिसर में आयोजित 9 दिवसीय विष्णु महायज्ञ के पांचवे दिन भव्य आरती पूजन एवम प्रवचन में श्रद्धालु भक्तो की भीड़ जुटी। यज्ञ परिसर में आयोजित 9 दिवसीय अखंड अष्ट्याम में ग्रामीण काफी उत्साह से भाग ले रहे है।

यज्ञ प्रवचन पंडाल में सायं कालीन प्रवचन में मथुरा से पधारी साध्वी अर्चना मानिक परासर ने राम जन्मोत्सव तो अयोध्या से पधारी साधना देवी ने शिव विवाह पर सारगर्भित विचार रखे। साध्वी अर्चना ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जन्म जनकल्याण के निहित रहा। भारतवर्ष ही नही अपितु समस्त ब्रह्माण्ड के लिए प्रभु श्रीराम का जन्म कल्याणकारी सिद्ध हुआ। अयोध्या की पावन भूमि पर पिता राजा दशरथ और मां कौशल्या के आंगन में भगवान ने बाल्य काल से ही अपनी सादगी एवम वचन बद्धता को सम्पूर्ण जीवन में बनाए रखे। जिस वजह से मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में अपने को स्थापित कर समस्त जगत का कल्याण किया। प्रभु श्रीराम के स्मरण मात्र से समस्त मोह माया एवम संतापो से व्यक्ति मुक्त हो जाता है। साध्वी साधना देवी ने जगत गुरु शिव और शक्ति स्वरूपा माता पार्वती के विवाह का वर्णन प्रवचन में संगीत के साथ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देर तक पंडाल से जोड़े रखा। राम जानकी मठ एवम महायज्ञ संरक्षक पूर्व मुखिया छोटे प्रसाद सिंह , यज्ञ यजमान प्रखंड पैक्स अध्यक्ष विश्वजीत सिंह के साथ बसंत सिंह सहित समस्त यज्ञ हवन पूजन में शामिल ग्रामीण पुरुष महिला ने भगवान के भव्य आरती में हिस्सा लिया।

# कुलसचिव ने किया विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण, दिए कई निर्देश



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार ने शनिवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के विभिन्न कोषांगों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुलसचिव ने परीक्षा शाखा, वित्त शाखा, डिग्री सेल, महाविद्यालय निरीक्षक शाखा, इंजीनियरिंग सेल, डिग्री वितरण शाखा, पंजीयन शाखा सहित सभी कोषांगों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को कार्यों के ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कुलपति का स्पष्ट निर्देश है कि कार्यो में पारदर्शिता और समय सीमा का अनुपालन हो। माननीय कुलपति के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यों के निष्पादन के क्रम में विश्ववविद्यालय के किसी भी कर्मचारी को कोई समस्या हो तो उसे विश्ववविद्यालय प्रशासन के समक्ष रखे, उसका समाधान निकाला जाएगा।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के बैनर तले हुआ निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता




● इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल शक्तिनगर में निबंध एवम पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

छपराः रेड क्रॉस सोसाइटी सारण के द्वारा आयोजित रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले निबंध एवम पेंटिंग प्रतियोगिता में छपरा शहर में शक्तिनगर स्थित इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में निबंध एवम पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय स्तर से दोनो प्रतियोगिता यथा निबंध एवम पेंटिंग में प्रथम,द्वितीय और तृतीय का चयन कर रेड क्रॉस सोसायटी जिला इकाई को सुपुर्द किया गया है ।जिला स्तर पे इन बच्चो को 8 मई रेड क्रॉस दिवस के अवसर पे रामकृष्ण मिशन आश्रम के सभागार से सम्मानित किया जायेगा ।विद्यालय के निदेशक शशि शेखर ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में एक नया ऊर्जा का संचार होगा और उनको अपना क्षेत्र एवम कार्य समझने में मदद मिलेगा ।वही विद्यालय की प्राचार्य राहुल तिवारी ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाईटी की ये पहल से बच्चों के अंदर एक क्रियात्मक कार्यों के साथ मानसिक विकास में काफी सहायता मिलेगी। मौके पे विद्यालय के शिक्षक उत्तम कुमार,संजीव कुमार, राहुल चतुवेर्दी, स्मृति कुमारी और अन्य शिक्षक महजूद थे।

# शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर मतदान जागरूक रैली हुआ आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

सुगौलीः सुगौली में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत चुनाव के लिए मतदाता जागरूक करने हेतु सुगौली प्रखंड मुख्यालय से मतदाता जागरूक बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिन बूथो पर कम प्रतिशत में मतदान पूर्व में हुए थे उन मतदान केंद्रों के मतदाताओ शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया है। 25 मई को सुगौली सहित पूरे जिले में लोकसभा का मतदान होना है उसी को लेकर बाइक रैली पर निकले पदाधिकारी बीच बीच में ग्रामीणों को मतदान में पूरे भागीदारी वोट करने और सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के स्लोगन के साथ बाइक रैली सुगौली प्रखंड मुख्यलय से सुगौली मुख्य बाजार थाना चौक होते हुए आजाद चौक छपवा उतरी श्रीपुर दक्षिणी श्रीपु होते हुए कुरुमटोला नवाडीह होते बाजार से प्रखंड मुख्यलाय में समापन हुआ। इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी तेजप्रताप त्यागी ने कहा की मतदाता जागरूक रैली का आयोजन कर मतदाता से शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर जागरूक रैली का आयोजन किया गया है। मतदाता जागरूक रैली मे सीओ कुंदन कुमार कार्यपालक पदाधिकारी ३ अजय कुमार थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार स्वक्षता पदाधिकारी मोइन अंसारी नगर के अभिषेक कुमार मनोज कुमार शाहबाज रौशन नीतीश कुमार नसरुद्दीन मिया टुन्ना मिया राजिकिशोर प्रसाद विकास राम रिजु चौधरी जितेंद्र प्रसाद श्रीप्रकाश सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# पूर्व मुखिया समेत दो घरों से लाखों के आभूषण समेत नगदी चोरी

## 10 दिनों के भीतर भेल्दी थाना क्षेत्र के सात घरों में हो गई चोरी कि बड़ी घटना

प्रात: किरण संवाददाता



भेल्दी - भेल्दी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ गई है। ताजा मामला थाना क्षेत्र के मोलनापुर और गणेश पट्टी गांव की है। गुरुवार की रात चोरों ने छत के सहारे घर में प्रवेश कर शोभेपुर पंचायत के पूर्व मुखिया राकेश कुमार राम के घर को अपना निशाना बनाया। वहीं दूसरी घटना उनके घर से सटे गणेश पट्टी गांव के मयंक गौरव के घर में हुई जहां चोरों ने दोनो घर से आभूषण व नगदी की चोरी कर आराम से फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की मध्य रात्रि पूर्व मुखिया राकेश कुमार राम के घर में तीन भाई अलग-अलग कमरों में रहते हैं ।सभी के परिजन सोए थे तभी शातिर चोरों ने घर के अलमीरा में रखें महंगी कीमत के आभूषण चार मंगलसूत्र, तीन टिका, तीन हार पांच टॉप, लॉकेट,सिकरी,तीन बच्चों के लॉकेट अन्य गहनें समेत चांदी के आभूषण की चोरी कर ली। इस दौरान चोरों ने घर में रखें एक लाख दस हजार रुपए की भी चोरी कर ली। वहीं दूसरी घटना उनके घर के समीप ही गणेश पट्टी गांव में हुई जहां मयंक गौरव के परिजन घर में सो रहे थे वहां भी छत के सहारे दूसरे मंजिल पर प्रवेश कर आलमीरा का लॉक तोड़ सोने का आभूषण जिसमें चैन, टिका,कान की बाली, गले का हार,कंगन,अंगूठी, मंगलसूत्र व चांदी का सिक्का समेत 30 हजार की चोरी कर ली ।चोरी की घटना की सूचना होने पर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। दोनों परिजनों द्वारा थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में बाप-बेटी गंभीर रूप से जख्मी



भोजपुर। जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के झलकूनगर मोड़ के समीप तेज रफ्तार ट्रक (हाइवा) ने स्कूटी सवार बाप बेटी को को ठोकर मार दी। इस घटना में दोनों गम्भीर रूप से जख्मी हो गए।आनन फानन में दोनो जख्मियों को इलाज के लिए पीएचसी कोईलवर लाया गया जहां दोनो का प्राथमिक उपचार किया गया,इसके बाद परिजन दोनो को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर चले गए। दोनो जख्मियों की पहचान नगर पंचायत के वार्ड 02 मिश्रटोला निवासी श्यामबिहारी मिश्र के 60 वर्षीय पुत्र मृत्युंजय मिश्रा एवं उनकी 18 वर्षीय बेटी दीपा मिश्रा के रूप में की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और कोईलवर-बबुरा सड़क को चंदा मोड़ पर जाम कर दिया। जाम कर रहे आक्रोशितों का कहना था कि आये दिन इस मोड़ पर घटना हो रही है बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाये जा रहे है। तकरीबन डेढ़ घण्टे तक जाम के बाद पुलिस पदाधिकारियों द्वारा समझा बुझाकर जाम को समाप्त कराया गया।

### 16 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, 2 गिरफ्तार

आरा। जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर सिक्सलेन पुल पर पटना जिले से आ रहे 16 बालू लदे ट्रैक्टर को अभियान चलाकर कोइलवर पुलिस ने पकड़ा है। इसके साथ ही दो बालू तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई खनन पदाधिकारी भोजपुर और कोईलवर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में की गई। सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी के संयुक्त निर्देशन में भोजपुर पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा अवैध बालू के खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में शुक्रवार की देर शाम खनन पदाधिकारी भोजपुर राजेश कुशवाहा और कोइलवर थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र के नेतृत्व में कोईलवर थाना द्वारा की गई संयुक्त छापेमारी में कोईलवर सिक्सलेन पुल से 16 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा गया है।

### अपराध की योजना बनाते तीन अपराधी कट्टे के साथ गिरफ्तार

आरा। जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के कोईलवर-बबुरा फोरलेन पर संगम होटल के समीप अपराध की योजना बनाते तीन अपराधकर्मियों को देशी कट्टे,जिंदा कारतूस और फाइटर के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्रवाई बड़हरा पुलिस द्वारा की गई है। एसडीपीओ सदर-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात साढ़े 9 बजे के करीब गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बड़हरा थानांतर्गत कोईलवर-बबुरा फोरलेन पर संगम होटल के समीप कुछ अपराधकर्मी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में इकट्ठा हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद बड़हरा थानाध्यक्ष संजय कुमार,एसआई अरुण कुमार और थाना के सशस्त्र बल द्वारा विशेष टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी टीम जैसे ही संगम होटल के समीप पहुंची तो पुलिस टीम को देखते ही कुछ अपराधी भागने लगे। छापेमारी में शामिल सशस्त्र बलों द्वारा खदेड़ कर उन्हें पकड़ लिया गया और उनकी तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में उनके पास से दो देशी कट्टा,03 जिंदा कारतूस,02 मोबाइल और एक फाइटर बरामद किया गया।

### दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर



काराकाट(रोहतास)। एनएच 120 बिक्रमगंज-डेहरी मुख्य मार्ग पर जमुआ पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए, दोनों घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ केंद्र गोडारी में किया गया। घायलों की स्थिति गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों में मूंजी गांव निवासी शहाबुदीन खान पिता नौशाद खान, वही दूसरी बाइक सवार करूप गांव निवासी बिक्की कुमार पिता ललन साव बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह नव बजे बिक्की कुमार बाइक से कही कार्य से सड़क के रास्ते जा रहे थे। इसी दौरान उक्त पथ स्थित जमुआ पेट्रोल पंप के सामने के तरफ से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गया। खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं कि गई हैं। घटना में क्षतिग्रस्त दोनों बाइक को पुलिस अपने कब्जे में लेकर आगे कि करवाई कर रही है।

# छात्राओ ने पेंटिंग के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाया

प्रात: किरण संवाददाता




बेतिया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिले में लगातार संचालित की जा रही है इस मतदाता अभियान अंतर्गत हम लोगों का जो लक्ष्य है अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मत का प्रयोग करें। उक्त बातें नोडल स्वीप कोषांग पदाधिकारी कामलाकान्त त्रिवेदी ने कही। उन्होंने बताया कि मतदाता केंद्र में तरह-तरह के सुविधा भी इस बार मतदाताओं के लिए दी जाएगी, जहां गर्मी के मौसम के प्रकोप को देखते हुए जिला निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के निदेर्शानुसार जिले अंतर्गत जहां धूप का ज्यादा प्रभाव हो रहा हो वैसे सभी मतदान केंद्रों पर समियाना, पंडाल आदि की सुविधा के साथ-साथ शुद्ध शीतल पेयजल एवं दिव्यांग आदि के लिए व्हीलचेयर आदि जैसी सुविधा भी प्रदान की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की कठिनाई मतदाता को न हो। आज के इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में संत तेरेसा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के उच्च वर्ग कि छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से मतदाता जागरूकता को दशार्ते हुए बताया है कि वोट का क्या महत्व है, अपने अधिकारों को मतदाता जाने, वोट करना बेहद जरूरी है और इन छात्राओं ने शपथ समारोह में शपथ लेते हुए बताया कि हम सभी अपने आसपास के सगे संबंधी सहित पड़ोसियों को अधिक से अधिक जागरूक करते हुए मतदाता की संख्या में वृद्धि करने के लिए सभी मतदाताओं को जागरूक करेंगे ताकि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हमारे मतदाता जागरूक हो सके। इस क्रम में नोडल पदाधिकारी ने बताया कि हम अपने आसपास के सभी मतदाताओं को इस बात की जानकारी भी देंगे की पहली बार वोट करने वाले उन मतदाताओं को भी जागरूक करेंगे की अपने वोट का अधिकार अवश्य समझे और अपना वोट जरूर दे और जिन लोगों ने अब तक अपना वोट का प्रयोग किसी कारण वश न जाना हो, न समझा हो, उन्हें भी जानकारी देते हुए वोट करने के लिए जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर रेखा टुडू, सिस्टर बनार्डेड, शिक्षक राकेश रेमी सहित स्वीप कोषांग की सदस्या मेरी आडलीन, शमीम आरा, वंदना कुमारी, रविकांत झा, अमूल्य प्रताप सहित सभी सदस्य उपस्थित हुए।

## लोकसभा चुनाव को लेकर विश्व हिंदू परिषद की विशेष बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। विश्व हिंदू परिषद भोजपुर जिला की एक बड़ी बैठक का आयोजन हुआ चौरसिया रेस्ट हाउस ,आरा में हुआ । जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष श्री राजीव रंजन जी ने की। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री माननीय आनंद जी ने कहा कि इस लोकतंत्र के महापर्व में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पूरी शक्ति के साथ लगेंगे। शत प्रतिशत मतदान हमारा लक्ष्य है। मतदान राष्ट्र हित हो इस जन जागरण अभियान में अधिक आयु के मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुचाने की व्यवस्था में बजरंग दल के कार्यकर्ता अधिक ध्यान देंगे। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद इस लोकसभा क्षेत्र में 250 टोली के माध्यम से जनजागरण करने के लिए गांव गांव जाएगी । अधिकतम मतदान प्रातः 10 बजे के पूर्व हो ऐसा प्रयास हमसब का होना चाहिए। बैठक का संचालन जिला मंत्री उपेन्द्र तिवारी जी ने किया ,बैठक में बजरंग दल के प्रांत संयोजक रजनीश कुमार । प्रान्त विद्यार्थी प्रमुख अभिषेक राजा ,जिला उपाध्यक्ष विश्वेश्वर पांडेय जिला सह मंत्री अभिषेक चौरसिया, उपेन्द्र बजरंगी जिला कोषाध्यक्ष विमल पाठक ,मोनू निराला, अमित पांडेय , श्याम किशोर पाठक,जतिन गोस्वामी इत्यादि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास)। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास नविन कुमार के निर्देश पर बीडीओ काराकाट राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व स्वीप कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। गम्हरिया एंव धनहरा पंचायत के सभी गांवों में डोर टू डोर मतदान संवाद, विद्यालय में पेंटिंग, चित्रांकन व रंगोली के माध्यम से मतदाता को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने, चुनाव का पर्व देश का पर्व के रूप में मनाने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ हीं कई विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली, साईकिल रैली का भी आयोजन किया। बीडीओ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य लोकसभा चुनाव मे शत प्रतिशत मतदान करना। महिला मतदाताओं के लिए अधिक सुगम, आकर्षक एंव अनुकूल बनाना, सभी मतदाताओं बिशेषकर महिला, युवाओं, दिव्यांग एंव वृद्ध मतदाताओं के में मताधिकार के प्रयोग से आत्मगौरव की भावना जगाना एवं शत प्रतिशत जनभागीदारी सुनिश्चित कराना, मतदाताओं की जिम्मेदारी एवं कर्तव्य की भावना को प्रेरित कराना है।

धनहरा पंचायत के सूर्यनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय ओसाव, गम्हरीया पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय अवधेशनगर बेलवाई में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, जीवीका दीदी, बीएलओ, छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मतदाता को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, जीवीका के द्वारा भव्य रंगोली भी बनाया गया।

जागरूकता रैली में बीडीओ के अलावा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार, बीपीएम (जीविका) आशा कुमारी, पंचायत सचिव सौरभ कुमार, अविनाश कुमार प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र, मनोज कुमार सिंह, कुश कुमार त्रिपाठी, बिजेंद्र प्रताप, राजेश्वर सिंह, दिनेश कुमार दिनकर, शिक्षक अनिल कुमार पासवान, मनोज कुमार, महिला पर्यवेक्षिका रुकसाना खातुन, बाली कुमारी, विकास मित्र आरती कुमारी, गिरधरलाल सहित कई शामिल थे।

## पहले दिन स्नातक की परीक्षा तीन केंद्रों पर शांतिपूर्ण हुई संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) शनिवार को शहर के तीन परीक्षा केंद्रों पर स्नातक पार्ट-टू वर्ष 2022-25 की परीक्षा पहले दिन दो पालियों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जो संचालित परीक्षा के पहले दिन वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त परीक्षा के कारण परीक्षार्थियों के होश उड़ गए। वही परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट पर सघन जांच देख कुछ मुन्ना भाई महाविद्यालय प्रशासन के डर से भाग खड़े हुए। ज्ञात हो कि शहर के तीन परीक्षा केंद्रों तहत वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर में परीक्षार्थियों की संख्या 2826, अंजबित सिंह महाविद्यालय 1758 व इंदु तपेश्वर महिला कॉलेज में 1535 है। पहले दिन संचालित परीक्षा के प्रथम पाली में ग्रुप-ए विषय की विज्ञान व दूसरी पाली ग्रुप-बी विषय की कला संकाय सहित स्पेशल विषय की परीक्षा थी। जिसमें किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई भी परीक्षार्थी निष्कासित नही हुए। लेकिन अनुपस्थित जरूर रहें। वही वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों में सख्ती को लेकर उनके जुबां पर काफी चर्चा थी। वही तीन परीक्षा केंद्रों में सबसे अधिक परीक्षार्थियों की संख्या वीर कुंवर सिंह केंद्र परीक्षा केंद्र पर है। पहले दिन सख्ती पूर्ण संपन्न परीक्षा के संबंध में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर केंद्राधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र में मुन्ना भाई, मोबाईल, ब्लूटूथ,गेस पेपर,इलेक्ट्रानिक उपकरण सहित अन्य चिट पुर्जे के विरुद्ध परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर सघन जांच कर नकलची पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा पैनी नजर रखा गया।

## सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में कुल 112 लाभार्थियों को इसका लाभ मिला

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय आरा अंतर्गत भोजपुर जिला में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 112 लाभार्थियों को इसका लाभ मिला।

क्षेत्रीय कार्यालय के प्रांगण में लाभार्थियों को आमंत्रित कर प्रत्येक लाभार्थी को राशि 2 लाख का चेक दिया गया इस तरह कुल राशि 2,24,00,000/- (दो करोड़ चौबीस लाख मात्र ) मृतक खाताधारी के नामित के खातों में आंतरित की गई। बीमा राशि पाकर सभी लाभार्थियों ने भारत सरकार के तत्वाधान मैं बैंक द्वारा चलाई जा रही इस योजनाओं से अन्य ग्राहकों को जोड़ने हेतु आवाहन किया एवं उनके द्वारा भारत सरकार एवं बैंक का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी विकास कुमार द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे।

## फसड्डी साबित हुआ है सांसद का दावा : सुदामा प्रसाद

प्रात: किरण संवाददाता



उदवंतनगर/आरा। आरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार कॉ सुदामा प्रसाद ने आज संदेश विधानसभा क्षेत्र के उदवंतनगर प्रखंड के बरगही, छोटकी सासाराम, महुली, गजराजगंज, सरफांफर, तिरोजपुर,मोहमदपुर, नवानगर, मोहनपुर, कारीसाथ, हरनाथकुंडी, मसाढ़, करवा टोला, नवादा बेन, बीवीगंज, विशुनपुरा, मिल्की, बामपाली, हली टोला, बड़कागांव, पकड़ियाबर और चौकीपुर गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान सुदामा प्रसाद ने कहा कि आरा के सांसद व केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री आरके सिंह जो क्षेत्र के वीक का दावा कर रहें है, सफेद झूठ है। क्षेत्र की जनता और छात्र- नौजवानों के बीच आरके सिंह और प्रधानमंत्री मोदी को लेकर भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि सांसद महोदय अपनी सांसद निधि का भी उपयोग करने में फिसड्डी साबित हुए हैं और इसकी पोल खुल जाने के बाद हवाई दावे करते फिर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दो चरणों के मतदान के बाद अपनी संभावित हर से बौखलाए प्रभानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य भाजपा नेताओं की तर्ज पर आरके सिंह भी धर्म और जाति का सहारा लेने और विकास का हौव्वा खड़ा कर लोगों की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश। कर रहे है। क्षेत्र की जनता उनके इन मनसूबों पर इस बार पानी फेर देगी।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार देश के अन्नदाता किसानों के खिलाफ मोदी की सरकार बनाए तीनो कृषि कानून को खत्म करेगी और एमएसपी को कानूनी गारंटी देगी। जनसम्पर्क के दौरान इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी कॉ सुदामा प्रसाद के प्रति लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा हैं । बरगही और छोटकी सासाराम के मुसहर टोली सहित गरीब बस्तियों में लोगों ने उन्हें बताया कि वे अब भी बिजली के मोहताज हैं।विगत 10 के दौरान सांसद एक बार भी उनसे मिलने नहीं आये। जनसम्पर्क के दौरान भाकपा(माले) के गोपालगंज जिला सचिव इंद्रजीत चैरसिया , उदवंतनगर प्रखंड सचिव सुधीर सिंह, भोजपुर जिला कमेटी सदस्य शिवमंगल यादव, अजय गांधी, इंकलाबी नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष निरंजन केसरी , आइसा नेता रौशन कुशवाहा, अखिलेश गुप्ता , स्थानीय माले नेता अभय सिंह , क्यामुद्दीन अंसारी, हरिभजन चौधरी, राजद नेता श्याम यादव, शुशील यादाव ,मंगल यादव, त्रिलोकी यादव और कैप्टन सतेंद्र सिंह, नरेंद्र कुशवाहा आदि भी उनके साथ रहे।

## अपराध की योजना बनाते दो अपराधी को एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक दियारा क्षेत्र में बीते 1 मई की रात हुई गोलीबारी में दो लोगो की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। वहीं एक गंभीर जख्मी है। उस मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। घटना में संलिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने एक देशी लोडेड कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा है। एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने कोईलवर थाना में प्रेसवार्ता किया कर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर घटना के बाद क्षेत्र में कोईलवर थानाध्यक्ष नरोतमचन्द्र, अन्य पुलिस पदाधिकारी और डीआईयू की टीम गठित कर छापेमारी कर कोईलवर के पैसठवा बालू घाट के समीप से दो अभियुक्तों को पकड़ा गया है।

जिसकी तलाशी में एक देशी लोडेड कट्टा, तीन जिंदा कारतूस के साथ अपाची बाइक जब्त किया है। जो किसी घटना को अंजाम देने के लिए पैसाठवा बालू घाट जाने वाले रास्ते पर थे। गिरफ्तार आरोपी गुलशन कुमार महादेवचक सेमरिया और उमाकांत यादव उर्फ सौरव कुमार नारायणपुर दोनों कोईलवर थाना क्षेत्र के है। एसडीपीओ-2 ने बताया कि कमालुचक गदहिया बालू घाट पर अवैध बालू के वर्चस्व को लेकर गोलीबारी में गिरफ्तार दोनों आरोपी एक गैंग से तालुक रखते है और घटना में संलिप्त था। जो घटना के समय भी उस गैंग से लगातार सम्पर्क में था। अनुसंधान को लेकर उस गैंग का नाम उजागर नहीं किया जा सकता है। आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास के लिए बिहटा, मनेर, डोरीगंज थाना से भी संपर्क स्थापित किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों पर कांड संख्या 215/24 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## राजग ने की बूथ व पंचायत अध्यक्षों की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड के दनवार, अमौना और धरहरा में राजग ने बूथ अध्यक्षों व पंचायत अध्यक्षों के साथ एक बैठक की। बैठक में काराकाट विधानसभा के दनवार, अमौना और धरहरा पंचायत के बूथ व पंचायत अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख व सभी घटक दलों के कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकताओं को आगामी संसदीय चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में जनता से आशीर्वाद मांगने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के समक्ष रखने को कहा। साथ ही साथ मतदान का वोटिंग प्रतिशत बढ़ने पर भी विशेष बल दिया गया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर प्रत्याशी की धर्मपत्नी स्नेह लता की विशेष सहभागिता रही। कार्यक्रम अपने विचार रखने वालों में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के महासचिव अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, संजय मेहता, जोगेंद्र चौहान, भारतीय जनता पार्टी के जिला के महामंत्री विजय सिंह, काराकाट लोकसभा संयोजक नवीन चंद्र शाह, विधानसभा के संयोजक अखिलेश्वर पांडेय, गोडारी मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, संजय तिवारी, वीरेंद्र सिंह, विनोद सिंह, लोक जनशक्ति पार्टी के बादशाह पासवान, पार्टी के महामंत्री रजनीकांत पांडेय, अर्जुन गुप्ता, आनंदी शाह, कंचन देवी, रिंकू देवी इत्यादि। 10 मई 2024 होने वाले नामांकन समारोह के लिए सभी को आमंत्रित भी किया गया।

### नगर निगम क्षेत्र में वायु प्रदुषण कम करने के लिए तैयार किए एक्शन प्लान

गया ।राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की समीक्षा सचिव पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ,भारत सरकार के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई है। इस बैठक में नगर आयुक्त श्रीमती अभिलाषा शर्मा .के द्वारा गया शहर में वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं पीएम10 के स्तर को कम करने के संबंध में विशेष चर्चा की गई है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के द्वारा किए गए सर्वेक्षण में गया नगर के समाहरणालय चौक ,मिर्जा गालिब चौक, जयप्रकाश झरना, बुनियादगंज, सिकरिया मोड़,पटवा टोली, केपी रोड ,टेकारी रोड आदि को हॉटस्पॉट"हाट स्पाट"घोषित किया गया है। जिसके लिए गया नगर निगम के द्वारा हॉटस्पॉट एक्शन प्लान हाटस्पाट एक्सन प्लान तैयार किया गया है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गया शहर में शीघ्र ही कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट के प्रसंस्करण हेतु गया के नैली में प्लांट लगाया जाएगा।

## डीएम ने लोस चुनाव को लेकर अनुश्रवण कोषांग का किया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग की बैठक एवं कायार्शाला का आयोजन किया गया। नोडल पदाधिकारी सह वरीय कोषागार पदाधिकारी, अनुश्रवण कोषांग द्वारा कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से कोषांग से जुड़े कार्यो एवं दायित्वों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

ज्ञातव्य हो कि अरवल जिला जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है और इस क्षेत्र में चुनाव से संबंधित अधिसूचना 07 मई 2024 को निर्गत किया जाना है। इसलिए उनके द्वारा कोषांग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को 06 मई 2024 से नियमित रूप से कार्यो को लेकर तत्पर एवं उपस्थित रहने हेतु निदेशित किया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा, भूमि सुधार उप समाहर्ता के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## नगर निगम क्षेत्र में नाले नालियों की सफाई शुरू

गया ।प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग,बिहार द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी मौनसुन 2024 में जल निकासी हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई है ।जिसमे गया नगर निगम की ओर से अभिलाषा शर्मा, नगर आयुक्त द्वारा भाग लिया गया है। नगर आयुक्त द्वारा बैठक में बताया गया की गया नगर निगम द्वारा बड़े एवं मध्यम, छोटे नालियों की सफाई हेतु दो बार निविदा प्रकाशित कराया गया परंतु मात्र दो ग्रुप में ही निविदा प्राप्त हुई है ।जिसमे आचार संहिता प्रभावी रहने के कारण सरकार के माध्यम से चुनाव आयोग से अनुमति प्राप्त की जा रही है। जिन नाला नालियों में निविदा प्राप्त नहीं हुआ है ।उसमे वर्षा प्रारंभ होने में समय कम रहने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से गया नगर निगम क्षेत्र में 18 बड़े नालों एवं वार्ड के मध्यम एवं छोटे नालियों की सफाई प्रारंभ कराई गई है। जिस नाला में जहां पर मशीन से सफाई हो सकता है वहां मशीन से सफाई कराई जा रही है। डिसिल्टिंग मशीन, अन्य मशीन से नाला एवं भूगर्भ नाला की सफाई कराई जा रही है ।नाला, नालियों की सफाई का नियमित अनुश्रवण किया जा रहा है। तीन जोन बनाकर उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारियों, मुख्य सफाई निरीक्षक द्वारा लगातार अनुश्रवण एवं निरीक्षण जा रहा है। जिस जमादार द्वारा लापरवाही बरती गई है।

## जम्होर में गायत्री महायज्ञ की शुरूआत 6 मई से



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के हृदय स्थली दुर्गा मैदान के प्रांगण में जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के तत्वावधान में शांतिकुंज हरिद्वार के योग्य आचार्यो के सान्निध्य में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ 6 मई से होगी।यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के सहायक ट्रस्टी नवनीत कुमार ने बताया कि 6 मई को भक्तिमय वातावरण में जल यात्रा के साथ पवित्र विष्णु धाम के संगम तट से कलश में जलारोहण के साथ मंडप प्रवेश से यज्ञ की शुरूआत होगी।संध्या में संगीतमय प्रवचन का आयोजन किया गया है। 7 मई को देव पूजन एवं नवधा भक्ति के निमित संगीतमय प्रवचन का आयोजन किया गया है।वही, 8 मई को विभिन्न संस्कारों के बारे में चर्चा एवं यज्ञ फेरी का आयोजन किया गया है।9 मई को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति संकल्प एवं 10 मई को 500 घरों में देव स्थापना के साथ नशा मुक्ति संकल्प का अभियान चलाने के साथ-साथ भंडारे का कार्यक्रम एवं पूर्णाहुति और टोली की विदाई की जाएगी। यज्ञ समिति के सदस्य शब्दाक्षर के संगठन मंत्री सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि यज्ञ हमारी सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिस स्थान पर यज्ञ होते हैं उस स्थान से 10 कोश की दूरी तक के वातावरण शुद्ध हो जाते हैं। यह विज्ञान में भी बताया गया है कि यज्ञ के हवन कुंड से जो धूंआ निकलती है वह वायुमंडल के 10 किलोमीटर के आवरण को शुद्ध एवं परिष्कृत कर देती है धार्मिक ग्राम जम्होर में यज्ञ आयोजन की परंपरा वर्षो पुरानी है।

## कार्य कर रहे मजदूर को दिनदहाड़े गोली मार कर किया घायल



कैमूर। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद भी सोनहन थाना क्षेत्र के तरहनी गांव निवासी को गोली मारकर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनहन थाना क्षेत्र के तरहनी गांव निवासी अवधेश साह के 30 वर्षीय पुत्र गणेश साह दिनदहाड़े बेलगाम अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घायल युवक अवधेश साह का इलाज सदर अस्पताल भभुआ में चल रहा है। घायल युवक के हाथ पैर में गोली लगी है। घटना के खबर सुनकर कैमूर जिला पार्षद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने सदर अस्पताल भभुआ पहुंचकर जायजा लिया और घायल युवक को आर्थिक सहायता मुहैया करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत में हैं। उन्होंने यथाशीघ्र हमलावरों को गिरफ्तार करने एवं पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता एवं निशुल्क इलाज करने का मांग किया है। घायल युवक दैनिक मजदूर हैं मजदूरी करके अपने परिवार का जीविकापार्जन करता है।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



औरंगाबाद। नवीनगर प्रखंड के मध्य विद्यालय शाहपुर के विद्यालय प्रांगण में प्रधानाध्यापिका कुमारी रीता सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना, देवानंद कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी नबीनगर,राज नारायण राय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नबीनगर, संघ के प्रदेश सचिव धनंजय सिंह, शिक्षक नेता अशोक पाण्डेय, परमेंद्र सिंह,रवि शंकर सिंह सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। मंच का संचालन संतोष सिंह प्रखंड अध्यक्ष नबीनगर ने किया। सर्वप्रथम आगत अतिथियों को माल्यार्पण अंग वस्त्र और बुके द्वारा उनका सम्मान किया गया। दयाशंकर सिंह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना ने संबोधन के दौरान कहा कि यह एक विभागीय प्रक्रिया है हर व्यक्ति को 60 वर्ष नौकरी करने के बाद उनका रिटायरमेंट होता है। कुमारी रीता सिंह एक ईमानदार और कर्तव्य निष्ठ महिला शिक्षिका थीं। उन्होंने अपने कार्यो को बखूबी ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षक को अपने कार्यों के प्रति हमेशा ईमानदार होना चाहिए शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं समाज को आईना दिखाने का कार्य करते हैं।

राज नारायण राय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नबीनगर में अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज शिक्षक अपने कार्यो को ईमानदारी पूर्वक कर रहे हैं और हम सभी को अपने कार्यों को ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए उन्होंने कुमारी रीता सिंह को अच्छे स्वास्थ्य की कामना किया।

संघ के प्रदेश सचिव धनंजय सिंह शिक्षक नेता अशोक पांडे इंदल कुमार सिंह सुधीर कुमार सिंह परमेंद्र सिंह पैक्स अध्यक्ष संतोष सिंह समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह भृगुनाथ नाथ सहित अन्य ने भी सभा को संबोधित किया। कुमारी रीता सिंह अपने स्वतंत्रता सेनानी नाना से प्रेरणा लेकर के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षा का लक्ष्य जगाने का कार्य किया उन्होंने घर संघर्ष को उपरांत मध्य विद्यालय शाहपुर के चौमुखी विकास में अपना हर संभव मदद देखकर विद्यालय का विद्यालय के माहौल का खूब विकास किया। कुमारी रीता सिंह के अवकाश प्राप्त होने पर विद्यालय परिवार काफी भावुक थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 05 मई, 2024





## रणवीर सिंह की फिल्म की शूटिंग फिर टली, पहले शुरू करेंगे प्रशांत की 'राक्षस'

फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने जा रही फिल्म डॉन 3 की घोषणा पिछले साल के अगस्त महीने में की गई थी। तभी से दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस साल फरवरी के महीने में फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के रूप में कियारा आडवाणी का एलान किया गया था। अब इस फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की शूटिंग की 2025 तक के लिए टाल दी गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो अगले साल फरवरी महीने से इसकी शूटिंग शुरू होगी। सूत्रों के मुताबिक रणवीर इस फिल्म से पहले राक्षस की शूटिंग करेंगे। बताया जा रहा है कि डॉन 3 की लोकेशन के सिलसिले में फरहान इन दिनों लंदन में हैं। रिपोर्ट्स के दावों की मानें तो फिलहाल फरहान बतौर अभिनेता इस साल अपनी फिल्म खत्म करेंगे। इसके बाद ही वे डॉन 3 पर काम शुरू करेंगे। डॉन 3 इस सुपरहिट फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। इसका पहला भाग 2006 में रिलीज हुआ था, जिसमें शाहरुख खान के साथ प्रियंका चोपड़ा, अर्जुन रामपाल मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद 2011 में इसका सीक्वल आया था। दर्शकों को यह फिल्म बहुत पसंद आई थी। वहीं, अब इसके तीसरे भाग में रणवीर सिंह को मुख्य अभिनेता के रूप में कास्ट किया गया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो रणवीर सिंह को जल्द ही अजय देवगन अभिनीत सिंघम अगेन में नजर आएंगे। यह रोहित शेट्टी के पुलिस यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है। इसमें अजय और रणवीर के अलावा करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर भी होंगे। इसके अलावा वे प्रशांत वर्मा की फिल्म राक्षस में भी दिखेंगे। वहीं, कियारा आडवाणी गेम चेंजर और वॉर 2 जैसी बड़े बजट की फिल्मों में नजर आने वाली हैं।



# आज हीरोइनों को शादी के बाद जिस तरह के मौके मिल रहे हैं, वो पहले नहीं मिलते थे

**सोनाली बेंद्रे ने नब्बे के दशक में तमाम शानदार फिल्में कीं। शादी और बच्चे के बाद ब्रेक लेने वालीं सोनाली ने टीवी पर रिएलिटी शोज से वापसी की। पिछले दिनों उन्होंने वेब सीरीज द ब्रोकन न्यूज से ओटीटी पर डेब्यू किया, जिसका सीजन 2 जल्द आने वाला है।**

**पहले एक्ट्रेस का करियर शादी के बाद ब्रेक हो जाता था। लेकिन आज शादी के तुरंत बाद आप अगली फिल्म कर रहे होते हैं। इस बदलाव को आप कैसे देखती हैं?**

मैं अपनी शादी के बाद भी काम कर रही थी। मैंने बच्चा होने के बाद ब्रेक लिया था। ऐसा इसलिए क्योंकि वह वक्त मैं अपने बच्चे के साथ बिताना चाहती थी। भगवान की कृपा से मेरे पास वह लग्जरी थी कि मैं ऐसा कर सकती थी। लेकिन यह बात सही है कि आज हीरोइनों को शादी के बाद जिस तरह के मौके मिल रहे हैं, वैसे पहले नहीं मिलते थे और मैं इसके लिए बहुत खुश हूं। हम सारी ऐक्ट्रेस जो उस समय काम कर रही थीं, हम सबने बहुत जल्दी काम शुरू किया। आप कितने भी अच्छे ऐक्टर हों, लेकिन कुछ चीजें जिंदगी जीकर ही सीख सकते हो। और जब तक आप वह जिंदगी जीना शुरू करते हो, तब तक ऐसा पीरियड आ जाता है, जब लोग आपके लिए लिखना बंद कर देते हैं। कुछ रोल्स एक खास उम्र वाली ऐक्ट्रेस के लिए ही लिखे जाते थे। अब यह एक अवसर है कि अलग-अलग उम्र के लिए रोल लिखे जाने लगे हैं, अलग-अलग किस्म के लेखक लिख सकते हैं। अब स्टोरीज को पर्दे पर आने का मौका मिल रहा है।

**आपने सिनेमा, टीवी और ओटीटी तीनों मीडियम में काम किया है। क्या फर्क महसूस किया आपने?**

कैमरा के सामने तो बिलकुल एक जैसा ही है। मैंने जो टैलेंट रियलिटी शो किए हैं, वे अलग हैं। वहां मैं किरदार अदा नहीं कर रही होती हूं, बल्कि मैं खुद होती हूं। मैं प्रतिभाशाली लोगों के साथ मिलना-जुलना काफी एंजॉय करती हूं। हमारे देश में इतने टैलेंटेड लोग हैं। अब सोशल मीडिया आ गया है तो उनको एक जगह मिल रही है, जहां वे अपनी प्रतिभा दिखा पाते हैं। लेकिन हमारे दौर में किसी को पता भी नहीं था कि देश में इतनी प्रतिभा है। उसका चार्म अलग ही था। वह हमारे लिए सरप्राइज होता था कि इतना कुछ हो सकता है। लेकिन जहां पर फिल्में, फिक्शन या ओटीटी हुआ, तो उनमें कुछ चीजें एक जैसी हैं, तो कुछ में फर्क है। जैसे कैमरे के सामने वाली ऐक्टिंग थियेटर स्टेज से थोड़ी अलग होती है। फिल्में दो-ढाई घंटे में कहानी बताती हैं और इनमें आपके किरदार का एक पहलू दिखाया जाता है। ओटीटी पर जब आप सीरीज कर रहे होते हो, तो वह एक लंबे अंतराल वाला होता है। उसमें आपको थोड़े और पहलू दिखाने का मौका मिल जाता है। जो किरदार 2 घंटे में आपको फिल्मों में खत्म करना होता है, उसके लिए ओटीटी में आपको छह घंटे मिल जाते हैं। यानी आपको उसे समझने का और वक्त मिल जाता था।

**आपने लंबे अरसे बाद वेब सीरीज द ब्रोकन न्यूज से एक्टिंग की दुनिया में वापसी की। कैसा अनुभव रहा?**

ये दोनों बहुत अच्छे कलाकार हैं। लेकिन मुझे यह डर था, क्योंकि मैंने दोनों का काम देखा हुआ था। दोनों ने अलग-अलग किरदार करके कहां से कहां तक अपनी जगह बनाई है। यह देखकर मैं बहुत घबराई हुई थी। दोनों अपने काम में बहुत कमाल के हैं। जो उनके सामने लाओ, वह इतने अच्छे से कर जाओ। आप कितने भी लोगों के साथ काम कर चुके हों, लेकिन जब आप नए लोगों के साथ काम करते हो, तो आपको बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। मेरे लिए भी इंडस्ट्री बहुत बदल चुकी है। काम करने का तरीका काफी बदल चुका है। इन दोनों से मैंने बहुत कुछ सीखा है और बहुत ही एंजॉय किया।




## यश की टॉक्सिक से बाहर हुईं करीना

जब यह खबर आई कि करीना कपूर खान यश की आगामी फिल्म टॉक्सिक में अभिनय करेंगी तो प्रशंसक रोमांचित हो गए। हालांकि, हालिया अपडेट से पता चला है कि करीना ने फिल्म से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। वहीं, इसके पीछे की चौंकाने वाली वजह भी सामने आ गई है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो शेड्यूलिंग टकराव के कारण अभिनेत्री अब इस परियोजना में शामिल नहीं है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों ने पिंकविला को बताया कि करीना कपूर की डेट्स यश की टॉक्सिक के साथ मेल नहीं खातीं। कैलेंडर को समायोजित करने के प्रयासों के बावजूद, उन्होंने अलग होने का फैसला किया है। करीना कपूर के बाहर निकलने के बाद, प्रोडक्शन टीम अब कई अभिनेत्रियों के साथ उस महत्वपूर्ण भूमिका को निभाने के लिए बातचीत कर रही है जो मूल रूप से उनके लिए थी। टॉक्सिक भाई-बहन की गतिशीलता पर बहुत अधिक निर्भर करता है, जिससे बहन की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, निर्माता इस भूमिका के लिए पैन इंडिया उपस्थिति वाली अभिनेत्रियों की तलाश कर रहे हैं। इस बीच, फिल्म में यश के साथ मुख्य भूमिका के लिए कियारा आडवाणी की पुष्टि हो चुकी है। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित, टॉक्सिक यश और पुरस्कार विजेता निर्देशक के बीच पहला सहयोग है। 10 अप्रैल, 2025 की योजनाबद्ध रिलीज की तारीख के साथ, फिल्मांकन वर्तमान में प्रगति पर है। यश, नितेश तिवारी की रामायण के साथ इस फिल्म का सह-निर्माण भी कर रहे हैं।

## सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से जुड़े अक्षय ओबेरॉय

अभिनेता अक्षय ओबेरॉय कथित तौर पर आगामी रोमांटिक कॉमेडी सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के लिए बोर्ड पर आ गए हैं। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में डायनामिक जोड़ी वरुण धवन और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। बीते दिन इस फिल्म से रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा के जुड़ने की खबर सामने आई थी। फिल्म पर आ रहा लगातार नया अपडेट फैंस के उत्साह को बढ़ा रहा है। फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में अक्षय ओबेरॉय के शामिल होने की खबर ऑनलाइन जारी की। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के मुताबिक, ओबेरॉय फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और वरुण धवन और जान्हवी कपूर के साथ सितारों से भरे समूह में शामिल होंगे। यह जानकारी कलाकारों में सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ को शामिल करने की हालिया रिपोर्टों के बाद सामने आई है। फिल्म के विषय के बारे में बताते हुए, रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि यह एक सर्वोत्कृष्ट पारिवारिक मनोरंजन फिल्म है, जिसका मूल रोमांस है, जो खेतान की पिछली फिल्मों में देखी गई सिग्नेचर शैली की प्रतिध्वनि है। अक्षय ओबेरॉय को पीकू, गुड़गांव और फितूर जैसी फिल्मों में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है।



## कंगुवा एक महान फिल्म है, जिसे शानदार तरीके से बनाया गया है

सुपरस्टार सूर्या की आने वाली फिल्म कंगुवा एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। फिल्म में सूर्या, बॉबी देओल और दिशा पाटनी मुख्य किरदार निभा रहे हैं। बॉबी को सूर्या के साथ देखने के लिए हिंदी के दर्शक काफी उतावले नजर आ रहे हैं। टीजर जारी होने के बाद से ही फैंस बेसब्री से इसे देखने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, अब खुद सूर्या की पत्नी ज्योतिका ने भी कंगुवा को लेकर बड़ी बात कही है। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में ज्योतिका ने अपने पति सूर्या की फिल्म कंगुवा के बारे में बात की। उन्होंने यकीन के साथ कहा कि कंगुवा के जरिए सिनेमा में पहली बार कुछ नया देखने को मिलने वाला है। यह एक महान फिल्म है, जिसे शानदार तरीके से बनाया गया है। हालांकि, सूर्या में फिल्म के लुक को लेकर उन्होंने मजाक में कहा कि मुझे लगता है कि अब सूर्या को जल्दी बाल कटा लेने चाहिए। साक्षात्कार में ज्योतिका अपने पति की तारीफ करने से भी नहीं चूकीं। उन्होंने कहा कि सूर्या फिल्म में अपना 200% देते हैं। वह कमाल हैं और ऐसा इसलिए नहीं कह रही, क्योंकि उनकी पत्नी हूं। करियर हो चाहे शादी हो या फिर बच्चे, सूर्या हर चीज में अपना 200% देते हैं।


ज्योतिका की अगली फिल्म श्रीकांत- आ रहा है सबकी आंखें खोलने है, जिसमें वह राजकुमार राव के साथ अभिनय करती दिखाई देंगी।



## कृति ने शुरू की अगली फिल्म की तैयारी!

अभिनेत्री कृति सेनन के लिए इस साल की शुरुआत शानदार रही है। इस साल फरवरी में वह शाहिद कपूर के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आईं। इसके बाद मार्च में वह फिल्म क्रू का हिस्सा बनीं। करीना कपूर और तब्बू के साथ कृति की जोड़ी खूब जमी। अब लग रहा है कि कृति अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं। उन्होंने जो तस्वीर साझा की है उससे यही लग रहा है कृति तस्वीर में स्क्रिप्ट पढ़ती नजर आ रही हैं।





# मेरी शादी में 15 साल बाद भी रोमांस बरकरार है

**ओटीटी में अपने अभिनय की साख जमा चुके अभिनेता प्रतीक गांधी को बड़े पर्दे पर मडगांव एक्सप्रेस में भी काफी पसंद किया गया। थिएटर की परवरिश पा चुका ये अदाकार इन दिनों चर्चा में है, अपनी नई फिल्म दो और दो प्यार से। विद्या बालन और इलियाना डिक्रूज के हीरो बन कर आए प्रतीक जल्द ही यामी गौतम और तापसी पन्नू के नायक के रूप में दिखेंगे।**

**आपकी पिछली फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में आपके काम को तारीफ मिली। आप इंटेस भूमिकाओं के बाद कॉमिडी के रंग में रंगे नजर आए। हर तरह की भूमिकाएं निभाकर कैसा महसूस हो रहा है?**

मुझे हमेशा से कॉमिडी बहुत पसंद रही है और मेरा मानना है कि कॉमिडी बहुत मुश्किल भी है। थिएटर में तो मैंने कई कॉमिक किरदार किए थे, मगर बड़े परदे पर मैं स्लैपस्टिक ह्यूमर पहली बार कर रहा था। मैं ये कॉमिडी उसी डायरेक्टर के साथ करना चाह रहा था, जिसे इसकी समझ हो और मैं कह सकता हूं कि कुणाल खेमू से ज्यादा और बेहतरीन कौन हो सकता था। उन्हें कॉमिडी की गहरी समझ है और जिस तरह से उन्होंने स्क्रिप्ट लिखी, वो कमाल की थी। नरेशन के वक्त ही मैंने सोच लिया था कि ये स्क्रिप्ट वर्क करेगी। सच कहूं, तो अपने करियर के इस दौर से बहुत खुश हूं। मेरे लिए ये विन विन सिचुएशन है। मैं हमेशा से विविधरंगी काम करना चाह रहा था और खुशी की बात ये है कि दर्शकों को मेरा काम पसंद आ रहा है। ये मेरे करियर का बेस्ट टाइम है।

**अपनी फिल्म दो और दो प्यार में आप शादी में चीटिंग करते हैं, मगर असल जिंदगी में आप चीटिंग को कैसे देखते हैं? यदि आपको फिल्म जैसी सिचुएशन से गुजरना पड़े तो?**

देखिए, चीटिंग शब्द अपने आप में बुरा ही है। चाहे वो काम में हो या इमोशन में। मगर फिल्म में हम बात कर रहे हैं, ऐसे कपल की, जिनका शायद अंदर ही अंदर प्यार सूख चुका है और वे बाहर प्यार ढूंढने निकल पड़े हैं और फिर सिचुएशन ऐसी आती है कि वे लोग दोबारा एक-दूसरे से प्यार करने लगते हैं। ये जो स्थिति है, ये इतनी जटिल है कि इसे अच्छा-बुरा या काला-सफेद कहना मुहाल है, जो इस सिचुएशन में है, वही समझ सकता है। हम बैठ कर तो कोई भी जजमेंट पास कर सकते हैं, मगर उनके जूते में पैर रख कर सोचना होगा कि क्यों और कैसे हुआ होगा? मैं इस हालात में कभी नहीं पड़ना चाहूंगा। सोच कर ही कांप उठता हूं। अगर आपके पास दो जॉब लेटर हों, तो आपको उसमें से चूज करना मुश्किल हो जाता है, तो फिर ये तो दो नाव की सवारी है, जो और भी दुष्कर है।

**आप मोहन नो मसालो, हूं चंद्रकांत बक्शी जैसे गुजराती नाटक, तो मेरे पिया गए रंगून जैसे हिंदी नाटकों में काम कर चुके हैं। थिएटर ने आपके अभिनय की जमीन को कितना पुख्ता किया?**

हर तरह से पुख्ता किया। मैंने जितनी कहानियां कीं, सभी से कुछ न कुछ सीखा। रंगमंच पर मैं किरदार की छोटी-छोटी बातों पर बहुत ध्यान दे पाया। एक गहन रिसर्च से गुजरा मैं हर बार। थिएटर से मैंने कन्विक्शन और डिसिप्लिन सीखा। एक अदाकार के रूप में कब आगे बढ़ना है और कब थम जाना है, ये सीखा। ये भी जाना कि सारी की सारी तालियां बटोरने का हकदार सिर्फ मैं नहीं हूं। मुझमें एक सेल्फलेसनेस नाटकों से आई।

**आम तौर पर कहा जाता है कि शादी के बाद रोमांस खत्म हो जाता है, क्या आप भी ऐसा मानते हैं?**

बिल्कुल भी नहीं। मेरी शादी को 15 साल हो गए हैं और मुझे ऐसा जरा भी नहीं लगता। मेरी शादी में रोमांस अब भी बरकरार है, मगर किसी की शादी में रोमांस क्यों खत्म हो जाता होगा, मैं समझ सकता हूं। जब आप रिश्तों को बहुत ग्रांटेड लेने लगते हैं, जब आपका अपने पार्टनर से कम्युनिकेशन बंद हो जाता है, तो वो शुरुआत होती है, आपके रिश्तों की दूरी की। प्यार का ये मतलब नहीं कि आप एक-दूसरे पर गुस्सा नहीं कर सकते या आपके मतभेद नहीं हो सकते, प्यार का मतलब ये होता है कि आप बिना डर के अपने सारे इमोशन जता सकते हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### भारत के साथ रुपये में व्यापार करेगा नाइजीरिया; यूपीआई के जरिये संभव होगा डिजिटल भुगतान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और नाइजीरिया ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए स्थानीय मुद्रा में व्यापार पर जल्द एक समझौता करेंगे। इसके अलावा नाइजीरिया डिजिटल भुगतान के लिए भारत के यूपीआई का इस्तेमाल करेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल मे ही नाइजीरिया की यात्री की है, जहां अबूजा में दोनों पक्षों ने कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, औषधि, बिजली उत्पादन सहित कई ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जिनमें व्यापार व सहयोग बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा दोनों देश इस बात के लिए सहमत हुए हैं कि स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) समझौता किया जाए, ताकि दोनों देश एक-दूसरे की मुद्रा में व्यापार के लिए भुगतान कर सकें। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय एक्जिम बैंक और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के अधिकारी शामिल थे। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार के साथ-साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी निवेश को बढ़ाने के लिए कई क्षेत्रों की पहचान की है। नाइजीरिया अफ्रीका में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

### बायजू घटनाक्रमः एनसीएलटी के समक्ष विक्रेताओं के कुल दावे 190 करोड़ रुपए तक पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संकटग्रस्त बायजू के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष विक्रेताओं के कुल दावे 190 करोड़ रुपए तक पहुंच गए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसमें हैंडसेट विनिर्माता ओप्पो ने एक करोड़ रुपए का नया दावा दायर किया है। बायजू के लिए बढ़ते दावे ऐसे समय में सामने आए हैं, जब यह निवेशकों के साथ विवाद के कारण राइट इश्यू से जुटाए गए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि को हासिल नहीं कर पाई है।

एक सूत्र ने कहा, एनसीएलटी के समक्ष बायजू के खिलाफ कुल 190 करोड़ रुपए के दावे किए गए हैं। इसमें चीनी मोबाइल कंपनी ओप्पो का एक करोड़ रुपए का दावा भी शामिल है। इस मामले पर बायजू और ओप्पो को भेजे गए सवालों का कोई जवाब नहीं मिला। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई ने बायजू के खिलाफ 158.9 करोड़ रुपए का सबसे बड़ा दावा दायर किया है। इसके बाद कॉन्जेंट ई-सर्विसेज ने 6.7 करोड़ रुपए और टेलीपरफॉर्मेंस बिजनेस सर्विसेज ने पांच करोड़ रुपए का दावा किया है। एक सूत्र ने कहा कि सभी दावे विवादित हैं और वास्तविक बकाया इससे कम हो सकता है।

### दूरसंचार ग्राहकों की संख्या मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 119.9 करोड़ हुईः ट्राई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के नये ग्राहकों को जोड़ने के कारण देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 119.9 करोड़ हो गई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की शुक्रवार को जारी मासिक ग्राहक रिपोर्ट के अनुसार ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या बढ़कर 92.4 करोड़ हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या फरवरी 2024 के अंत में 1,19.77 करोड़ से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 1,19.93 करोड़ हो गई। इसमें मासिक आधार पर 0.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान रिलायंस जियो ने 21.4 लाख मोबाइल ग्राहक जोड़े, जबकि भारती एयरटेल ने 17.5 लाख ग्राहक जोड़े। दूसरी ओर वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने 6.8 लाख मोबाइल ग्राहक, बीएसएनएल ने 23.5 लाख और एमटीएनएल ने 4,674 ग्राहक खो दिए।

# श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इजरायल के बाद फिलीपींस चले गौतम अडानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की अगुवाई वाला अडानी ग्रुप अब फिलीपींस में भारी निवेश की तैयारी में है। अडानी ग्रुप की कंपनियां इस देश में पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, पावर और डिफेंस सेक्टर में निवेश की संभावनाएं तलाश रहा है। ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स ने फिलीपींस के बटान में एक 25 मीटर डीप पोर्ट को डेवलप करने में दिलचस्पी दिखाई है। यह पोर्ट पैनामैक्स वेसल्स को भी हैंडल कर सकता है। अमूमन इस तरह का जहाज 50,000 से 80,000 डेडवेट टन तक का होता है। ये 965 फीट लंबा, 106 फुट बीम और 39.5 फुट ड्राफ्ट का जहाज होता है। यह भारी मात्रा में सामान ले जा सकता है। दुनिया में कम ही बंदरगाहों में इस तरह के भारीभरकम जहाजों को हैंडल करने की सुविधा होती है।



गौतम अडानी के बेटे और अडानी पोर्ट्स के एमडी करण अडानी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्निडाड आर मार्कोस जूनियर के साथ गुरुवार को मनीला में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने फिलीपींस में अडानी ग्रुप की निवेश योजनाओं के बारे में बताया। मार्कोस ने अडानी पोर्ट्स की योजनाओं का स्वागत किया। उन्होंने सुझाव दिया कि कंपनी को एग्रीकल्चरल प्रॉडक्ट्स की हैंडलिंग पर फोकस करना चाहिए ताकि फिलीपींस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश में टूरिस्ट्स के लिए गेटवे डेवलप कर रही है। साथ ही एग्रीकल्चरल प्रॉडक्ट्स की लॉजिस्टिक कॉस्ट को भी सस्ता करने के लिए गेटवे बनाए जा रहे हैं। अगर अडानी पोर्ट्स की डील फाइनल होती है तो चौथे देश में कंपनी की एंट्री होगी। इससे पहले कंपनी श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इजरायल में एंट्री कर चुकी है।

अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड ने हाल में चौथी तिमाही का रिजल्ट जारी किया था। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 76.87 प्रतिशत बढ़कर 2,014.77 करोड़ रुपये हो गया। देश की सबसे बड़ी एकीकृत लॉजिस्टिक्स कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,139.07 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। एपीएसईजेड ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत कुल आय बढ़कर 7,199.94 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 6,178.35 करोड़ रुपये थी। आलोच्य तिमाही में कुल व्यय बढ़कर 4,450.52 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 3,995 करोड़ रुपये था। कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में प्रति शेयर छह रुपये का डिविडेंड देने की घोषणा की है। कंपनी ने इसके लिए 14 जून रेकॉर्ड डेट फिक्स की है।

# केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने शनिवार को प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। इसी के साथ सरकार ने न्यूनतम निर्यात कीमत (एमईपी) को 500 डॉलर प्रति टन पर निर्धारित किया है। गौरतलब है कि केंद्र का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब देश में चुनाव जारी हैं और प्याज राजनीतिक दलों के लिए हवा बदलने वाली फसल साबित हुआ है। विदेशी व्यापार मामलों के महानिदेशालय ने अपने नोटिफिकेशन में कहा, प्याज की निर्यात नीति को प्रतिबंधित से बदलकर मुक्त विषय में लाया जा रहा है। इसका न्यूनतम निर्यात मूल्य तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक 550 डॉलर प्रति टन होगा।

एक रात पहले ही सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी ड्यूटी लगाने का एलान किया था। इससे पहले पिछले साल अगस्त में केंद्र ने प्याज के निर्यात पर आंशिक तौर पर रोक लगाते हुए 31 दिसंबर 2023 तक के लिए इसकी निर्यात ड्यूटी 40 फीसदी कर दी थी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इससे पहले, सितंबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 642.45 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।



रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.16 अरब डॉलर घटकर 559.70 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.27 अरब डॉलर घटकर 55.53 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.04 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.64 अरब डॉलर हो गई।

# मुकेश अंबानी ने एक झटके में गंवा दिए 19,177 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारी उतारचढ़ाव देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में तेजी के साथ शेयर बाजार रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही मामला बदल गया। आखिरकार बीएसई सेंसेक्स 732.96 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी दो फीसदी से ज्यादा गिरावट रही। कंपनी का शेयर 2.17 प्रतिशत गिरावट के साथ 2868.50 रुपये पर बंद हुआ। इससे रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में काफी गिरावट देखने को मिली। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक शुक्रवार को अंबानी की नेटवर्थ में 2.3 अरब डॉलर यानी करीब 19,177 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इसके साथ ही अंबानी की नेटवर्थ 111 अरब डॉलर रह गई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। अंबानी भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 14.3 अरब डॉलर की तेजी आई।



इस बीच अमेरिका के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे को छोड़कर सभी टॉप 10 रईसों की नेटवर्थ में शुक्रवार को तेजी रही। दुनिया के सबसे बड़े रईस फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 4.60 अरब डॉलर की तेजी आई। इस उछाल के साथ ही उनकी नेटवर्थ 218 अरब डॉलर पहुंच गई। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर काबिज ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में 1.52 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और यह 208 अरब डॉलर पहुंच गई। एलन मस्क की नेटवर्थ में 75.9 करोड़ डॉलर की तेजी आई। वह 192 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने शुक्रवार को 3.55 अरब डॉलर की कमाई की। इस साल उनकी नेटवर्थ में 32.8 अरब डॉलर की तेजी आई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं।

**कौन-कौन हैं टॉप 10 में-** दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स 149 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। गूगल के फाउंडर लैरी पेज (149 अरब डॉलर) छठे, सर्गेई ब्रिन (141 अरब डॉलर) सातवें, स्टीव बाल्मर (141 अरब डॉलर) आठवें, वॉरेन बफे (132 अरब डॉलर) नौवें और लैरी एलिसन (130 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की नेटवर्थ में शुक्रवार को 61.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। वह 98.5 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 14वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 14.2 अरब डॉलर की तेजी आई है।


# वर्किंग प्रोफेशनल वेब के माध्यम से आईआईटी मद्रास से ई-मोबिलिटी में एम.टेक. कर पाएंगे

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए वेब के माध्यम से ई-मोबिलिटी में एम.टेक. (डब्ल्यूईएमईएम) शुरू करने जा रहा है । यह कोर्स पूरी तरह इस उद्योग के अनुरूप है।कोर्स की सामग्री इस उद्योग के प्रोफेशनलों के लिए पूरी तरह प्रासंगिक है, जो इसकी विशिष्टता है।

एमटेक प्रोग्राम की परिकल्पना शिक्षा और उद्योग जगत के विशेषज्ञों की सूझबूझ से की गई थी और इसे उद्योग की जरूरतों के अनुसार लगातार बेहतर बनाया जाएगा।

प्रोग्राम की अहमियत बताते हुए आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि ने कहा, ''आईआईटी मद्रास कई सर्टिफिकेशन प्रोग्रामों के माध्यम से ई-मोबिलिटी सेक्टर में वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए कौशल बढ़ाने के प्रोग्राम शुरू करने में सबसे आगे रहा है । ऐसे प्रोग्रामों के प्रतिभागी और ऑटोमोटिव उद्योग भी एम.टेक. प्रोग्राम शुरू करने की मांग करते रहे हैं, जो स्वाभाविक है।इसलिए हमें डब्ल्यूईएमईएम शुरू करने की खुशी है और यह विश्वास है कि यह प्रोग्राम इस क्षेत्र में हमारे मिशन को आगे बढ़ाएगा, जो राष्ट्र के मानव संसाधन का तेजी से विकास करना है।''

यह डिग्री प्रोग्राम आईआईटी मद्रास के सेंटर फॉर आउटरीच एंड डिजिटल एजुकेशन (सीओडीई) के माध्यम से शुरू किया जा रहा है । इसमें आईआईटी मद्रास से एम.टेक. डिग्री के लिए जरूरी कड़ी मेहनत पर जोर देने के साथ-साथ कोर्स को व्यावहारिक ज्ञान देने योग्य बनाने का ध्यान रखा गया है।डब्ल्यूईएमईएम का समन्वयन आईआईटी मद्रास का इंजीनियरिंग डिजाइन विभाग कर रहा है।




इसी सिलसिले में प्रोफेसर प्रताप हरिदोस, डीन, शैक्षिक पाठ्यक्रम, आईआईटी मद्रास ने कहा, ''डब्ल्यूईएमईएम की संरचना में यह ध्यान रखा गया है कि आईआईटी मद्रास से एम.टेक. डिग्री के लिए आवश्यक क्रेडिट प्राप्त हो।इसमें कोर और इलैक्टिव थियरी के कोर्स, लैब और प्रोजेक्ट होंगे ।

प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताते हुए आईआईटी मद्रास के सेंटर फॉर आउटरीच एंड डिजिटल एजुकेशन (सीओडीई) के अध्यक्ष प्रो. देवेंद्र जलिहाल ने कहा, ''आईआईटी मद्रास कैंपस से बाहर के सभी ऐकेडेमिक और आउटरीच प्रोग्रामों के लिए सीओडीई एक नोडल कार्यालय रहा है ।

प्रोफेसर एंड्रयू थंगराज, एसोसिएट चेयर, सेंटर फॉर आउटरीच एंड डिजिटल एजुकेशन (सीओडीई), आईआईटी मद्रास ने कहा, ''सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान में सही ताल मेल के लिए हमने उद्योग जगत के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया है जो कुछ कोर्स पढ़ाएंगे।प्रत्येक कोर्स के लिए नियमित असाइनमेंट देने के साथ-साथ परीक्षाएँ भी होंगी।इस तरह हम एक ठोस शिक्षा पद्धति पर काम करेंगे।''

प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी देते हुए आईआईटी मद्रास के इंजीनियरिंग डिजाइन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर सी.एस. शंकरराम ने कहा, ''यह विभाग ई-मोबिलिटी में आईआईटी मद्रास के विभिन्न प्रयासों के लिए नोडल विभाग बनकर उभरा है ।

# तनिष्क की आधुनिक आभूषणों की शानदार पेशकश ग्लैमडेज़

**रोज़ाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की रेन्ज मेक एवरीडे स्पाकरकल के लिए बनाए गए आभूषण**

**मुंबई, एजेंसी।** अक्षय तृतीया का पवित्र पर्व नज़दीक आ रहा है। इस अवसर पर भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का हिस्सा, तनिष्क ने प्रस्तुत की है रोज़ाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की शानदार और बहु उपयोगी रेन्ज - ग्लैमडेज़, जिसे दुनिया भर के डिज़ाइन्स से प्रेरित होकर बनाया गया है। शान और आधुनिक फैशन की खूबसूरती को साथ मिलाकर बनाए गए ग्लैमडेज़ के आभूषण आपकी रोज़ाना स्टाइल को और भी बढ़ाएंगे और हर महिला के वार्डरोब में एक बहुमूल्य एडिशन बनेंगे। इसमें 10000 से ज़्यादा अनोखे डिज़ाइन्स को शामिल किया गया है।



में हर दिन की सुंदरता को रोज़ाना पहनने के स्टाइलिश फिर भी बह उपयोगी आभूषणों के ही आसानी से पहन सकती हो। नाजुक खूबसूरती को दर्शाते हुए फ्लोरल पेंडंट, बोल्ड ब्रेसलेट हो, ग्लैमडेज़ में सोने और हीरों से बने रोज़ाना पहनने के आभूषणों की आधुनिक रेन्ज शामिल है। दिन भर के सोफिस्टिकेशन को शाम के ग्लैमर में बहुत ही आसानी से बदलने का जादू इन आभूषणों में है। हर दिन एक नया, खूबसूरत लूक बनाया जा सकें इसके लिए कई अलग-अलग स्टाइल्स को इसमें शामिल किया गया है। अपने उपभोक्ताओं की खुशियों को और भी सुनहरा करने के लिए तनिष्क ने सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस और डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर 20 प्रतिशत तक की छूट दी है। साथ ही तनिष्क में गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम का भी लाभ उठाया जा सकता है, जिसमें भारत के किसी

# इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उत्पादों के आयात में चीन, हांगकांग की 56 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है।



रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है। इसके मुताबिक न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है।

रिपोर्ट कहती है, ये क्षेत्र लाखों लोगों के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग हैं। हालांकि चीन से आयात पर भारत



## अश्विन को डर, यह प्रवृत्ति खेल को एकतरफा बना सकती है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के प्रमुख ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को कहा कि आधुनिक समय में बल्लेबाजी का इस तरह से विकास हो रहा है कि अविश्वसनीय पावर-हिटिंग धीरे-धीरे क्रिकेट स्टेडियमों के आकार को अप्रासंगिक बना रही है और उन्हें डर है कि यह प्रवृत्ति खेल को एकतरफा बना सकती है।



अश्विन की टिप्पणी इस साल के आईपीएल में टीमों द्वारा बनाए जा रहे बड़े स्कोर के संदर्भ में आई है। सनराइजर्स हैदराबाद ने मौजूदा सत्र में दो बार इस लीग का सबसे बड़े स्कोर (277 और 287) का रिकॉर्ड बनाया। इंपैक्ट प्लेयर नियम के आने के बाद मौजूदा आईपीएल सत्र में टीमों ने कई बार 250 रन के आंकड़े को पार किया। अश्विन ने कहा, 'कुछ समय पहले बनाए गए स्टेडियम आज के समय में प्रासंगिक नहीं हैं। उस समय जो बल्ले इस्तेमाल किए जाते थे, उनका इस्तेमाल अब गली क्रिकेट में नहीं होता है। प्रायोजकों के एलईडी बोर्डों के इस्तेमाल के कारण बाउंड्री पहले ही 10 गज कम हो गई है। अश्विन ने अपनी आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान ये बातें कही। अश्विन का मानना है कि अगर यही सिलसिला जारी रहा तो आने वाले समय में खेल एकतरफा हो जाएगा। अपनी बातों को सीधे तरीके से रखने वाले अश्विन ने कहा, 'आज के दौर में खेल एक तरफ (बल्लेबाज) बहुत ज्यादा झुका हुआ है। यह किसी को परेशान कर के किसी को खुश करने जैसा है। गेंदबाजों को मानसिक तौर पर प्रोत्साहन की जरूरत है। अश्विन ने हालांकि उम्मीद जताई कि इन परिस्थितियों में भी एक अच्छा गेंदबाज अपनी पहचान बनाएगा और अपने नए कौशल के साथ खुद को साबित करना जारी रखेगा। अश्विन ने कहा, 'जब खेल संतुलन बदलता है और आपको जवाब ढूंढने होते हैं। खुद को अलग दिखाने के लिए यह अच्छा मौका होता है।

## टी20 विश्व कप में 'इंपैक्ट प्लेयर' नहीं होने से कप्तानों को रणनीतिक रूप सोचना पड़ेगा: स्टार्क

मुंबई (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले महीने अमेरिका में टी20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को



बदलने की आजादी होती है। इसे पिछले साल लागू किया गया था। जिसके बाद टीमों आसानी से 200 रन के आस-पास स्कोर र रही हैं। मुंबई इंडियंस को आईपीएल टी20 मैच में शुक्रवार को 24 रन से हराने के बाद केकेआर के इस गेंदबाज ने कहा, 'इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है। उन्होंने कहा, 'इससे टीम के पास आठवें या नौवें क्रम तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी मौजूद रहते है। बल्लेबाजी में गहराई के कारण पावर प्ले में भी बल्लेबाज बेखौफ होकर खेलते हैं। मुंबई के खिलाफ 33 रन पर चार विकेट लेने वाले स्टार्क ने कहा कि टी20 विश्व कप में ये नियम नहीं होगा ऐसे में इसका असर स्कोर पर दिखेगा। उन्होंने कहा, 'आईपीएल में कुछ बड़े स्कोर, कुछ शानदार साझेदारियां और बल्ले से कुछ व्यक्तिगत प्रतिभाएं देखने को मिलीं। अगले महीने होने वाले विश्व कप में ऐसा कोई नियम नहीं होगा। ऐसे में यह देखना होगा कि इसका स्कोर पर क्या असर पड़ता है। उन्होंने कहा, 'आपको किसी अतिरिक्त खिलाड़ी के बिना टीम का संतुलन बनाना होगा। ऐसे में हरफनमौला खिलाड़ियों का महत्व बढ़ेगा। निश्चित रूप से विश्व स्तरीय ऑलराउंडर टीम को संतुलित करते हैं।% उन्होंने कहा, 'जब आपके पास सिर्फ 11 खिलाड़ी हों तो कप्तानों को भी थोड़ा रणनीतिक रूप से सोचना होगा।

# आईपीएल 2024 के होनहार बनेंगे भारत का भविष्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 का रोमांच जारी है। 50 से ज्यादा मुकाबले अब तक खेले जा चुके हैं। इनमें कई युवा भारतीय खिलाड़ियों ने अपना जलवा बिखेरा है। दुनिया की लोकप्रिय लीग हमेशा से युवाओं के लिए वरदान साबित हुई है। इसके जरिए तमाम खिलाड़ियों को भारतीय टीम में मौका मिला है। 17वें सीजन में भी मयंक यादव, रियान पराग जैसे युवा अपने खेल की वजह से चर्चाओं में बने हुए हैं।

### पांच खिलाड़ी जिनके प्रदर्शन ने मचाई सनसनी



| | रियान पराग | आशुतोष शर्मा | नेहल वढेरा | नितीश रेड्डी | तुषार देशपांडे |
|---|---|---|---|---|---|
| मैच | 64 | 07 | 17 | 09 | 32 |
| रन | 1009 | 159 | 340 | 219 | 35 |
| स्ट्राइक रेट | 136.17 | 189.29 | 145.92 | 154.23 | 09.71 |

### रियान पराग

राजस्थान रॉयल्स के दमदार बल्लेबाज रियान पराग ने आईपीएल के इस सीजन में अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनके बल्ले से निकलता हर शॉट उनके हुनर की गवाही दे रहा है। राजस्थान के लिए अब तक 10 मैच खेल चुके इस बल्लेबाज ने 159.14 के स्ट्राइक रेट से 409 रन बनाए हैं। मौजूदा समय में वह सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि उन्हें जल्द ही बीसीसीआई की तरफ से बुलावा आ सकता है।

### आशुतोष शर्मा

पंजाब किंग्स के स्टार फिनिशर आशुतोष शर्मा ने भी अपने प्रदर्शन से इस साल प्रभावित किया है। निचले क्रम पर उतरकर वह ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हैं। इस सीजन में उन्होंने सात मैचों में 159 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 189.29 का रहा है। 25 वर्षीय बल्लेबाज के नाम आईपीएल में एक अर्धशतक दर्ज है। माना जा रहा है कि जल्द ही उन्हें भारतीय टीम में जगह मिल सकती है।

### नेहल वढेरा

मुंबई इंडियंस के युवा बल्लेबाज नेहल वढेरा ने इस सीजन में कई उपयोगी पारियां खेली हैं। उन्होंने अपनी जुझारू पारियों से दर्शकों को प्रभावित किया है। मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने चार मैचों में 134.62 के स्ट्राइक रेट से 105 रन बनाए हैं। इस सीजन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 49 रनों का रहा है। वहीं, पिछले सीजन में भी उनका बल्ला जमकर गरजा था। 25 वर्षीय बल्लेबाज ने 14 मुकाबलों में दो अर्धशतकों की बदौलत 241 रन बनाए थे।

### नितीश रेड्डी

युवा ऑलराउंडर नितीश रेड्डी ने आईपीएल 2024 में विस्फोटक प्रदर्शन किया है। गेंद और बल्ले से वह इस सीजन में धमाल मचाते दिख रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए नितीश ने सात मैचों में 154.23 के स्ट्राइक रेट से 219 रन बनाए हैं। इस सीजन उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले। वहीं, उनका उच्चतम स्कोर 76* रनों का रहा है। इसके अलावा 20 वर्षीय खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए हैं।

### तुषार देशपांडे

चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे इस सीजन में घातक गेंदबाजी करते नजर आ रहे हैं। चेन्नई के लिए उन्होंने नौ मैचों में 10 विकेट चटकाए हैं। तुषार में भारतीय प्रशंसकों को भारत का भविष्य नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही उन्हें टीम इंडिया की तरफ से बुलावा भेजा जा सकता है।

# धर्मशाला की पिच पर चेन्नई की निगाहें पंजाब के खिलाफ लगातार दूसरे मैच को जीतने पर

### आज बल्लेबाज मचाएंगे तोड़फोड़ या बॉलिंग का चलेगा जादू

**धर्मशाला (एजेंसी)।** डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल 2024 मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपॉक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स की टीम अभी 7वें नंबर पर चल रही है और प्लेऑफ की रेस में बरकरार है। यह मैच पंजाब के दूसरे घरेलू मैदान धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होगा।



### ऐसी होगी धर्मशाला की पिच?

धर्मशाला में यह आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला होगा। हालांक इस मैदान पर लगातार मुकाबले हुए हैं। वर्ल्ड कप 2023 के दौरान भी इस मैदान पर कई मैचों का आयोजन हुआ था। पुराना रिकॉर्ड देखें तो यहां रनों की बरसात देखने को मिलनी तय है। पिछले आईपीएल सीजन यहां दो मैच हुए थे। एक मैच में 400 से ज्यादा रन बने थे तो दूसरे में 188 का टारगेट चेज हो गया था। ऐसे में बल्लेबाजों का जलवा देखने के लिए फिर तैयार रहिए।

### ओस की भूमिका नहीं रहेगी


इस मैच में ओस की भूमिका नहीं रहने वाली है। मैच दिन में 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। ऐसे में टॉस उतना अहम नहीं होने वाला है। फिर भी टॉस जीतने वाली टीम पहले बॉलिंग ले सकती है। ऐसी पिचों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान होता है। हालांकि किस्मत चेन्नई के साथ नहीं है और कप्तान रुतुराज लगातार टॉस हार रहे हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**पंजाब किंग्स-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

**चेन्नई सुपर किंग्स-** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी।

## हार्दिक पंड्या की कप्तानी पर जमकर बरसे इरफान पठान, सुनाई खरी-खरी




**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स से 24 रन से मिली निराशाजनक हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की तीखी आलोचना की। पठान ने उन महत्वपूर्ण क्षणों पर प्रकाश डाला जहां उनका मानना था कि एमआई लड़खड़ा गया था, विशेष रूप से मैदान पर पंड्या के निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित किया। जब केकेआर 57/5 पर संघर्ष कर रहा था, तब तीन महत्वपूर्ण ओवरों में नमन धीर का उपयोग करने से माहौल ठंडा हो गया।

**कप्तानी की आलोचना -** पठान ने सुझाव दिया कि मुंबई को 20 रन महंगे पड़े, जिससे केकेआर को 170 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद मिली। इरफान पठान ने इंस्टाग्राम पर कहा,मुंबई इंडियंस की कहानी आईपीएल 2024 में समाप्त हो गई है। वे कागज पर बहुत अच्छी टीम थी। लेकिन उन्हें अच्छी तरह से प्रबंधित नहीं किया गया है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी पर सवाल बिल्कुल जायज हैं। आज जब केकेआर का स्कोर 57/5 था तो आपने नमन धीर के 3 ओवर कराये गए। आपने अपना छठा गेंदबाज डाला, केकेआर को मनीष पांडे और वेंकटेश अय्यर के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी बनाने दी। यह 83 रन की साझेदारी केकेआर को 170 तक ले गई, जबकि उन्हें केवल 150 तक ही पहुंचना चाहिए था और दोनों टीमों के बीच यही डिफ्रेंस रहा।

# मैं एक स्मार्ट क्रिकेटर बनने की कोशिश करता हूं : वेंकटेश अय्यर

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता ने जब पावरप्ले में तीन विकेट गंवा दिए थे तो उनके एक छोर संभालकर वेंकटेश अय्यर ने 70 रन बनाए और टीम को 169 रन तक पहुंचा दिया। यह स्कोर मुंबई हासिल नहीं कर पाई और 145 रन ऑल आऊट होने के साथ ही उन्होंने 24 रन से यह मुकाबला गंवा दिया। अपनी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने वेंकटेश अय्यर ने कहा कि एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में, मुझे स्थिति के मामले में लचीला होना होगा। जब मैंने गेंद को अच्छे से हिट करना शुरू किया तो 2 और विकेट गिर गए और मैंने सोचा कि मुझे एंकर की भूमिका निभानी होगी। यह चौथी या 5वीं बार है जब मनीष ने पैड अप किया है। इस बार उन्हें बैटिंग करने का मौका मिला। रसेल और रमनदीप को ऊपर भेजने से बेहतर है कि मनीष को रखा जाए जो एंकर की भूमिका निभा सके।

विकेट पर बात करते हुए वेंकटेश ने कहा कि गेंद पकड़ में थी और यह दो गति वाला विकेट था। मैं एक स्मार्ट क्रिकेटर बनने की कोशिश करता हूं। मेरे लिए पीयूष चावला और तेज गेंदबाजों का पीछा करना आसान होता।



टीम को अंत तक मेरे बने रहने की जरूरत थी। वहीं गांगुली से मुलाकात के दौरान क्या बातचीत हुई पर उन्होंने कहा कि मैं दादा (सौरव गांगुली) का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उनसे अपने रुख और तकनीकी पहलुओं के बारे में पूछने गया। सार्थक बातचीत रही। यह मेरे रुख और नेट्स में अन्य पहलुओं से सामने आ रहा है।

वहीं, केकेआर कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि मेरी अभी स्टार्सी (मिशेल स्टार्क) से बात हो रही है। उन्हें मैंने बताया कि यह खेल हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण था। अगर हम इसे हार जाते तो 4 में से 2 मुकाबले प्लेऑफ तक जाने के लिए जीतने पड़ते। यह हमारे लिए खूबसूरत जीत रही। आशा है कि हमने इसे संजोकर रखा होगा। लेकिन परसों भी हमारा मैच है। श्रेयस ने इंपेक्ट प्लेयर रूल पर कहा कि निश्चित रूप से इस प्रभाव खिलाड़ी नियम से हमें इस खेल में मदद मिली है। मनीष पहले दिन से ही मौके की तलाश में था। आज उसे यह मिल गया। हम सराहनीय स्कोर तक पहुंचे। मुझे लड़कों से बस इतना कहना था कि हम अपनी गेंदबाजी लाइनअप से इसका बचाव कर सकते हैं।

**ऐसा रहा मुकाबला -** कोलकाता ने पहले खेलते हुए वेंकटेश अय्यर के 70 और मनीष पांडे के 42 रनों की बदौलत 169 रन बनाए थे। मुंबई की ओर से नुवान तुषारा ने 42 रन देकर 3, बुमराह ने 18 रन देकर 3, हार्दिक ने 44 रन देकर 2 विकेट लीं। जवाब में मुंबई की टीम 145 रन पर ही ऑल आऊट हो गई और मैच 24 रन से गंवा दिया। यह सीजन में मुंबई की 8वीं हार रही।

## डेविड वार्नर 70 प्रतिशत भारतीय और 30 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई हैं : फ्रेजर-मैकगर्क

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की युवा पावर-हिटर जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने फ्रेजर-मैकगर्क ने दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, वह (डेविड) उन सबसे निःस्वार्थ लोगों में से एक है जिनसे मैं कभी मिला हूं। उसके पास हमेशा सभी के लिए समय होता है। वह 24/7 आपकी मदद करना चाहता है। वह हर होटल में हमेशा मुझसे दो कमरे की दूरी पर रहता है। बस उसके कमरे में जाओ और हर सुबह कॉफी पिओ। उन्होंने कहा, वह ऑस्ट्रेलियाई से ज्यादा भारतीय हैं। यही मैं उनसे कहता हूं। मैं कहता हूं कि वह 70 प्रतिशत भारतीय हैं, 30 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई हैं।



फ़्रेजर-मैकगर्क ने कहा, मुझे याद है कि मेरे मन में पहला विचार आया था, वह मेरी कल्पना से थोड़ा अधिक लंबा है। मैंने सोचा था कि वह थोड़ा छोटा होगा, लेकिन वह काफी बड़ी इकाई है। वह अब तक बिल्कुल ठीक है। हम कैप के लिए (गोल्फ) खेलते हैं। जो भी हारता है उसे दूसरे व्यक्ति के लिए कैप खरीदनी पड़ती है। हमारे बीच कुछ करीबी खेल हैं, लेकिन यह करीबी नहीं होना चाहिए, क्योंकि तकनीकी रूप से मुझे अपनी विकलांगता के कारण बेहतर गोल्फ खिलाड़ी होना चाहिए, लेकिन वह काफी अच्छा खेला है।

आईपीएल के अनुभव के बारे में बात करते हुए 22 वर्षीय फ्रेजर-मैकगर्क ने कहा, वास्तव में इसमें होने और इसे बाहरी दृष्टिकोण से देखने और इसके बारे में सुनने के अंतर ने काफी अच्छी तरह से संयोजन कर लिया है। मैंने अभी तक ऐसा नहीं किया है। खेल खेलने की कोई उम्मीद है, लेकिन अभी खेलने में सक्षम होना बहुत अच्छी बात है।

# हार्दिक ने नहीं किया बाहर, मजबूरी में इम्पैक्ट प्लेयर बने रोहित शर्मा

### मुंबई प्लेऑफ की रेस से बाहर

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेलने उतरे। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से पहले टॉस के दौरान जब कप्तान हार्दिक पंड्या ने यह बताया तो फैंस के लिए चौंकाने वाला था। सोशल मीडिया पर इसके लिए हार्दिक पंड्या को ट्रोल भी किया गया। लेकिन अब उस वजह का पता चल गया है, जिसके कारण रोहित शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेलना पड़ा। वहीं मुंबई प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई।

**रोहित शर्मा के पीठ में परेशानी -** मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर पीयूष चावला ने बताया है कि सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को पीठ में थोड़ी जकड़न के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में बतौर 'इम्पैक्ट सब' खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा था। चावला ने वानखेडे स्टेडियम में मैच के बाद मीडिया से कहा, 'उन्हें पीठ में थोड़ी जकड़न थी इसलिये ऐहतियातन यह फैसला किया गया।'



**बल्ले से फेल रहे रोहित शर्मा -** इम्पैक्ट सब के तौर पर खेलने उतरे रोहित 12 गेंद में महज 11 रन ही जोड़ सके। रोहित क्रीज पर सेट होते दिख रहे थे। उन्होंने एक छक्का भी मारा था। लेकिन सुनील नरेन के खिलाफ बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। इस मैच में मुंबई इंडियंस को केकेआर से 24 रन की हार का सामना करना पड़ा। इससे पांच बार की चैम्पियन टीम इस साल के आईपीएल से लगभग बाहर हो गयी है।

**अब सम्मान के लिए खेलेगी मुंबई -** मुंबई इंडियंस की यह 11 मैच में आठवीं हार है जिससे हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली टीम के लिए प्लेऑफ के दरवाजे लगभग बंद हो गये हैं। चावला ने भी स्वीकार किया कि वे सिर्फ अब सम्मान के लिए खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'हम सम्मान के लिये खेलेंगे क्योंकि जब आप मैदान में उतरते हो तो आप यह नहीं सोचते कि आप क्वालीफाई करोगे या नहीं करोगे। आपको अपने नाम के लिए खेलना होगा और हम इसी के लिए खेल रहे हैं।'

## हार के बाद बहानेबाजी पर उतरे हार्दिक पंड्या, हार की वजहों को ढूंढने में थोड़ा समय लगेगा

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 24 रन से हार का सामना करने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि हार की वजहों को ढूंढने में थोड़ा समय लगेगा। मुंबई की टीम 18.5 ओवर में 145 रन पर आउट हो गई। टीम के लिए सिर्फ सूर्यकुमार यादव (56) ही बल्ले से बड़ा स्कोर बना पाए। पंड्या ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, जाहिर तौर पर हम साझेदारियां नहीं बना सके और विकेट गंवाते रहे। बहुत सारे सवाल है और इन सब का जवाब ढूंढने में थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने केकेआर की पारी को 169 रन तक रोकने के लिए गेंदबाजों की तारीफ की।
**बहाने बाजी पर उतरे हार्दिक -** उन्होंने कहा, गेंदबाजों ने इस पिच पर शानदार प्रदर्शन किया। अगर मैं गलत नहीं हूं तो दूसरी पारी में ओस के कारण विकेट बेहतर हो गया। हमें देखना होगा कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं। इस हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा, आप खेल में संघर्ष करना जारी रखते है। मैं अपनी टीम के खिलाड़ियों से यही कहता हूं। यह चुनौतीपूर्ण है लेकिन आप चुनौती लेना पसंद करते है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के पीए से हारने वाली हैं स्मृति ईरानीः संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा अमेठी से पहले और भी लोगों ने चुनाव लड़ा है जो गांधी परिवार के बहुत ही करीब रहे... भाजपा को क्या पड़ी है कि कौन कहां से चुनाव लड़े? मुझे स्मृति ईरानी पर बहुत दया आती है कि वे राहुल गांधी के पीए से हारने वाली हैं। ये बहुत ही सोच समझकर लिया हुआ निर्णय है... के.एल. शर्मा बहुत ही जमीनी कार्यकर्ता हैं... कांग्रेस पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता इस बार स्मृति ईरानी को परास्त करेगा। आपको बता दे की कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित कर दिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब यूपी की रायबरेली सीट से चुनाव लड़ेंगे। जबकि उनकी परंपरागत सीट अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। फिलहाल प्रियंका गांधी चुनाव मैदान से बाहर दिख रही हैं। इससे पहले उन्हें रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं।

### अब 400 पार की? बात नहीं कर रही भाजपा, दो चरणों के मतदान के बाद क्यों डर रहे हैं मोदी- कांग्रेस

**रायपुर, एजेंसी।** कांग्रेस कमेटी के सदस्य गुरदीप सप्पल ने आज पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार डरी हुई सरकार है यह सरकार जल्द ही जाने वाली है। मोदी जी जो खुद डरे है, कांग्रेस को उल्टा सलाह दे रहे है कि डरो मत। अब मोदी जी की अबकी बार 400 पार बोल कर दिखाने की हिम्मत नही हो रही। उन्होंने कहा कि मोदी इस बात का जवाब दे कि कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी चुनाव से क्यों भाग खड़ी हुई। तीन सीटें है कश्मीर में, लेकिन बीजेपी एक भी सीट पर चुनाव लडने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही। उन्होंने कहा ये वो कश्मीर है जिस कश्मीर पॉलिसी को लेकर मोदी अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानते है। उन्होंने आगे कहा पीएम मोदी डरिये मत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। आप जाइए वहां से चुनाव लड़िए आप चार सौ पार की बात करते है फिर क्यों कश्मीर की तीन सीटों को जाने दे रहे हैं। मोदी सरकार में महंगाई लोगों को चुभ रही है। पढ़ाई, दवाई, रोजमर्रा की जरूरतों को पूरी करने के लिए लोग अपनी बचत का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा मोदी जी मंगलसूत्र की बात करते है पिछले पांच वर्षों में गोल्ड लोन लगभग पांच प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने देश को इस कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां महिलाएं अपने जेवर, मंगलसूत्र गिरवी रखकर अपने घर,बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उठा रही हैं। गुरदीप सप्पल ने कहा अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो हम सबसे पहले महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए देंगे। ताकि महिलाएं अपनी बचत काट कर अपनी जरूरतों को पूरा ना करना पड़े। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने जो मंगलसूत्र गिरवी रखवा दिए उनको भी महिलाएं छुड़ाकर वापस ले आएं। महिलाओं की बेसिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कांग्रेस सरकार महिलाओं को साल में एक लाख रुपए महीने के लगभग साढ़े आठ हजार रुपए हर साल देगी।

### शहरी वोटरों से परेशान हो गया चुनाव आयोग, पहले से भी कम हो गया इस बार का मतदान

**बेंगलुरु , एजेंसी।** लोकसभा के लिए बीते दो चरणों में कम मतदान चिंता का विषय बना हुआ है। चुनाव आयोग ने भी इसपर निराशा जताई है। शुक्रवार को चुनाव आयोग ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के वोटर मतदान के प्रति ज्यादा ही उदासीन हैं। बता दें कि 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में 4 फीसदी और दूसरे चरण में तीन फीसदी की कमी देखी गई है। पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और 66.14 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी। वहीं दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 फीसदी वोट पड़े थे। पहले दो चरणों में शहरी सीटों पर मतदान में खासी कमी देखी गई है। लंबे समय से चुनाव आयोग प्रयास करता है कि शहरी सीटों वर वोटिंग बढ़े लेकिन इसका कोई फायदा नहीं दिख रहा है। उलटे इस बार वोटिंग पर्सेंट घट गया है। गाजियाबाद में इस बार 6 फीसदी कम यानी केवल 49.88 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई जो कि 2019 में 55.88 फीसदी थी।

# वीआईपी बंदियों वाली दिल्ली की तिहाड़ जेल की सुरक्षा में फिर सेंध, 4 साल में 6 कैदियों की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एशिया की सबसे सुरक्षित जेल कहलाने वाली दिल्ली की तिहाड़ जेल की सुरक्षा में एक बार फिर सेंध लग गई है। जेल नंबर-3 में शुक्रवार को दो कैदियों के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान अफगान मूल के नागरिक ने विचाराधीन कैदी को चाकू से गोद डाला।




सूचना पर पहुंची पुलिस 29 वर्षीय घायल दीपक को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच के लिए स्थानीय मजिस्ट्रेट को सूचना दी। मजिस्ट्रेट ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि मृतक 29 वर्षीय दीपक अपने परिवार के साथ शकूरपुर में रहता था। दीपक को पश्चिम विहार थाना पुलिस ने 2018 में लूट और हत्या के केस में गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि दीपक की हत्या करने वाला 44 वर्षीय अब्दुल बशीर अखोंदजादा ई-104, लाजपत नगर में रहता है। अब्दुल मूल रूप से अफगानिस्तान का रहने वाला है। अब्दुल को लाजपत नगर थाना पुलिस ने मार्च 2019 में आईपीसी की धारा 307 के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया था। अब्दुल और दीपक को जेल नंबर-3 में रखा गया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अब्दुल और दीपक के बीच शुक्रवार सुबह ही खाना खाने को लेकर झगड़ा हुआ था। उस समय जेल नंबर-3 में मौजूद अन्य कैदियों ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग कर दिया, जिसके बाद दोनों सेल में चले गए। दोपहर करीब 12.30 बजे अब्दुल ने दीपक पर हमला कर दिया। अब्दुल ने स्टील के बर्तन को नुकीला कर चाकू बनाया हुआ था, इसी चाकू से उसने दीपक के सीने पर हमला किया। नुकीला हिस्सा उसके दिल के पास लगा, जिससे वह बेसुध हो गया।

तिहाड़ प्रशासन का कहना है कि विचाराधीन कैदी पर हमले की सूचना पर क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंच गई। क्यूआरटी टीम ने दीपक को मेडिकल सहायता दी और उसे डीडीयू अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तिहाड़ जेल में कैदी की मौत के बाद जेल में सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

तिहाड़ जेल में इस समय कई वीआईपी कैदी बंद हैं। इसके बाद भी जेल में हत्या से सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। तिहाड़ की जेल नंबर दो में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित बीआरएस नेता के कविता, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बंद हैं। इसके चलते तिहाड़ में अतिरिक्त सुरक्षा बरती जा रही है। जेल नंबर दो में चार क्यूआरटी टीम, तामिलनाडु पुलिस और तिहाड़ के सुरक्षाकर्मी हर समय मौजूद रहते हैं।

## रोहित वेमुला दलित नहीं था, तेलंगाना पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट की दाखिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्र रोहित वेमुला की मौत मामले में एक स्थानीय कोर्ट के समक्ष क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रोहित वेमुला दलित नहीं था और उसने असली पहचान उजागर होने के डर से आत्महत्या की थी।



मामले की जांच करने वाली साइबराबाद पुलिस ने कोर्ट को बताया कि रोहित वेमुला अनुसूचित जाति का नहीं था और उसे इसकी जानकारी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मृतक को कई मुद्दे परेशान कर रहे थे, जिसकी वजह से वह आत्महत्या कर सकता था। बता दें कि रोहित वेमुला ने 2016 में आत्महत्या की थी। पुलिस ने कोर्ट को सौंपी अपनी रिपोर्ट में बताया कि रोहित वेमुला को पता था कि वह अनुसूचित जाति से नहीं है और उसकी मां ने उसे एससी प्रमाण पत्र दिलाया था। इसे लेकर डर रहा होगा, क्योंकि इसके उजागर होने से उसे अपनी शैक्षणिक डिग्रियां खोनी पड़ सकती हैं और अभियोजन का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद यह स्थापित करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला कि आरोपियों के कार्यों ने मृतक को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया है। आरोपियों में हैदराबाद यूनिवर्सिटी के तत्कालीन कुलपति अप्पा राव और हरियाणा के निवर्तमान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय भी शामिल थे।

## डीडीए के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की लोहे की चारदीवारी करने से भड़के खरीदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-14 में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना के फ्लैट खरीदारों ने ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की लोहे की फेंसिंग से चारदीवारी करने का विरोध जताया है। ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदारों का आरोप है कि डीडीए प्रशासन ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को खरीदने वाले लोगों को कॉमन पार्क व सामुदायिक हॉल से दूर करने के लिए यह कदम उठा रहा है। इससे पहले डीडीए के ब्रॉशर में फ्लैटों को बुक करते समय या पंजीकरण करते समय इसका कोई जिक्र नहीं किया गया था। द्वारका सेक्टर-14 में डीडीए का ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदने वाले दिवाकर सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार से डीडीए प्रशासन व प्राधिकरण के अधिकारियों की तरफ से बिना किसी सूचना के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की चारदीवारी की जा रही है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से गलत है। डीडीए की इस सोसाइटी में एलआईजी व एमआईजी फ्लैट भी मौजूद हैं। ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को खरीदने वाले लोगों को कॉमन पार्क व सामुदायिक हॉल परिसर में जाने से रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है, जबकि इसका कोई अधिकारिक पत्र डीडीए ने ईडब्ल्यूएस फ्लैट खरीदारों को जारी नहीं किया है। ईडब्ल्यूएस फ्लैट बुक करने वाले दीपक शर्मा ने बताया कि द्वारका सेक्टर-14 के पॉकेट-5 में डीडीए की पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना के तहत दिसंबर तक फ्लैट को बुक करा दिया था। यहां पर स्थित डीडीए की सोसाइटी में कुल 1008 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को लोगों ने खरीदा है। इन सभी को फ्लैटों के खरीदारी करने व अन्य दस्तावेज (पोजेशन लेटर) मार्च तक प्राप्त हो चुके हैं।

## दादा-दादी 70 साल की उम्र में पीयेंगे पोलियो ड्रॉप, हज पर जाने से पहले टीके भी लगेंगे

**हल्दवानी, एजेंसी।** दो बूंद जिंदगी की। ये स्लोगन सुनते ही एक मासूम से बच्चे की पोलियो ड्रॉप पीती तस्वीर जहन में आती है, लेकिन हल्द्वानी में हज जाने से पहले 70 साल के दादा-दादी को भी ये ड्रॉप पिलाई जाएगी। 12 मई को ड्रॉप पिलाने के साथ ही टीके भी लगाए जाने हैं।

दरअसल, सऊदी अरब ने हज यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए इस प्रमाणपत्र को अनिवार्य किया है। बड़े सामूहिक समारोह में पोलियो फैलने के खतरे से बचने के लिए सऊदी अरब ये सख्ती करता है। हर साल, दुनिया भर से लाखों मुसलमान हज के लिए मक्का में एकत्र होते हैं। सभी वयस्क, सक्षम मुसलमान जीवन में कम से कम एक बार हज करना चाहते हैं। हज यात्रा एक कठिन यात्रा है। इसके लिए गर्म मौसम में लंबा सफर यात्रियों को तय करना पड़ता है। इसलिए इस यात्रा पर शारीरिक रूप से अनफिट और पहले से मौजूद चिकित्सा संबंधी समस्याओं वाले लोगों को अनुमति नहीं मिलती।

# सावधान! कतई सुरक्षित नहीं आपके घर आ रहा दूध, दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दूध रोजाना की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाली काफी महत्वपूर्ण चीज है। सुबह की चाय से लेकर रात तक इसका इस्तेमाल होता है। लेकिन क्या आपको पता है कि जिस दूध का आप सेवन कर रहे हैं वो कितना सुरक्षित है? हम यह सवाल इसलिए पूछ रहे हैं क्योंकि इसी मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट में एक रिपोर्ट दाखिल हुई है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जो दूध दिल्ली में सप्लाई हो रहा है उसमें ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह वही दवा है जो केंद्र सरकार 2018 में बैन कर चुकी है। तब सरकार की ओर से दावा किया गया था कि दूध की पैदावार बढ़ाने के लिए मवेशियों पर इसका गलत इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे ना केवल मवेशियों बल्कि दूध का सेवन करने वाले लोगों पर भी इसका गलत असर पड़ रहा है।



केंद्र सरकार ने अप्रैल 2018 में इस दवा पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया था कि पैदावार बढ़ाने के लिए दुधारू मवेशियों पर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे न केवल मवेशियों के स्वास्थ्य पर बल्कि दूध का सेवन करने वाले मनुष्यों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इसके बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने अधिकारियों को राजधानी में गाय-भैंस रखने वाली डेरियों में ऑक्सीटॉसिन के गलत उपयोग के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि हार्मोन संबंधित दवा देना पशु क्रूरता और एक अपराध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली सरकार के औषधि नियंत्रण विभाग से साप्ताहिक निरीक्षण करने और मामला दर्ज करने को कहा। पुलिस इसकी जांच करेगी। अदालत ने दिल्ली पुलिस के खुफिया विभाग से ऑक्सीटॉसिन उत्पादन, पैकेजिंग और वितरण के स्रोतों की पहचान करने को कहा। साथ ही इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई करने को कहा। अदालत ने यह आदेश राष्ट्रीय राजधानी में डेरियों की स्थिति से संबंधित सुनयना सिब्बल और अन्य की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया है। पीठ में न्यायमूर्ति पी एस अरोड़ा भी शामिल थे। पीठ ने अदालत कमिशनर द्वारा उठायी गयी इस बात को भी दर्ज किया कि ऑक्सीटोसिन का अंधाधुंध प्रयोग मवेशियों से अधिक दूध प्राप्त कर दूध का उत्पादन करने के उद्देश्य से किया जा रह है। अदालत ने कहा, ''चूंकि ऑक्सीटोसिन को देना पशु क्रूरता है और यह पशुओं के प्रति क्रूरता से बचाव अधिनियम 1960 की धारा 12 के तहत एक संज्ञेय अपराध है, परिणामस्वरूप यह अदालत औषध नियंत्रण विभाग जीएसटीडी को निर्देश देता है कि साप्ताहिक निरीक्षण करवाये जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि ऑक्सीटोसिन के गलत उपयोग या इसे रखने के सभी मामलों को पशुओं के प्रति क्रूरता से बचाव अधिनियम 1960 की धारा 12 एवं दवा एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धार 18(ए) के तहत दर्ज किया जाए।''

# रटगर्स विश्वविद्यालय में फलस्तीन समर्थित प्रदर्शन में दिखे कश्मीरी झंडे, नाराज हुए भारतीय अमेरिकी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के सुहाग शुक्ला ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन झुक गया है। एक अन्य संगठन कोएलिशन ऑफ हिंदू ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने भी यूनिवर्सिटी प्रशासन की आलोचना की और कहा कि इससे कश्मीर के अल्पसंख्यक समुदाय को नफरत और गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। फलस्तीन के समर्थन में इन दिनों अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे ही प्रदर्शन के दौरान न्यू जर्सी स्थित रटगर्स विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों ने फलस्तीन और कुर्द झंडों के साथ ही कश्मीर के अलगाववादी झंडे भी लहराए। इस पर भारतीय अमेरिकी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की है। भारतीय अमेरिकी समूहों ने रटगर्स विश्वविद्यालय के चांसलर द्वारा कश्मीरी झंडे लहराने की अनुमति देने की आलोचना की और कहा कि इससे गलत संदेश जाएगा। शुक्रवार को रटगर्स विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे समूह ने बताया कि रटगर्स यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उनकी 10 में से आठ मांगें मान ली हैं। इसमें से एक मांग ये भी है कि दुनियाभर में जिन लोगों पर कब्जा है, उनके झंडे लहराए जाएं, जिनमें फलस्तीन, कुर्द के साथ ही कश्मीर का झंडा भी शामिल है। हालांकि ऐसी खबरें आ रही हैं कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने ऐसी कोई मांग नहीं मानी है। कई भारतीय अमेरिकी संगठनों ने इस पर नाराजगी जताई है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के सुहाग शुक्ला ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन झुक गया है। एक अन्य संगठन कोएलिशन ऑफ हिंदू ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने भी यूनिवर्सिटी प्रशासन की आलोचना की और कहा कि इससे कश्मीर के अल्पसंख्यक समुदाय को नफरत और गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। इसी झंडे के नीचे कश्मीरी हिंदुओं को उनके अपने घर से विस्थापित कर दिया गया। धर्मा विवेक नामक एक यूजर ने लिखा कि रटगर्स यूनिवर्सिटी ने सभी सार्वजनिक संस्थानों के लिए गलत उदाहरण पेश किया है। अराजकतावादियों से समझौता करना गलत है और यह जनता के विश्वास के साथ धोखा है। गौरतलब है कि रटगर्स यूनिवर्सिटी में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के छात्र पढ़ते हैं और न्यू जर्सी में भारी तादाद में भारतीय मूल के लोग रहते हैं।




## फ्रीजर में मिले पांच में से चार बच्चों के शव, फिर भी महिला को नहीं मिली सजा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां साल 2022 में एक फ्रीजर से चार बच्चों के शव मिले थे। इस मामले में एक 69 वर्षीय महिला पर आरोप लगाए गए थे। हालांकि, अब सफोल्क काउंटी के जिला अटॉर्नी ने घोषणा की है कि महिला के खिलाफ कोई आरोप दायर नहीं किया जाएगा।

जिला अटॉर्नी केविन हेडन ने 17 नवंबर, 2022 के मामले को अबतक का सबसे जटिल, असामान्य और हैरान करने वाला मामला बताया। हेडन ने मंगलवार को कहा कि जांच करने वाले अधिकारियों को यह नहीं पता चला कि बच्चे जिंदा पैदा हुए थे या नहीं। इसकी वजह से महिला के खिलाफ आपराधिक आरोप नहीं लगाने का फैसला लिया गया।

जिला अटॉर्नी कार्यालय ने कहा कि एक शख्स ने पुलिस को फोन करके बताया था कि जब पत्नी उसकी बहन के अपार्टमेंट की सफाई कर रही थी तब फ्रीजर में बच्चों के शव मिले। पुलिस दक्षिण बोस्टन के एक अपार्टमेंट में पहुंची और फ्रीजर से बच्चों के शव निकाले।

अभियोजक कार्यालय ने कहा कि बच्चों में दो लड़के और दो लड़कियां थे। बच्चों को पन्नी में लपेटकर जूतों के बॉक्स में रखा गया था। डीएनए टेस्ट से पता चला कि वे सभी भाई-बहन थे और उनके पिता की साल 2011 में मौत हो गई थी। केविन हेडन ने कहा, हम कभी नहीं जान पाएंगे कि एलेक्सिस अल्दामिर के अपार्टमेंट में पाए गए चार बच्चे कहां या कब पैदा हुए थे। हम कभी नहीं जान पाएंगे कि क्या चार बच्चे जीवित पैदा हुए थे और हम कभी नहीं जान पाएंगे कि उनके साथ क्या हुआ। हम कभी नहीं जान पाएंगे कि एलेक्सिस अल्दामिर ने अपनी गर्भावस्था को कैसे छिपाया या उसने ऐसा करने का फैसला क्यों किया।




# जंग के बीच हमास का रुख नरम, समझौते पर पहुंचने के लिए मिस्र भेजेगा प्रतिनिधिमंडल

**यरुशलम, एजेंसी।** हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। देशभर में लोग इस्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, हमास मध्यस्थता वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हो गया है। उसने सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ मिस्र में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का एलान किया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, समूह के एक प्रमुख शख्स खलील अल-हय्या प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।



**हमास का बयानन्न** हमास के बयान ने एक बार फिर बातचीत के प्रति संगठन के सकारात्मक रुख को दोहराया है। बयान में कहा गया है, हम एक समझौते पर पहुंचने के लिए मिस्र जा रहे हैं। हम हमास और फलस्तीनी प्रतिरोध बलों में एक समझौते पर पहुंचे के लिए दृढ़ हैं। हमले की समाप्ति, बंधकों की वापसी, विस्थापितों की वापसी, राहत और पुनर्निर्माण और एक गंभीर विनिमय सौदे के लिए हमारे लोगों की मांगों को पूरा करता है।

इस बीच, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरिन जीन पियरे ने दक्षिणी शहर राफा में संभावित बड़े सैन्य अभियानों के संबंध में इस्राइल को चेताया है। जीन-पियरे ने नागरिकों के जीवन की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लोगों के जीवन की रक्षा हो। हमें विश्वास है कि इस्राइल सरकार हमारी चिंताओं को ध्यान में रखने जा रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने इस्राइल और हमास दोनों से आग्रह किया है कि वे दोनों एक समझौते पर पहुंचने को प्राथमिकता दें। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में गुटारेस ने संघर्ष को बढ़ने से रोकने के लिए बातचीत के जरिए समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही कहा, गाजा के लोगों, बंधकों और उनके परिवारों, क्षेत्र और व्यापक दुनिया की खातिर मैं इस्राइल सरकार और हमास नेतृत्व को उनकी वार्ता में एक समझौते पर पहुंचने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करता हूं। हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है।

## चीन ने लॉन्च किया मिशन चांग ई-6, चांद की धूल और चट्टानों के नमूनों पर रिसर्च की योजना

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने चंद्रमा के नमूने एकत्र करने और उन्हें रिसर्च के लिए पृथ्वी पर लाने के लिए चंद्र जांच मिशन शुरू किया है। चीन ने इस अभियान का नाम मिशन चांग ई-6 दिया है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के अनुसार चांग ई-6 मिशन के अंतर्गत चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने इकट्ठा किए जाएंगे। इसके बाद इन नमूनों को पृथ्वी पर लाकर इन पर रिसर्च की जाएगी।

सीएनएसए का कहना है कि मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला प्रयास है। चांग ई-6 को लॉन्ग मार्च-5वाय 8 रॉकेट द्वारा चांद पर ले जाया गया है। इसे हैनान प्रांत के वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित किया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार चांग ई-6 में ऑर्बिटर, लैंडर, एसेंडर और री-एंट्री मॉड्यूल के रूप में चार घटक शामिल हैं। इस मिशन के तहत चंद्रमा पर मौजूद धूल और चट्टानों को इकट्ठा किया जाएगा। इसके बाद इन नमूनों को री-एंट्री मॉड्यूल में स्थानांतरित करने के लिए एसेंडर की मदद से ऑर्बिटर में ले जाया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129